आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:50 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 50, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड की उत्पत्ति का रहस्य खोलेगी आकाशगंगा 16

फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज 15







## योगी ने दिया हुनर को मंच

मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यह आयोजन युवाओं को योजनाओं की जानकारी देता है और उन्हें अपने भविष्य को संवारने का एक बेहतर मंच प्रदान करता है। कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को आधुनिक तकनीकों में दक्षता हासिल करने का अवसर मिल रहा है।
–कपिल देव अग्रवाल, कौशल विकास मंत्री

**03** लाख लोग पहुंचे यूपीआईटीएस 2024 के तीसरे दिन



प्रत्येक जिले की अनूठी शक्तियों का उपयोग अर्थव्यवस्था में हो रहा है। 2025 तक उत्तर-प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए प्रतिबद्ध है।
–नंद गोपाल नंदी, औद्योगिक विकास एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री

## आकर्षण का केंद्र



**ट्रेड शो में राधा-कृष्ण** यूपीआईटीएस 2024 में यह राधा-कृष्ण की यह मूर्ति बरबस लोगों का ध्यान खींच रही है।

# एआई के जरिए श्रीराम के जीवन के प्रसंगों का भावपूर्ण और भव्य चित्रण

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा/लखनऊ

**▶▶ रामायण दर्शन : पुरातन वैभव के साथ नजर आ रही अयोध्या जुट रही लोगों की भीड़**

**अमृत विचार :** इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित किए जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2024) के द्वितीय संस्करण में एक स्टाल ऐसा भी है जिसका विषय कारोबारी नहीं बल्कि धार्मिक आस्था है।यहां आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के माध्यम से भगवान राम के जीवन के हर महत्वपूर्ण क्षण का प्रभावशाली और मनमोहक चित्रण किया गया है।

रामायण दर्शन के नाम से इस पवेलियन में अयोध्या को उसके पुरातन वैभव की कल्पना के अनुरूप वास्तविक छवि में प्रस्तुत किया गया है । साथ ही भगवान राम के जीवनकाल से जुड़े प्रसंगों को भी भव्य तरीके से दर्शाया गया है। इसमें गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण, सीता स्वयंवर, वनवास, सीता हरण, लंका दहन और रावण वध प्रमुख हैं।

इस मनोरम पवेलियन में इन सभी छवियों के बीच बैकग्राउंड में बजता 'राम सिया राम' का संगीत इसकी आभा को निखार रहा है। एआई के माध्यम से निर्मित छवियों में रामायण के सभी पात्रों में सादगी और वैभव, वास्तविकता और विरासत तथा अध्यात्म व आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। लोग यहां पर आकर सेल्फी भी ले रहे हैं और संपूर्ण रामायण का साक्षात्कार कर प्रभु श्रीराम के प्रेरक प्रसंगों की छवि को खुद में आत्मसात कर रहे हैं।




यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बनाए गए रामायण से संबंधित चित्रों ने सबका ध्यान खींचा।

### उच्च शिक्षा की उपलब्धियों से परिचित करा रही सरकार

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा/लखनऊ :** यूपीआईटीएस के द्वितीय संस्करण में उच्च शिक्षा विभाग ने भी अपना स्टॉल लगाया है। यहां उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगी सरकार द्वारा किए जा रहे अभिनव प्रयासों और उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया है जो उत्तर प्रदेश को एक शैक्षणिक हब के रूप में उभरता हुआ प्रदर्शित कर रहा है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी 2020) के क्रियान्वयन को भी यहां विस्तार से प्रचारित किया जा रहा है। इसमें त्वरित डिग्री पूरा करने के विकल्प, चार-वर्षीय स्नातक कार्यक्रम की शुरुआत, बहुविषयकता और निरंतर आंतरिक मूल्यांकन (सीआईई) शामिल हैं। इसी के साथ, शिक्षा में आईसीटी के उपयोग के विषय में भी जानकारी दी गई है। उत्तर प्रदेश में एनईपी के अनुसार क्षेत्रीय भाषाओं को उच्च शिक्षा में प्राथमिकता दी जा रही है। सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में भाषा केंद्रों की स्थापना की गई है और स्थानीय भाषाओं में ई-सामग्री विकसित की जा रही है, ताकि शिक्षा अधिक सुलभ हो सके। इसी प्रकार भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) का भी प्रचार किया गया।

### तीसरे दिन लेजर शो और फैशन शो ने खींचा ध्यान

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन लेजर शो और खादी फैशन शो आकर्षण का केंद्र रहे। सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों की प्रस्तुति ने भी समां बांध दिया। कार्यक्रम के तीसरे दिन नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली, गुड़गांव, गाजियाबाद फरीदाबाद ही नहीं, बल्कि दूसरे शहरों, राज्यों और विदेशों से आने वाले बॉयर्स की भी काफी भीड़ देखने को मिल रही है। बॉयर्स की अच्छी-खासी भीड़ देखकर कारोबारियों में काफी उत्साह है। एक अनुमान के मुताबिक शुक्रवार को तकरीबन साढ़े तीन लाख लोग पहुँचे। उम्मीद की जा रही है कि शनिवार और रविवार को और अधिक भीड़ जुटेगी।

### पिछले वित्तीय वर्ष में 20.57 बिलियन डॉलर पहुंचा निर्यात




**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** फेडरेशन ऑफ एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (एफआईईओ) द्वारा आयोजित नेविगेटिंग द ग्लोबल मार्केट प्लेस : पोटेंशिल, चैलेंज एंड स्ट्रेटजीस फॉर इंडियन एक्सपोर्ट विषय पर हुए सेशन में प्रदेश सरकार के माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज, खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज , हैंडलूम एंड टैक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश के निर्यात ने 20 .57 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आकड़े को छू लिया था। वृद्धि का महत्वपूर्ण हिस्सा हमारे एमएसएमई के प्रयासों का कारण है।

# ऑर्गेनिक पर जोर , ओडीओपी की चर्चा चहुंओर

**यूपीआईटीएस 2024 तीसरा दिन**

## बरेली के गाय के गोबर से बनी पेंटिंग व अलीगढ़ के मेटल क्रॉफ्ट की मांग

## बांग्लादेश के हालात के बीच ग्रेटर नोएडा के टेक्सटाइल स्टॉल पर बढ़े विजिटर्स

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में विजिटर्स आर्गेनिक उत्पादों पर खासा जोर दे रहे हैं। लगभग हर पवेलियन पर दर्शक आर्गेनिक उत्पादों को ढूंढकर खरीद रहे हैं। दर्शकों में यूपी के एक जिला एक उत्पाद को लेकर क्रेज साफ दिखता है। शायद यही कारण है कि ओडीओपी पवेलियन में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। दर्शकों को अलीगढ़, मेरठ, बांदा, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर समेत अलग अलग जिलों के उत्पाद खूब भा रहे हैं।

**दर्शकों को भा रहे अलीगढ़, मेरठ, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर और बांदा के उत्पाद**

बुलंदशहर से ट्रेड शो घूमने आयी अंजना कहती हैं कि ओडीओपी उत्पादों की गुणवत्ता बहुत अच्छी होती है। इन उत्पादों में मिलावट नहीं होती। गत वर्ष भी वो ट्रेड शो में शॉपिंग करने आई थीं। अंजना ने सिद्धार्थनगर का काला नमक चावल खरीदा। ट्रेड शो में देशी गुड़, हींग, घी समेत अचार, मुरब्बा आदि के स्टॉल पर भीड़ लगी थी। हाथरस की हींग बेच रहे दुकानदार ने बताया कि हम सौ प्रतिशत शुद्धता की गारंटी देते हैं। शायद यही वजह है कि लोग उत्पाद को पसंद कर रहे हैं।

अलीगढ़ मेटल क्रॉफ्ट स्टॉल पर शुक्रवार को दिन भर महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ रही। स्टॉल संचालक कृष्ण कुमार वासनिक ने बताया कि भगवान की मूर्ति, सजावटी उत्पाद समेत ग्रास के ट्री, लैंप, दीपक आदि बेच रहे हैं। बकौल कृष्ण भगवान की मूर्ति सबकी पसंदीदा हैं। बालाजी की प्रतिमा लगभग हर भक्त खरीद रहा है। स्टॉल पर 100 रुपये से लेकर 2 लाख रुपये तक की प्रतिमाएं मौजूद हैं।



ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में तीसरे दिन मूर्तियों के स्टाल पर लगी भीड़।

### योगी की पेंटिंग खरीदने की होड़

ओडीओपी पवेलियन में एक स्टॉल ऐसा भी था, जहां यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पेंटिंग दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बन रही थी। कई दर्शकों ने यह पेंटिंग खरीदने की कोशिश की लेकिन बरेली की रचना अग्रवाल यह कहकर मना कर देती कि यह बेचने के लिए नहीं है। रचना अग्रवाल ने बताया कि दरअसल, स्टॉल में लगी सभी पेंटिंग गाय के गोबर से बनाई गई हैं। इनमें प्राकृतिक रंगों का ही प्रयोग किया गया है। रचना अग्रवाल की मां मधुबनी, वर्ली, लिप्पन आर्ट की पारंगत है। ये पेंटिंग 8-10 साल तक चलती हैं। रचना ने बताया कि वो योगी आदित्यनाथ से मिलकर उन्हें उनकी पेंटिंग गिफ्ट करना चाहती हैं, इसलिए इसे बेच नहीं रही।

### कपड़ा कारोबारियों की उम्मीद बढ़ी

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में ग्रेटर नोएडा के टेक्सटाइल बिजनेस को लेकर दर्शकों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इसके पीछे एक बड़ा कारण बांग्लादेश के अंदरूनी हालात भी है। कारोबारियों ने बताया कि बांग्लादेश टेक्सटाइल का बड़ा निर्यातक है। लेकिन वर्तमान हालातों में निर्यात प्रभावित हो रहा है। ऐसे में भारत के पास बढ़िया मौका है कि वो टेक्सटाइल बिजनेस को अलग अलग देशों तक फैलाए। कारोबारियों को उम्मीद है कि गौतम बुद्ध नगर और लखनऊ इस सेक्टर में तेजी से ग्रोथ करेंगे। इसके अलावा दर्शकों ने फिरोजाबाद की चूड़ियां, कन्नौज का इत्र, बलिया का सत्तू भी खूब खरीदा।

## कारोबारियों के सपनों को मिल रही उड़ान

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** उत्पाद बनाने वाले हर कारोबारी का एक बड़ा सपना होता है कि उसके उत्पाद को विदेशों में भी पंसद किया जाए। यूपीआईटीएस 2024 कारोबारियों के सपने को नई उड़ान दे रहा है। उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दो दिनों में कई विदेशी ऑर्डर मिलेंगे, जो उनके उत्पादों को एक्पोजर में सहायक सिद्ध होंगे।

### नहीं ढूंढ़ने पड़ रहे खरीदार : चेतन




वृंदावन के डिवाइन कॉपर के फाउंडर चेतन खंडेलवाल कहते हैं कि पहले बॉयर्स को ढूंढने की जरूरत पड़ती थी, लेकिन इस बार आसानी से मिल रहे हैं। पिछले साल तीन देशों से ऑर्डर मिले थे। इस बार भी ऑट्रेलिया से ऑर्डर मिला है।

### अच्छे कारोबार की उम्मीद : रुचि



कानपुर स्थित रास बॉयोसॉल्यूशन की प्रमुख रुचि खन्ना ने कहा कि हम पिछले 15 साल से अपना कारोबार कर रहे हैं । पिछले तीन दिनों के अंदर हमें वियतनाम, युगांडा, आस्ट्रेलिया सहित कई देशों के बॉयर्स मिले हैं।

### मिल रहे विदेशी खरीदार : दीपक



हापुड़ के मदर नेचर हर्बल अपैरल्स के एमडी दीपक पांडे क्यूबा, यूके, स्पेन, तुर्की, जिम्बाब्वे के बॉयर्स मिलने से उत्साहित हैं। वह कहते हैं कि यह सब मुख्यमंत्री योगी की पहल की वजह से संभव हो रहा है। हमारे उत्पाद हर्बल हैं, जो पर्यावरण के साथ ही स्किन के लिए भी लाभकारी है।

### मिल रहा एक्सपोजर : शाहरुख



मुरादाबाद स्थित शान इम्पैक्स के प्रमुख मो . शाहरूख कहते हैं कि हमें अभी कुछ देशों से ऑर्डर मिल चुका है, जबकि कई और देशों के ऑर्डर पाइप लाइन में हैं। मुख्यमंत्री योगी की पहल की वजह से उनके उत्पादों को इंटरनेशनल एक्सपोजर मिल रहा है, जो उनके लिए बहुत गर्व की बात है।

## लखनऊ

## हज के लिए ऑनलाइन आवेदन अब 30 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** हज कमेटी ऑफ इंडिया मुम्बई ने हज-2025 के लिए ऑनलाइन हज अवेदन की समय सीमा 7 दिन बढ़ा दी है। हज पर जाने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि पहले 23 सितम्बर थी, जिसे बढ़ाकर अब 30 सितम्बर कर दिया गया है।

हज आवेदक हज कमेटी ऑफ़ इंडिया की वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सचिव / कार्यपालक अधिकारी एसपी तिवारी ने बताया कि अवकाश के दिनों में भी कार्यालय ऑनलाइन आवेदन भरे जाने के लिए खुला रहेगा। आवेदन के लिए प्रत्येक जिले में ई-सुविधा केन्द्र कार्यरत हैं।

# उप्र अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष बने बैजनाथ रावत

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**▶▶ 16 सदस्यों की भी हुई घोषणा, तीन महिलाएं शामिल**

**अमृत विचार:** राज्य सरकार द्वारा उप्र. अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग का नया अध्यक्ष पूर्व विधायक बैजनाथ रावत को बनाया गया है। आयोग में उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक बेचन राम व सोनभद्र के जीत सिंह खरवार को बनाया गया है, साथ ही तीन महिला समेत 16 सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने शुक्रवार को सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयोग के पदाधिकारी समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति-जनजाति को जोड़ने का प्रयास भी करेंगे।

**आयोग में नियुक्त सदस्य**

मेरठ के हरेंद्र जाटव, नरेंद्र सिंह खजूरी, सहारनपुर के महिपाल वाल्मीकि, बरेली के संजय सिंह, उमेश कठेरिया, आगरा के दिनेश भारत, हमीरपुर के शिव नारायण सोनकर, औरेया की नीरज गौतम, लखनऊ के रमेश तूफानी, आजमगढ़ के तीजाराम, मऊ के विनय राम, गोंडा की अनिता गौतम, कानपुर के रमेश चंद्र,भदोही के मिठाई लाल, कौशाम्बी के जितेंद्र कुमार और अंबेडकर नगर की अनिता कमल।

## आईपीएस जुगल किशोर का निलंबन वापस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश पुलिस में डीआईजी फायर रहे आईपीएस जुगल किशोर तिवारी को शासन ने बहाल कर दिया है। वह उन्नाव में तैनात फायर विभाग के एक सिपाही को विभागीय जांच में क्लीन चिट देने के मामले में निलंबित चल रहे थे।

बता दें कि बीते 10 जुलाई को आईपीएस अधिकारी जुगल किशोर को सस्पेंड कर दिया गया था। आचरण नियमावली का पालन ना करने के चलते उनपर यह कार्रवाई की गई थी। आरोप था कि आईपीएस जुगल किशोर ने अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर दो साल से ज्यादा छुट्टी पर रहे एक फायरमैन की सुनवाई करते हुए नियमों के परे जाकर उसे लाभ पहुंचाया था।

# सेवानिवृत्तआईएएस मोहिंदर 5 अक्टूबर को ईडी में तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ फ्लैट खरीदारों से ठगी के मामले में पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे थे पूर्व आईएएस अफसर**

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ इकाई ने नोएडा के फ्लैट खरीदारों से ठगी के मामले में सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी मोहिंदर सिंह को पूछताछ के लिए पुनः तलब किया है। इससे पहले उन्हें बुधवार को बुलाया गया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे और न ही उन्होंने ईडी को कोई जानकारी दी।

बतादें कि ईडी ने छापेमारी में मोहिंदर सिंह के ठिकानों से बरामद संपत्तियों के दस्तावेजों की पड़ताल की थी। अब उनसे इन संपत्तियों में निवेश की गई रकम के स्रोत के बारे में पूछताछ हो सकती है। इसके अलावा हैसिंडा प्रोजेक्ट से संबंधित कामकाज देखने वाले अथॉरिटी के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। ईडी को उनकी कुछ बेनामी संपत्तियों की जानकारी भी मिली है। पिछले दिनों ईडी ने मोहिंदर सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी।

**इनसे भी होगी पूछताछ**

नोएडा अथारिटी के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी मोहिंदर सिंह के अलावाल एचपीपीएल व क्लाउड नाइन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक रहे सुरप्रीत सिंह सूरी, विदुर भारद्वाज, निर्मल सिंह, आदित्य गुप्ता, आशीष गुप्ता से भी पूछताछ की जाएगी।

# 53 जिलों के एआरटीओ प्रवर्तन का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**▶▶ प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य प्राप्त न हो पाने पर परिवहन आयुक्त ने की बड़ी कार्रवाई**

**अमृत विचार:** प्रदेश के परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रदेश के 53 जनपदों के एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए हैं।यह जानकारी अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) ए के सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्रदेश के 53 जनपदों में प्राप्त नहीं किया जा सका,जिसके कारण एआरटीओ (प्रवर्तन) का सितंबर माह का वेतन रोके जाने का निर्णय मुख्यालय स्तर से लिया गया है।

अपर परिवहन आयुक्त ने बताया कि मुख्यालय स्तर से लगातार निर्देश दिए जाते हैं कि प्रशमन शुल्क के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किये जाने के लिए फील्ड में तैनात अधिकारी प्रयास करें। फील्ड में तैनात प्रवर्तन अधिकारी अपने-अपने जनपदों में प्रशमन शुल्क प्राप्ति में रुचि नहीं दिखा रहे हैं जो कि शासन और मुख्यालय के निर्देशों की अवहेलना है।

**कवायद** 2027 तक देश में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य

# प्रदेश में 25 लाख घरों की छत पर लगेगा सोलर पैनल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▶▶ पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने में लखनऊ अव्वल**

**▶▶ वाराणसी, कानपुर, आगरा और प्रयागराज टॉप फाइव में**

**अमृत विचार :** सौर ऊर्जा के जरिए जनता को लगभग निःशुल्क बिजली देने का अभियान उप्र. में तेजी से आगे बढ़ रहा है। घर की छतों पर सोलर रूफ टॉप पैनल लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी 75 जिलों के लिए अलग-अलग लक्ष्य तय किया है। साल 2027 तक उप्र. में जहां 25 लाख घरों की छत पर सोलर पैनल लगेगा, वहीं देश में 1 करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने की तैयारी है।

इसी साल शुरू हुई पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत मात्र सात महीने में ही लखनऊ में सर्वाधिक रूफ टॉप पैनल इंस्टॉल किये गये हैं। इसी क्रम में वाराणसी, कानपुर, आगरा और कानपुर नगर टॉप फाइव में हैं।

**11 हजार से अधिक सोलर पैनल लगाए गए 7 माह में**

हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा भी की है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रदेश में लखनऊ जनपद में सर्वाधिक 11,435 सोलर रूफ टॉप पैनल क्रियाशील कर दिये गये हैं।

वहीं दूसरे नंबर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में इस योजना के अंतर्गत अबतक 4088 सोलर पैनल इंस्टॉल हो चुके हैं। ऐसे ही कानपुर में 1909, आगरा में 1364 और प्रयागराज में 1349 रूफ टॉप पैनल लगाए गए हैं।

**17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन**

उप्र . में पीएम सूर्य घर योजना के लिए अबतक 17 लाख 75 हजार से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इनमें से 32 हजार से अधिक घरों में रूफ टॉप पैनल इंस्टाल किये जा चुके हैं। बता दें कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत एक किलोवॉट क्षमता के रूफ टॉप पर केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार रुपए और प्रदेश सरकार की ओर से 15 हजार रुपए यानी कुल 45 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। ऐसे ही दो किलोवॉट के लिए केंद्र द्वारा 60 हजार रुपए और प्रदेश सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 90 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। वहीं तीन किलोवॉट और उससे ऊपर के लोड के लिए केंद्र द्वारा 78 हजार रुपए और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपए यानी कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी जी जा रही है।

## सार-संक्षेप



शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल ने अपनी मां संगीता और पिता आशीष के साथ शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

### पुलिसकर्मियों को जल्द मिलेंगी आवासीय सुविधाएं

**अमृत विचार , लखनऊ :** गृह विभाग ने पुलिसकर्मियों को आवासीय सुविधाएं देने के लिए कई प्रस्तावों को मंजूरी दी है। कानपुर नगर के बिधनू के अंतर्गत नवीन थाना सेन पश्चिम पारा में आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 8 .27 करोड़ की स्वीकृति की गई है। इसके अलावा आगरा स्थित छीपाटोला पुलिस क्लब कॉलोनी में 96 आवासीय भवनों के लिए 35 .21 करोड़ की मंजूरी दी गई है। बिजनौर के अफजलगढ़ में टाइप बी के 48 नग आवासों की मंजूरी दी गई है। इसके लिए 22 .98 करोड़ की धनराशि जारी करने की भी संस्तुति कर दी गई है। रामपुर में अग्निशमन केंद्र के कार्मिकों के लिए भी लंबे समय से आवासीय व्यवस्था करने की मांग चल रही थी। ऐसी स्थिति में गृह विभाग ने रामपुर में आवासीय सुविधाओं के लिए 12 .82 करोड़ रुपये की संस्तुति की गई है।

### महात्मा बुद्ध कृषि विश्वविद्यालय को फिर मिले 45 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि कुशीनगर में निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए शासन द्वारा 45 करोड़ रुपये की संस्तुति की है। यह विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान से उप्र . के कृषकों की आय को दुगनी करने तथा कृषि को धारणीय बनाने में सहयोग करेगा। साथ ही उन्होंने शुक्रवार को बताया कि मृदा एवं जल संरक्षण अनुसूचित जातियों के लिए नेशनल मिशन फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर के अंतर्गत नमामि गंगे योजना और अन्य के लिए 3 .51 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

### पुरस्कार के लिए 6 अक्टूबर तक करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से न्यूनतम 03 वर्ष पुरानी स्थापित इकाइयों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में पुरस्कार देने के लिए उद्यमियों/इकाईयों और लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।। इकाइयां 06 अक्टूबर तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेंद्र प्रताप ने बताया कि संबंधित इकाई को अपना नाम, वित्त पोषण का वर्ष और उत्पादन का नाम एवं प्रकार का विवरण देना होगा। साथ ही बिक्री और रोजगार के आंकड़े भी देने होंगे। जिला स्तर पर गठित चयन समिति आवेदनों का चयन कर परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय को भेजेगी। चयनित उद्यमियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा।

### ड्यूटी से नदारद रेहरा बाजार पीएचसी के प्रभारी हटाए गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर के रेहरा बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के डॉ . उत्कर्ष मिश्रा को ड्यूटी में नदारद रहने के आरोप के बाद पीएचसी से हटा दिया गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक बृजेश राठौर ने बताया कि डॉ . उत्कर्ष को मथुरा बाजार पीएचसी में स्थानान्तरित कर दिया गया है। उनकी जगह सादुल्लाहनगर सीएचसी के डॉ . मंशा लाल को अतिरिक्त जिम्मेदारी दे दी गई है। साथ ही जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी कर दी गई है। रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर मांगी गई है। यह कार्रवाई उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर हुई ।

आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी 02:50 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 50, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ब्रह्मांड की उत्पत्ति का रहस्य खोलेगी आकाशगंगा 16
फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज 15

## एक नजर

### केरल में एमपॉक्स का एक और मामला सामने आया

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का एक और मामला सामने आया है। भारत में एमपॉक्स का यह तीसरा मामला है। 29 साल का युवक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से केरल के एर्नाकुलम लौटा था। बताया जा रहा है कि उसे तेज बुखार था और जांच में एमपॉक्स की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी स्ट्रेन का पता नहीं चला है। केरल के स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मरीज का कोच्चि के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके सैंपल पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी में जीनोमिक सीक्वेंसिंग के लिए भेजे गए हैं। जांच के बाद पता चलेगा कि मरीज एमपॉक्स के खतरनाक और तेजी से फैलने वाले क्लैड-1बी स्ट्रेन से संक्रमित है या नहीं।

### ब्रह्मोस एयरोस्पेस में पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण

**नई दिल्ली।** सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण करने वाले ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी की तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा समेत अन्य शाखाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए पदों को आरक्षित करने का फैसला किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस विभिन्न कार्यक्षेत्रों में अग्निवीरों के लिए रिक्तियों को आरक्षित करने की घोषणा करने वाली रक्षा क्षेत्र की पहली अग्रणी कंपनी है। कंपनी के एक आदेश में कहा गया है कि तकनीकी और सामान्य प्रशासन में कम से कम 15 प्रतिशत रिक्तियां अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी।

# भारी बारिश से खेत में खड़ी धान मक्का व गन्ने की फसलें गिरीं

## पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

- प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश कर लौट रहा मानसून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश से मानसून कई जिलों में झमाझम बारिश करते हुए वापसी कर रहा है। 24 घंटों के दौरान कई जिलों में भारी बारिश हुई है। गरज-चमक के साथ हुई भारी बरसात ने उमस से राहत तो दी, लेकिन धान, मक्का और गन्ने आदि की खड़ी फसलें खेतों में बिछ गईं। इसका बड़ा कारण बारिश के दौरान तेज हवाओं का चलना भी रहा। अयोध्या, अमेठी, अंबेडकर नगर, बहराइच आदि जिलों में खड़ी फसलों के गिरने से किसानों का बड़ा नुकसान हुआ है।

राज्य के तराई क्षेत्र के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और आसपास के इलाकों में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक गरज चमक के साथ भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पूर्वी, तराई और अवध क्षेत्र के लगभग 30 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों को छोड़कर पूरे राज्य में अगले 24 घंटे बादल जमकर बरसेंगे। शुक्रवार को कानपुर, कन्नौज, बांदा ,गोरखपुर, बहराइच, सुल्तानपुर, अयोध्या, रायबरेली आदि में अच्छी बरसात हुई।

राजधानी लखनऊ में भी गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश का सिलसिला शुक्रवार तक जारी रहा। सुबह से हुई बारिश से शहर सराबोर दिखा। बारिश के साथ तेज हवाओं ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। तापमान में अच्छी खासी गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक एम. दानिश ने बताया कि शनिवार को भी मौसम ऐसा ही रहने की उम्मीद है। रविवार से बारिश के कमजोर पड़ने के संकेत हैं। हालांकि, रविवार को भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में छिटपुट बारिश जारी रहने की संभावना है।

फिलिप कैपिटल इंडिया में कमोडिटीज रिसर्च के वाइस प्रेसीडेंट अश्विनी बंसोड़ का तर्क है कि सितंबर के चौथे सप्ताह और अक्टूबर की शुरुआत में भारी बारिश के कारण अगैती फसलों की बोआई प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसका असर बारिश की मात्रा व अवधि पर निर्भर होगा। अगर अक्टूबर के शुरुआती 15 दिन तक बारिश होती है तो खेतों में पानी जमा होने से फसलों को ज्यादा पहुंच सकता है।



अयोध्या में बारिश के बाद खेत में गिरी धान की फसल।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अभी सुधार नहीं

प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में अभी सुधार नहीं है। प्रमुख नदियां उफनाई हुई हैं। मौसम विभाग ने 29 सितंबर तक भारी बारिश का अनुमान लगाया है। लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, सीतापुर, बाराबंकी और गोंडा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है तो वहीं हरदोई, बस्ती, लखनऊ और सिद्धार्थनगर में ऑरेंज अलर्ट लागू है। अन्य जिलों में भी बारिश के आसार हैं। इन जिलों में राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।

> इस तरह की बारिश पूर्व में हुई कम बरसात की भरपाई नहीं है। बारिश के बीच हवाएं चलने से फसलों को नुकसान अवश्य पहुंचा है। फसलों को बारिश ही नहीं, रोशनी भी चाहिए। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण दोनों के बीच पहले जैसा तालमेल नहीं हो पा रहा है। यानी नदियों-तालाबों के बजाय अब समुद्री पानी वाष्पित होकर बादल बन बरस रहा है, इसलिए कृषि भी प्रभावित है।
> – डॉ. अवधेश मिश्रा, कृषि विशेषज्ञ, उप्र.

# मुरादाबाद में युवक की मौत पर पुलिसकर्मियों को दौड़ाकर पीटा

## अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर-ट्राली का पीछा कर रहे थे पुलिसकर्मी

- चालक की मौत पर भड़का गुस्सा दो घंटे तक बवाल, पथराव
- दो नामजद समेत चार पुलिस कर्मियों हत्या की रिपोर्ट
- सीओ ठाकुरद्वारा हटाए गए, एसएचओ समेत सात निलंबित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में पुलिस वालों को लाठी-डंडे लेकर दौड़ाते ग्रामीण।

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर-ट्राली का पीछा कर रही पुलिस को चालक की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए ग्रामीण उग्र हो गए। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। दो घंटे तक ग्रामीणों और पुलिस में जमकर संघर्ष हुआ। लाठी-डंडे लेकर गुस्साई भीड़ पुलिस के पीछे पड़ गई, जमकर पथराव किया।

पानी से भरे धान के खेत से भागकर पुलिस कर्मियों ने जान बचाई। उग्र भीड़ ने कुछ पुलिस कर्मियों को बंधक बनाकर वर्दी फाड़ दी और पिटाई की। सूचना पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पीएसी और भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। मृतक के पिता ने दो नामजद समेत चार पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। एसएसपी ने सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार को हटा दिया है, जबकि एसएचओ ठाकुरद्वारा, दो दरोगा और चार सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। थाना क्षेत्र तरफ दलपतपुर गांव निवासी धर्मपाल का बेटा लोकेश उर्फ मोनू (25) ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी डालने का काम करता है। लोकेश शुक्रवार तड़के 3 बजे ट्रैक्टर-ट्राली लेकर खेत पर गया था। अवैध खनन की आशंका में पुलिस वालों ने अपनी गाड़ी से उसका पीछा कर लिया। पुलिस से बचने के लिए लोकेश ट्रैक्टर भगाने लगा। इसी दौरान उसकी ट्रैक्टर के पहियों के नीचे दबकर मौत हो गई। सुबह तक जब वह घर पर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रोड से नहर वाले रास्ते से 50 मीटर दूर खेत में मोनू का शव मिला। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के टायर से दबे शव को निकालकर पास ही सड़क पर रख दिया और पुलिस वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सुबह 8 बजे सूचना पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीण अवैध खनन को लेकर वसूली का पैसा नहीं देने पर सिपाही अनीस और नरेश समेत गाड़ी में सवार चार पुलिसकर्मियों पर मोनू की हत्या का आरोप लगाने लगे।

# चार हत्याओं के दोषियों को सुनाई फांसी की सजा

- कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को तब तक फांसी पर लटकाए रखने का आदेश दिया जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में महिला व उसके तीन बच्चों की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने शुक्रवार को दो आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है। यही नहीं, कोर्ट ने कहा कि दोनों को तब तक फांसी पर लटकाए रखा जाए जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए। कोर्ट ने अभियुक्तों को अलग-अलग धाराओं में भी सजा सुनाते हुए 70/70 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के बसंतापुर गजाधरपुर और मदनकोठी में तीन बच्चों व एक महिला की निर्मम हत्या कर दी गई थी। महिला मेरी कात्यान मुंबई की रहने वाली थी। दिल दहला देने वाली घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त था। पुलिस ने 10 सितंबर 2021 को हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। घटना में विवेचना के दौरान तत्कालीन विवेचना अधिकारी ने घटना का खुलासा करते हुए थाना क्षेत्र के तेलियनपुरवा ततेहरा गांव निवासी अभियुक्त ननकू व सलमान को नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था। मुकदमे में थाने की पुलिस व तत्कालीन डीजीसी रहे मुन्नूलाल मिश्रा ने सत्र न्यायाधीश की कोर्ट पर कड़ी पैरवी की थी। इस मामले की सुनवाई कोर्ट में लगातार चली। इस दौरान करीब 24 गवाहों को पेश किया गया था। शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय पवन कुमार शर्मा की कोर्ट में सुनवाई के दौरान डीजीसी गिरीशचद्र शुक्ला व एडीजीसी प्रमोद सिंह ने घटना को वीभत्स बताते हुए अभियुक्तों को फांसी की सजा दिलाने की दलील पेश की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने व साक्ष्यों के आधार पर ननकू व सलमान को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ननकू व सलमान को तब तक फांसी पर लटकाया जाए, जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए। वहीं, हत्याकांड का एक अभियुक्त दानिश नाबालिग है। उसका केस जेनुवेल कोर्ट में चल रहा है। मालूम हो कि मेरी कात्यान तीन बच्चे मुंबई के रहने वाले थे। उनकी हत्या कर शव अलग अलग स्थानों पर फेंका गया था। कहीं खेत तो कहीं तालाब के निकट शव मिले थे। जिससे हत्या की गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस को काफी मेहनत करनी पड़ी थी।

### अलग-अलग मिले थे महिल व उसके तीन बच्चों के शव

महिला व उसके तीन बच्चे मुंबई के रहने वाले थे। उनकी हत्या कर शव अलग अलग स्थानों पर फेंका गया था। कहीं खेत तो कहीं तालाब के निकट शव मिले थे। जिससे हत्या की गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस को काफी मेहनत करनी पड़ी थी।

## प्रसाद विवादः जांच के लिए एसआईटी गठित

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में चढ़ाए जाने वाले लड्डू में पशु चर्बी मिलाए जाने के मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) नियुक्त किया है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल में आरोप लगाया था कि राज्य में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की पूर्ववर्ती सरकार ने वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डुओं को बनाने के लिए घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया। उन आरोपों के कारण देश में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया और करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं। मुख्य सचिव नीरभ कुमार प्रसाद ने गुरुवार देर रात जारी आदेश में कहा कि सरकार ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की पवित्रता की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत पूरे मामले की विस्तृत जांच करने के लिए एक एसआईटी गठित किया है।

**जमीन घोटाला मामला**

## सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी

**मैसूरू।** लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को मैसूरू शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में अदालत के आदेश के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने बुधवार को इस मामले में सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच का आदेश दिया था, जिससे उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भूमिका तैयार हो गई। विशेष अदालत का यह आदेश हाईकोर्ट द्वारा राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सिद्धारमैया के खिलाफ जांच करने की मंजूरी को बरकरार रखने के एक दिन बाद आया है।

# 14 गांवों में निर्माण से सेना के अभ्यास में कैसी समस्या

- स्वत: संज्ञान याचिका पर हाईकोर्ट ने सेना के सक्षम अधिकारी को किया तलब
- अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव को भी कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेना से पूछा है कि अयोध्या जिले के कैंट क्षेत्र में उनके अभ्यास क्षेत्र से लगे 14 गांवों की जमीनों में यदि निर्माण के लिए नक्शे पास किये जाते हैं अथवा निर्माण की अनुमति दी जाती है तो क्या समस्या आ सकती है? कोर्ट ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव को भी कोर्ट में हाजिर होकर यह बताने को कहा है कि क्या उक्त गांवों के लिए नक्शे की संस्तुति करना सम्भव है? क्या इसके लिए सेना से एनओसी लेने की आवश्यकता पड़ेगी? मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने 'प्रोटेक्शन ऑफ डिफेंस लैंड एट अयोध्या' शीर्षक से दर्ज स्वतः संज्ञान (सुओ मोटो) याचिका पर पारित करते यह जानना चाहा है।

उल्लेखनीय है कि उक्त मामले में दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आदेश पारित करते हुए कहा था कि बेहतर होगा कि वर्तमान याचिका पर सुनवाई के बजाय स्वतः संज्ञान याचिका दर्ज की जाए। मामले में कोर्ट के समक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल, स्टेशन हेडक्वार्टर, अयोध्या कैंट की ओर से 11 फरवरी 2023 को जिलाधिकारी, अयोध्या को भेजे गए एक पत्र का हवाला दिया गया था। इसके साथ ही जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा 19 फरवरी 2024 को रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों को उक्त मामले में भेजे गए पत्र को भी पेश करते हुए दावा किया गया है कि लगभग 13,391 एकड़ जमीन सेना के राइफल रेंज के तौर पर संरक्षित है जो कैंट क्षेत्र के कई गांवों में विस्तारित है। आरोप है कि उक्त जमीनों पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। हालांकि सेना की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसके फायरिंग रेंज की जमीनों पर कोई अतिक्रमण नहीं हुआ है। राज्य सरकार ने 20 जनवरी 2021 को उक्त 14 गांवों की जमीनों के संबंध में एक अधिसूचना जारी की थी, जिसका मकसद फायरिंग रेंज होने के कारण किसी दुर्घटना से नागरिकों को बचाना था।

# सड़कों पर रात भर गाड़ी खड़ी की तो देना होगा शुल्क

## नगर विकास विभाग बना रहा प्रस्ताव, कैबिनेट से हरी झंडी मिली तो नई पार्किंग नीति होगी लागू

- पूरी रात 100, सप्ताह के लिए 300 और महीने भर के लिए 1000 रुपये देना होगा पार्किंग शुल्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रात में सड़क पर गाड़ी खड़ी कर घर में चैन की नींद सोना मुश्किल होने वाला है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में सड़कों पर रातभर गाड़ी खड़ी करने पर अब शुल्क देना होगा। नगर विकास विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। योजना के अनुसार, नगर निगम के अधिकार क्षेत्र (सार्वजनिक जगहों) में आने वाले स्थानों पर अगर कोई रात में गाड़ी खड़ी करता है तो उससे पार्किंग शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क प्रति रात 100 रुपये, सप्ताह भर के लिए 300 रुपये, महीने भर के लिए 1000 रुपये और साल भर के लिए 10000 रुपये होगा।

इसके लिए शुल्क जमा करने के साथ एक परमिट मिलेगा और कोई बिना परमिट के गाड़ी खड़ी करता है तो उससे तीन गुना शुल्क वसूल किया जाएगा। फिलहाल, इस प्रस्ताव को लेकर संबंधित विभाग से सुझाव, आपत्ति और निस्तारण के बारे में विस्तृत कार्ययोजना मांगी गई है। मंत्रिमंडल से मंजूरी मिली तो नगर निगम में पार्किंग की नई नीति लागू हो जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बीते दिनों सुनियोजित पार्किंग के लिए नगर विकास विभाग को एक नीति लाने का निर्देश दिया था। उसके बाद अब नगर विकास नई पार्किंग नीति लाने के तहत कार्ययोजना को अंतिम रूप दे रहा है। पूर्व में स्पष्ट नीति न होने के कारण मनमाने तरीके से पार्किंग टेंडर उठते रहते हैं, जिसके चलते शहरों में अवैध पार्किंग की बाढ़ आ गई है। नगर निगम द्वारा विकसित पार्किंग को निजी हाथों में भी देने पर विचार हो सकता है। नगर निगमों (बड़े शहरों) में पार्किंग ठेकों में बड़ी कंपनियां भी अपना टेंडर डाल सकेंगी।

### दे सकते हैं सुझाव, रख सकते हैं मांग

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने नई नीति के लिए उप्र. नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण और प्रचलन) अनंतिम नियमावली-2024 का प्रकाशन करते हुए आपत्ति मांगी है। नगर विकास विभाग की इस निमयावली पर प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अनुभाग-9 बापू भवन लखनऊ या फिर ईमेल nagarvikasanubhag9@gmail.com पर आपत्तियां और सुझाव भेजे जा सकते हैं।



## एक नजर

### डेंगू के सात मरीज और मिले

**अयोध्या, अमृत विचार** : जिले में शुक्रवार को एक बार फिर डेंगू के सात मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के मुताबिक नगर क्षेत्र, मसौधा, रुदौली, पूराबाजार में एक-एक व मयाबाजार में तीन मामले सामने आए हैं। अब तक 124 मरीज मिल चुके हैं। इनमें 99 ठीक हो चुके हैं, जबकि 25 उपचाराधीन हैं।

### जिला अस्पताल में गार्डों को मिलेंगे वॉकी-टॉकी

**अयोध्या, अमृत विचार** : जिला अस्पताल में सिक्योरिटी गार्डों को वॉकी-टॉकी दिया जाएगा। अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने बताया कि अक्सर देखा जाता है कि कभी भी कोई सूचना एक दूसरे तक पहुंचानी होती है तो बड़ी दिक्कतें आती हैं। इसलिए एक प्रस्ताव तैयार किया गया है। 29 सिक्योरिटी गार्डों को वॉकी-टॉकी से लैस किया जाएगा।

### ट्रक लेकर चालक फरार गबन की रिपोर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार** : अयोध्या कोतवाली क्षेत्र निवासी के एक शख्स का ट्रक लेकर हरियाणा निवासी चालक फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस में गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के लवकुशनगर रामघाट निवासी रवि ओझा पुत्र कृष्णानन्द का कहना है कि उन्होंने अपना ट्रक यूपी 42 डीटी 1824 चलाने के लिये 22 जून 2024 को संजय निवासी धानी चहल गांव खैरी पुरवा जिला हिसार, हरियाणा को दिया था। चालक से आखिरी बार 6 जुलाई को बात हुई थी, तबसे उसका फोन बंद बता रहा है। इतना ही नहीं उसके भाई का फोन भी लगातार बंद है। आशंका है कि चालक ने उनका ट्रक हड़प लिया। अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा का कहना है कि प्रकरण की छानबीन कराई जा रही है।

### बीएसए जिला विद्यालय निरीक्षक पद पर प्रोन्नत

**अयोध्या, अमृत विचार** : बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय जिला विद्यालय निरीक्षक पद पर प्रोन्नत किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा के विशेष सचिव आलोक कुमार की ओर से जारी आदेश के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जिला विद्यालय निरीक्षक या उसके समकक्ष पद पर प्रोन्नत किया गया है। शासन द्वारा जारी सूची में 16 वें नंबर पर संतोष कुमार का नाम है।

# भगत सिंह की प्रतिमा के साथ बेअदबी

## नगर निगम कार्यालय के सामने का मामला, आक्रोश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : नगर में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के साथ बेअदबी करने का मामला सामने आया है। अराजकतत्वों ने प्रतिमा के होंठ पर लाली लगाने के बाद नाखूनों पर लाल पेंट लगा दिया। लोगों में आक्रोश पनप गया है।

नगर निगम कार्यालय के सामने पार्क में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा लगी है। जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर प्रतिमा की सफाई की जाती है और फूल माला चढ़ाकर नमन किया जाता है। भारी बरसात के बाद भी शहीद भगतसिंह स्मृति ट्रस्ट के डॉ. नीरज सिन्हा, महावीर पाल, राजीव श्रीवास्तव, वरिष्ठ




प्रतिमा के चेहरे और नाखूनों में लगाया गया रंग। अमृत विचार

▸▸ **जयंती से एक दिन पहले प्रतिमा के होंठ पर लगाई लाली व नाखूनों पर लाल पेंट लगाया**

अधिवक्ता व सेनानी परिषद के अध्यक्ष मनोज मल्होत्रा प्रतिमा के पास गए थे। देखा कि प्रतिमा को बेरंग कर दिया गया है। उनके होंठ और नाखून को लाल रंग से अजीब सा बेरंग पेंट कर दिया है, जिसको लेकर लोग अपर नगर आयुक्त शशि भूषण से मिले तो कहने लगे कि पेंटर ने गलती कर दी है। इसको ठीक कराया जाएगा। जांच कराकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं ट्रस्ट के साथियों ने एक राय से इस कृत्य की घोर निंदा करते हुए कहा कि अगर नगर निगम प्रशासन प्रतिमा को ठीक नहीं कराता तो आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।

## कुमारगंज में ट्रांसफार्मर जलने से बिजली गुल

**कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार** : नगर पंचायत कुमारगंज में स्थित 132 केवीए विद्युत सब स्टेशन के विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र के लगभग 15 हजार उपभोक्ता गुरुवार रात 12 बजे से अंधेरे में रहने को विवश हैं। बताया गया कि 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर जल गया है। अधिशासी अभियंता विद्युत से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया। ट्रांसफार्मर की स्थिति का आकलन करने एवं टेस्टिंग करने के लिए लखनऊ से आई टीम ने उसे डेड बताया। विद्युत उपकेंद्र पर कार्यरत कर्मचारियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर जल गया है। नया ट्रांसफार्मर आने तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में दूसरे ट्रांसफार्मर से रोस्टर बनाकर आपूर्ति करने का प्रयास किया जाएगा।

# 45 साल बाद मिला न्याय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार**: कूटरचना करके आबादी की 31 बिस्वा जमीन हथिया ली गई थी। जमीन हथियाने के लिए एक न्यायालय को भी गुमराह किया गया। लगभग 45 साल बाद अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी की अदालत के आदेश से यह जमीन एक बार फिर आबादी के खाते में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया। यह जमीन बेशकीमती बताई गई है।

मामला सदर तहसील के रसूलाबाद गांव का है। यहां पुरानी आबादी गाटा संख्या 676 ( नई गाटा संख्या 374 ) है, जिसमें गांव बसा हुआ है। मामला गांव के रहने वाले राम कलप पुत्र खुनखुन से जुड़ा है। साल 1979 में अपर कलेक्टर के न्यायालय को गुमराह करके गाटा

▸▸ **अपर आयुक्त के आदेश से 31 बिसवा जमीन आबादी में शामिल होने रास्ता साफ**

संख्या 676 रकबा 13 बीघा, 13 बिसवा 15 धुर में से रकबा एक बीघा, 11 बिस्वा खरिज करके राम कलप के नाम बतौर बाग दर्ज करा लिया गया। इसका अंकन 1360 फसली पर कर दिया गया लेकिन 1362 फसली पर इसका अंकन नहीं मिला। गांव के लोगों के प्रार्थना पत्र पर कलेक्टर, जनपद न्यायाधीश और मुख्य राजस्व अधिकारी के यहां से जांच हुई तो पता चला कि जिस सिविल कोर्ट के आदेश के आधार पर इसका अंकन हुआ है व सिविल कोर्ट से 25 सितंबर 1965 को ऐसा कोई आदेश ही नहीं किया। न ही इसकी पत्रावली मिली। जबकि सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी ने इसी आदेश के हवाले से फैसला किया था। इसके बाद राज्य सरकार की ओर डीजीसी ने अपर आयुक्त के न्यायालय में सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी के 23 जुलाई 1979 के आदेश के खिलाफ वाद दाखिल किया। इसमें पारसनाथ दूबे, राम नयन दूबे, राम चंद्र, चंद्रावती, अंबे दूबे, विशाल दूबे और सुधाकर की ओर से अपील की ग्राह्यता पर विरोध किया गया। कहा कि जमीन उनकी पुश्तैनी है। वह आज भी काबिज हैं। अपील निरस्त करने की मांग की। अपील कर्ता ने कहा कि बिना राज्य सरकार को सुने एकतरफा आदेश पारित किया गया है।

अपर आयुक्त अजय कांत सैनी ने दोनों पक्षों को सुना और पत्रावली को देखा। इसके बाद 23 जुलाई 1979 के अवर न्यायालय से पारित आदेश को खारिज कर दिया।

# संतों को उकसाने से बाज आएं विरोधी

## भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिनेश शर्मा ने सपा पर बोला हमला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा के बड़े-बड़े नेता योगी को लेकर संतों पर टिप्पणी कर रहे हैं, लेकिन उन्हें पता नहीं है कि जहां संत हैं वहीं बसंत है। अगर संतों के एक हाथ में माला है तो दूसरे हाथ में कुछ और भी रहता है। संत हिंसक नहीं हो सकता है और ना ही सनातन परंपरा में हिंसा का कोई रोल है, लेकिन संतों पर बार-बार हो रही टिप्पणियां उचित नहीं है। ऐसे लोग संतों को उकसाने से बाज आएं। सनातन धर्म पर भी एक बोलने की सीमा है। सपाई ज्यादा अतिक्रमण न करें तो अच्छा होगा।

राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा साकेत महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के संयुक्त तत्वावधान में साकेत महाविद्यालय के सभागार में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि इतिहास के साक्ष्य से ही राम मंदिर निर्माण सुनिश्चित हुआ है। पहले दिन कार्यक्रम में 10 प्रान्तों से आये 200 इतिहासकार शामिल हुए। आयोजन समिति के सचिव और राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्रो. डॉक्टर प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय परंपरा को लोगों में जागृत करना और उनमें इतिहास वेद पुराण उपनिषद पर्यावरण सभी के प्रति ऐसे भाव को जागृत करना कि वह अपने पुरातन संस्कृति और परंपरा को जान सके। कार्यक्रम में पूरे भारत से 200 से अधिक इतिहासकार आए हैं। इसमें मुख्य रूप से केके मोहम्मद साहब आए हैं जो कि राम जन्मभूमि में प्राप्त अवशेषों की उन्होंने पुनर्व्याख्या की थी और इस आधार पर सिद्ध किया गया कि यहां पर राम का मंदिर था।




साकेत महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा व महंत मिथिलेश नंदिनी शरण।

▸▸ **कहा- संतों के एक हाथ में माला तो दूसरे में होता है कुछ और**

कार्यक्रम के दौरान हनुमत सदन के महंत मिथिलेश नंदिनी शरण, डॉ. बालमुकुंद पांडे, केके मोहम्मद, प्रो. अरविंद जामखेड़कर पूर्व अध्यक्ष भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, प्रो. आनंद शंकर सिंह प्राचार्य ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज एवं सदस्य भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद शिक्षा मंत्रालय, प्रो. ईश्वर चरण विश्वकर्मा उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा आयोग पूर्व अध्यक्ष एवं डॉ ओम जी उपाध्याय सदस्य सचिव, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार सहित अन्य कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सदस्यता महाअभियान की पूर्व उप मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने शुक्रवार को भाजपा पदाधिकारियों के साथ सदस्यता महाअभियान की समीक्षा की। सदस्यता अभियान में तेजी लाने के साथ घर-घर संपर्क व संवाद स्थापित कर लोगों को पार्टी का सदस्यता बनाने के लिए कहा।

सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह महाअभियान पार्टी से चलाया जाने वाला संवाद और संपर्क का सबसे बड़ा अभियान है। इसमें युवाओं को पार्टी की नीतियों से जोड़ना है, जिससे नए कार्यकर्ता बनते हैं। संवाद और संपर्क की इस प्रक्रिया में सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा की नीतियों के साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यों के बारे में चर्चा भी करनी है।

बताया कि सदस्यता के अगले चरण में विशिष्ट व प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलानी है, जिसके लिए विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाकर सदस्यता कराई जाए। विधानसभा रुदौली में विधायक रामचन्दर यादव के साथ सदस्यता अभियान में भाग लिया।

बैठक में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, अवधेश पांडेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, अभिषेक मिश्र, सभी मंडलों के अध्यक्ष, शैलेन्द्र कोरी सहित अन्य शामिल थे।

▸▸ **अगले चरण में विशिष्ट व्यक्तियों को बनाया जाएगा भाजपा का सदस्य**

### सपा सांसद पर भी साधा निशाना

**अयोध्या, अमृत विचार** : पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर बरसे। बोले कि दोनो का मंतव्य एक है। सनातन को बदनाम करो। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर कहा कि कार्यकर्ताओं का जो उत्साह है वह सकारात्मक परिणाम देगा। वह सर्किट हाउस में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने और मिलने पहुंचे थे। कहा कि सपा और कांग्रेस की अयोध्या से नफरत पुरानी है। सपा सांसद अवधेश प्रसाद पर भी निशाना साधा। कहा कि यहां के सांसद की मुसीबत यह है उनको अयोध्या की संस्कृति से मतलब ही नहीं है। राम लला से कोई लेना-देना नहीं है।

# ठेकेदार की लापरवाही से फुंका बुलेट कैमरा व सुरक्षा उपकरण

## तीन माह बाद रिपोर्ट दर्ज, सरयू आरती महोत्सव के दौरान की घटना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : रामनगरी में आयोजित सरयू आरती महोत्सव के दौरान बिजली ठेकेदार की छोटी सी लापरवाही के चलते पुलिस विभाग का काफी नुकसान हो गया। सीसीटीवी कैमरों के खंभों में हाई वोल्टेज करंट उतरने के चलते आरती घाट से गोलाघाट तक लगे 10 बुलेट कैमरा समेत अन्य संबंधित उपकरण जल गए। मामले की जानकारी सीसीटीवी कैमरों के बंद होने के बाद पड़ताल में सामने आई थी, लेकिन पुलिस की ओर से कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई गई। अधिकारियों की ओर से नाराजगी जताए जाने के बाद अब येलो ज़ोन प्रभारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बताया गया कि 24 जून को रामनगरी में सरयू आरती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसको लेकर आयोजक की ओर से साज-सज्जा, लाइटिंग और अन्य कार्य कराए गए थे। आरती कार्यक्रम के बाद अचानक आरती घाट से गोला घाट तक के सारे कैमरे बन्द हो गए तो कंट्रोल रूम सक्रिय हुआ तथा मामले की जानकारी अधिकारियों को दी गई। अगले दिन सुबह सीसीटीवी मैकेनिक संजीव कुमार को भेज जांच-पड़ताल कराई गई तो पता चला कि क्षेत्र के 10 बुलेट कैमरा, 3 पीटीजेड कैमरा, 3-3 पीओई स्विच व एएमएफ, 6 स्पीकर, 1500 मीटर कैट-6 केबल और 400-400 मीटर 7.164 केबल व 8.1 एसक्यू केबल जली हुई है। सभी उपकरण पोल में हाई वोल्टेज करंट आने से जले हैं और ऐसा महोत्सव के दौरान कैमरे के पोल में बिजली आपूर्ति के तार बांधे जाने और जगह-जगह पीवीसी खुली छोड़ने के चलते हुआ है। फ़िलहाल प्रकरण में घटना के तीन माह बाद येलो जोन कंट्रोल रूम के प्रभारी निरीक्षक रेवती रमन सिंह ने तहरीर अयोध्या कोतवाली पुलिस को दी है। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि शिकायत पर सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनयम समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

### हिदायत के बावजूद पक्का निर्माण, रिपोर्ट दर्ज

राजस्व अभिलेखों में नाले के खाते में दर्ज जमीन पर स्थायी निर्माण को लेकर हलका लेखपाल की ओर से सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान और अतिचार की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शिकायत में तहसील सदर के लेखपाल रामपाल का आरोप है कि ग्राम तिहुरा उपरहार निवासी रामसजीवन पुत्र रामजग यादव की ओर से नाले की जमीन के एक हिस्से पर दीवार खड़ी की गई थी, जिसके बाद पूर्ववर्ती लेखपाल ने काम रोकवा दिया था। बावजूद इसके राम सजीवन दीवार पर सटरिंग करके छत डालने का प्रयास कर रहे थे और उनको शटरिंग हटवाने की हिदायत दी गई लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा का कहना है कि सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम का मामला दर्ज किया गया है। निर्माण न कराने की हिदायत दी गई है।

## परिवार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार** : जिला अस्पताल में आउटसोर्स के तहत कार्यरत वार्ड ब्वॉय और उसके परिवार के खिलाफ पत्नी ने दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूल रूप से सुल्तानपुर जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र स्थित मेघमऊ निवासी और रौनाही थाना क्षेत्र के लखौरी में रहने वाली साक्षी सिंह का कहना है कि उसका विवाह 9 मई 22 को जौनपुर जिले के थाना सरपतहा स्थित समोदरपुर निवासी सत्यम सिंह से हुआ था। विवाहिता का आरोप है कि इस वर्ष 18 अप्रैल को पुत्री का जन्म होने के बाद उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। परिवार वालों के उकसावे पर सत्यम ने उसको जिला अस्पताल परिसर स्थित आवास में मारापीटा और दहेज में कार न मिलने पर जान से मार डालने की बात कही।

# अभी तो तैयार हो रही प्रत्याशियों की सूची

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : सहकारी गन्ना विकास समितियों में नामांकन पत्रों की जांच और प्रदर्शन के लिए प्रत्याशियों की सूची तैयार करने काम देर शाम तक चलता रहा। हालांकि इसके लिए निर्धारित समय पहले ही बीच चुका था।

फैजाबाद समिति में डेलीगेट पद के लिए 369 के सापेक्ष 343 प्रत्याशियों, सहकारी गन्ना विकास समिति मसौधा में कुल 865 डेली गेट पदों के सापेक्ष 722 और सहकारी गन्ना विकास समिति गनौली में कुल 399 डेलीगेट पद के लिए 359 लोगों ने अपने नामांकन पत्र गुरुवार को दाखिल किया था।

शुक्रवार को सुबह दस से तीन बजे तक नामांकन पत्रों की जांच और तीन से पांच बजे के बीच वैध नामांकन पत्रों के प्रदर्शन का कार्यक्रम था, लेकिन खबर लिखे जाने तक शाम को लगभग सवा सात बजे तक किसी भी समिति में वैध नामांकन पत्रों की सूची चस्पा नहीं की जा सकी थी। एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी ने बताया कि अभी कुछ देर में सूची तैयार कर ली जाएगी। इसके बाद इसे चस्पा कर दिया जाएगा। जांच और प्रदर्शन को लेकर इससे जुड़े ज्यादातर लोगों के मोबाइल फोन पर कॉल रिसीव नहीं की जा रही थी। दूसरी ओर देर से जांच और सूची प्रदर्शन को लेकर समितियों के आसपास मौजूद लोगों से तरह-तरह की टिप्पणियां सुनाई पड़ रही थी।

## मृदा स्वास्थ्य के लिए पोषक तत्वों की कमी करें दूर : कुलपति

**कुमारगंज, अयोध्या, अमृत विचार** : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में 22वां डॉक्टर आर.एस. मूर्ति स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंडियन सोसाइटी ऑफ स्वायल साइंस नई दिल्ली, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग कृषि विवि अयोध्या के तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने मृदा स्वास्थ्य के सुधार को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मृदा स्वास्थ्य सुधार के लिए मृदा में पोषक तत्वों की कमी को दूर करना होगा। कहा कि हरी खाद का कम प्रयोग, मृदा अपरदन को रोकने के साथ-साथ खेतों की कम जुताई और फसल चक्र में विविधता लाने की जरूरत है। केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय अरोड़ा ने कहा कि मृदा लवणता को रासायनिक एवं जैविक कारकों द्वारा सुधार कर अच्छी उपज प्राप्त कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### नवागत तहसीलदार सुमित सिंह ने संभाली कुर्सी

**सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार** : सोहावल तहसील के तहसीलदार विनोद कुमार चौधरी के सदर तहसील में हुए स्थानांतरण से खाली हुई कुर्सी नवागत तहसीलदार सुमित सिंह ने संभाल लिया है। शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण करने वाले तहसीलदार आजमगढ़ जनपद के निवासी और 2015 बैच के पीसीएस है। इससे पहले वह कुशीनगर में तहसीलदार रहे हैं। यहीं से स्थानांतरण होकर रामनगरी आए हैं, जिन्होंने बताया वादकारी का हित और निष्पक्षता से विधि सम्मत न्याय करना हमारी प्राथमिकता होगी।



सुमित सिंह। अमृत विचार

### मूक बधिर बच्चों के बनाए सामानों को मंत्री ने सराहा



मूकबधिर बच्चों से भेंट करते दिव्यांग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार** : दिव्यांग कल्याण मंत्री नरेंद्र कश्यप शुक्रवार को मुस्कान पुनर्वास केंद्र पहुंचे। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए सामानों में नारियल के गणेश न्यूजपेपर का पेन स्टैंड, खाली बोतल के लैंप स्टैंड, रद्दी के कागज की टोकरी, कपड़े के बैग आदि को सराहा। इस अवसर पर उपनिदेशक दिव्यांग कल्याण अनुपमा मौर्या, दिव्यांग कल्याण अधिकारी चंद्रेश तिवारी, पिछड़ा वर्ग अधिकारी जयप्रकाश गुप्ता, मुस्कान पुनर्वास केंद्र की निदेशक डॉ रानी अवस्थी , प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी, शिक्षक पूजा निषाद आदि मौजूद रहे।

### सम्मेलन में 11 सास और 15 बहुओं को मिला सम्मान

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार** : आदर्श नगर पंचायत मां कामाख्या के वार्ड सैमसी में सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 11 सास और 15 बहुओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आदर्श नगर पंचायत के अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल ने कहा कि सास बहू का रिश्ता साइकिल के दो पहिए की तरह है। रिश्ता बिगड़ने पर परिवार बिखरता है। इस रिश्ते का सम्मान एक दूसरे को कराना चाहिए। परिवार नियोजन में सास-बहू का आपसी सामंजस्य महत्वपूर्ण है। सामाजिक कार्यकर्ता बृजेश शर्मा ने कहा कार्यक्रम के माध्यम से बेटे-बेटियों में फर्क को दूर करने में आसानी होगी। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि केदार बख्स सिंह, एएनएम गुड्डा देवी, एएनएम अंजू, संगिनी मंजू, आशा सुषमा, शशि, सरोज, शिवलली, कमलेश, रुचि, किरन आदि मौजूद रहीं।



महिलाओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**मिली कुर्सी** — घंटे भर चली प्रबंध समिति की बैठक में निर्णय के बाद सौंपा गया कार्यभार

# लंबी कानूनी लड़ाई के बाद नर्वदेश्वर बने साकेत के प्राचार्य

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : इलाहाबाद उच्च न्यायलय के लखनऊ खंडपीठ के आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को साकेत महाविद्यालय प्रबंध समिति ने रक्षा अध्ययन विभाग के प्रोफेसर नर्वदेश्वर पांडेय को कार्यवाहक प्राचार्य की कुर्सी सौंप दी। वरिष्ठता को लेकर लंबी क़ानूनी लड़ाई के बाद उन्होंने उच्च न्यायालय से प्राचार्य पद का प्रभार दिए जाने की मांग की थी, जिस पर अदालत ने तीन दिन के भीतर आदेश का अनुपालन कराने को कहा था। कार्यवाहक प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपनी टीम गठित करनी शुरू कर दी है।

▸▸ **राम औतार मुख्य नियंता व डॉ. रवि छात्र कल्याण अधिकारी नियुक्त**

मुख्य नियंता और छात्र कल्याण अधिकारी को नियुक्त किया है।

गौरतलब है कि प्रबंध समिति की ओर से वरिष्ठता सूची के आधार पर डॉ. अभय सिंह के कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त किए जाने के बाद प्रो. नर्वदेश्वर पांडेय ने वरिष्ठता सूची पर आपत्ति दाखिल की थी और उपचार न मिलने पर उच्च न्यायालय का सहारा लिया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्विद्यालय प्रशासन की ओर से उनको वरिष्ठ घोषित किया गया, लेकिन वरिष्ठता के आधार पर कार्यवाहक प्राचार्य नहीं बनाया। जिसको लेकर उन्होंने फिर से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो अदालत ने 23 अगस्त को अपने आदेश में तीन दिन के भीतर फैसले का अनुपालन कराने का आदेश दिया था। आदेश के अनुपालन में शुक्रवार को दूसरी पहर कॉलेज परिसर में प्रबंध समिति की बैठक हुई। एक घंटे चली इस बैठक में वरिष्ठता के आधार पर प्रो. नर्वदेश्वर पांडेय को कार्यवाहक प्राचार्य की कुर्सी सौंप दी गई। उनकी नियुक्ति आयोग से स्थायी प्राचार्य के कार्यभार ग्रहण करने तक के लिए की गई है। प्रबंध समिति की बैठक में संरक्षक डॉ. निर्मल खत्री, शैलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र, अध्यक्ष दीप कृष्ण वर्मा, अविनाश चंद्रा समेत अन्य मौजूद रहे। प्रबंध समिति सचिव आनंद सिंघल ने प्रो. नर्वदेशर को कार्यवाहक प्राचार्य बनाए जाने और आयोग से चयनित डॉ. दानपति को एक माह का अवधि विस्तार दिए जाने की पुष्टि की है।

उधर, प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त प्राचार्य प्रो. नर्वदेश्वर पांडेय ने रक्षा अध्ययन विभाग के डॉ. राम औतार को मुख्य नियंता व संस्कृत विभाग के डॉ. रवि चौरसिया को छात्र कल्याण अधिकारी नियुक्त किया है।

### आयोग से चयनित प्राचार्य को एक माह का मौका

उच्चतर शिक्षा आयोग की ओर से साकेत महाविद्यालय कॉलेज प्राचार्य के लिए चयनित डॉ. दानपति तिवारी को साकेत कालेज प्रबंध समिति ने पदभार ग्रहण करने के लिए एक माह का मौका दिया है। यह निर्णय शुक्रवार को कॉलेज परिसर में आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में हुआ है। बताया गया कि डॉ. दानपति तिवारी के कार्यभार ग्रहण करने की मियाद इस माह 23 सितंबर को ख़त्म हो गई थी। वह अनापत्ति प्रमाण पत्र न मिल पाने के चलते कार्यभार ग्रहण नहीं कर पाए थे। प्रबंध समिति के निर्णय के बाद अब वह 23 अक्टूबर तक प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण कर सकते हैं।

## मजदूर हितों की रक्षा के लिए सरकार कृत संकल्प : मंत्री

**मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार** : मिल्कीपुर ब्लॉक मुख्यालय सभागार में श्रम विभाग की ओर से श्रमिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने गरीब मजदूर के जीवन में बुनियादी परिवर्तन लाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना करने का काम शुरू किया है। सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए कृत संकल्प है।


उन्होंने कहा कि आज इजराइल में हमारे श्रमिकों की कुशलता देखकर पूरी दुनिया के लोग हम लोगों से संपर्क कर रहे हैं। जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा अटल आवासीय विद्यालय की देन है कि आज गरीब का बच्चा भी इसरो में जा रहा है।

**आज का मौसम**

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने, वर्षा होने की संभावना है।

27.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

**आज के कार्यक्रम**



- बाल आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी का जनपद दौरा 10 :00 बजे से।
- एनएचएम की टीम द्वारा बरसेंडी स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण 10 :00 बजे से।
- संपूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई सुबह 10 :00 बजे से।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में वर्तमान आर्थिक चुनौतियों पर संगोष्ठी अर्थशास्त्र विभाग में 12 :00 बजे से

# सड़कें धंसीं, बिजली गुल, कई इलाके जलमग्न

**लगातार 14 घंटे तक झमाझम बारिश से बाद जनजीवन अस्त-व्यस्त ▶ जाते मानसून की बारिश ने धान व गन्ने की फसल को पहुंचाया नुकसान**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मानसून के जाते मेघों ने कहर बरपा दिया। हवा के साथ लगातार 14 घंटे की बारिश से सड़कें कई जगह धंस गईं, बिजली गुल हो गई। खेत लबालब हो गए। हवा से धान और गन्ने की फसल जमीन पर लोट गईं। नुकसान की आशंका है। मेघ अभी पांच दिन उमड़-घुमड़ कर बारिश करेंगे। ऐसा पूर्वानुमान है।

मौसम गुरुवार की दोपहर बदला तो बदलता ही गया। रात नौ बजे से शुरू हुई हवा के साथ बारिश की बूंदें बढ़ती ही गईं। रात बीती, सुबह हुई और दोपहर तक बूंद की लड़ी नहीं टूटी। हवा के झोंके और बारिश के साथ ही बिजली गुल हो गई। शहर के रीडगंज-देवकाली मार्ग पर सड़क छह जगह धंस गईं, सीवर के भरे गए गड्ढे बैठे तो आनन-फानन में जेसीबी उतरा। सफेद गिट्टी भरी गई। बराबर किया गया। कई अन्य स्थानों पर भी सीवर खोदाई वाले स्थानों और नई सड़कें भी थोड़ी बहुत धंस गईं। चौकी चौक से राठहवेली मार्ग और इसी मार्ग से इमामबाड़ा को जाने वाले मार्ग पर लगभग 200 मीटर सड़क बारिश में धंस गई। जो वाहन जहां वहीं फंस गए। भारी मशक्कत के बीच समाजसेवी आरिफ आब्दी के प्रयास से किसी तरह सड़क के धंसे हिस्से को जेसीबी आदि लगाकर पाटने का कार्य किया जा रहा है।



जिला महिला अस्पताल रोड पर लबालब भरा पानी। अमृत विचार



निराला नगर में भी हुआ भीषण जलभराव। अमृत विचार

**100 मिमी तक हुई बारिश**

जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 90 से 100 मिमी तक बारिश रिकार्ड की गई है। यह सीजन की ज्यादा बारिश है। शहरी क्षेत्र में बारिश ज्यादा बताई गई है। नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक दोपहर तक 91.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

**बारिश की संभावना थी लेकिन इतनी नहीं**

कृषि विश्वविद्यालय ने 26 सितंबर से मौसम खराब और बारिश की संभावना व्यक्त की थी, लेकिन बारिश उम्मीद से परे रही। केंद्र के वैज्ञानिक बताते हैं कि अचानक इस क्षेत्र में मौसम बदला और ज्यादा बारिश हुई।

## जलभराव के निराकरण को दल गठित, कंट्रोल रूम सक्रिय

लगातार बारिश से शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय के साथ जल भराव से प्रभावित क्षेत्रों श्रीराम चिकित्सालय के सामने जलवानपुरा स्थित मोहल्ला क्षीरसागर, जनौरा, अवधपुरी फेज-3, रामघाट चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जल निकासी के लिए तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। कहा कि जलभराव की समस्या से निपटने के लिए उचित प्रबन्ध किया जाए। जलभराव वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर त्वरित कार्वाई की जाए। बताया कि कौशलपुरी, जनौरा, उसरु, अवधपुरी, जेबीपुरम, रामघाट, देवकाली आदि क्षेत्रों में जल निकासी कराई गई। जलभराव की समस्या के निराकरण व त्वरित समाधान के मद्देनजर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। नगर आयुक्त ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष कार्यदल गठित किया है, जो जलभराव के चिह्नित क्षेत्रों में त्वरित कार्वाई कराएगी। जलभराव के संबंध में कोई भी शिकायत/सूचना निगम के कन्ट्रोल रूम में दूरभाष सं. -1533/05278-299400/1800-313-1277/7311165805 पर की जा सकती है।

**हस्त नक्षत्र में पांच दिन बारिश के आसार**

उत्तरा फाल्गुनी के बाद शुक्रवार को हस्त नक्षत्र लग गया है। बारिश नक्षत्र के साथ शुरू हुई है। पांच दिन मतलब दो अक्टूबर तक इतनी तो नहीं लेकिन बारिश के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र ने बताया कि बारिश के आसार अभी दो अक्टूबर तक हैं। बादलों की लुकाछिपी और बारिश रहेगी।

**एक नजर**

**जर्जर भवनों को नोटिस**

**अयोध्या, अमृत विचार :** लगातार हो रही बारिश को देखते हुए नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने नगर क्षेत्र के जर्जर भवनों में निवास कर रहे भवन स्वामियों को भवन के सुदृढ़ीकरण कराने के लिए नोटिस जारी किया गया है। पुन : जर्जर भवनों/संरचनाओं में निवास कर रहे नगर वासियों से अपील की है कि वर्षा के पूर्वानुमान के दृष्टिगत सुरक्षित भवन/स्थान पर जाकर प्रवास करें, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो।

**छप्पर गिरा, युवक की मौत**

**तारुन,अयोध्या, अमृत विचार :** थाना तारुन के अंतर्गत ग्राम पंचायत बराव में सुबह लगभग 6 बजे भारी बारिश के चलते ही गांव के एक युवक राम गणेश पर छप्पर गिर पड़ा। वह बुरी तरीके से घायल हो गया। पारिवारिक जन घायल को मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर ले गये। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जिला पंचायत सदस्य हरिश्चंद्र निषाद ने बताया कि मृतक का पंचनामा करके पोस्टमार्टम हेतु शव को मोर्चरी हाउस पहुंचा दिया गया है।



पानी में डूबा अंडरग्राउंड कनेक्शन का बोर्ड।

**अंडरग्राउंड कनेक्शन का बोर्ड पानी में डूबा**

अयोध्या धाम के रायगंज मोहल्ले में पानी में आधा डूबा हुआ यह यंत्र बिजली के अंडरग्राउंड कनेक्शन का बोर्ड है। इसी से लोगों को कनेक्शन दिए जाते हैं। इसे जरा ध्यान से देखिए। बिजली चालू है। यह बोर्ड पानी में आधा डूबा है। अब कनेक्शन वाले घरों में या राह से गुजरते लोगों के साथ बिजली से अगर कोई हादसा होता है तो जिम्मेदार कौन होगा।



रीडगंज से गुलाबबाड़ी मैदान तक छह जगह धंसी सड़क पाटी गई।

**25 हजार की आबादी 24 घंटे से अंधेरे में**

**पूरा बाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** तेज हवा व भारी बारिश के कारण विद्युत उपकेंद्र पूरा बाजार के जलालुद्दीन नगर, मड़ना, राजेपुर, ताहीरपुर बरौली, रहेरवा,पूरा बाजार सहित क्षेत्र की लगभग 25 हजार की आबादी को 24 घंटे से बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा नेता शारदा यादव, रघुराज सिंह, मडना के प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव ने बताया कि शुक्रवार शाम तक भी बिजली बहाल नहीं हो सकी, जिससे स्थानीय जनता को भारी असुविधा हो रही है। विद्युत विभाग की लापरवाही से क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी हो रही है।




रीडगंज से देवकाली जाने वाले मार्ग पर धंसी सड़क।

# 45 मोहल्लों की बिजली गुल, 80 हजार की आबादी ने झेला संकट

**लगातार बारिश से दर्शननगर से नियावां की 33 हजार लाइन में आई फाल्ट | चौक व अमानीगंज उप केंद्र भी रहे प्रभावित, बिजली घरों के मोबाइल भी बंद**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** गुरुवार रात से लगातार बारिश से अस्त-व्यस्त हुए जनजीवन के बीच नगर क्षेत्र के अधिकतर इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। रात एक बजे के करीब ठप हुई आपूर्ति 12 घंटे बाद बहाल हो सकी। आपूर्ति ठप होने से 45 से अधिक मोहल्लों की करीब 80 हजार से अधिक की आबादी बिन बिजली पानी के रही। बारिश के कारण 33 हजार लाइन में फाल्ट आ गई थी, जिसके कारण कई मोहल्ले प्रभावित हो गए।

गुरुवार देर रात बारिश शुरू होते ही करीब एक बजे चौक, नियावां और अमानीगंज विद्युत उप केन्द्रों से जुड़े इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जिस कारण चौक और नियावां समेत अमानीगंज विद्युत उप केन्द्र से जुड़े 45 से अधिक इलाके चपेट में आ गए। सबसे पहले नियावां उप केन्द्र के अधीन आने वाले इलाकों में आपूर्ति ठप हुई। उसके बाद चौक उप केन्द्र के क्षेत्र भी चपेट में आ गए। रात दो बजे के करीब अमानीगंज उप केन्द्र भी प्रभावित हो गया, जिसके कारण चौक, हैदरगंज, रीडगंज, खवासपुरा, इमामबाड़ा, राठहवेली, अंगूरीबाग, तेली टोला, नहर बाग, पंजाबी कालोनी, शक्ति नगर कालोनी, नियावां, हसनू कटरा, रेतिया, सीमेंट कोठी, खुर्दमहल, काश्मीरी मोहल्ला आदि इलाके ठप आपूर्ति की चपेट में आ गए। उपभोक्ताओं ने शुक्रवार सुबह चौक और नियावां उप केन्द्रों पर फोन मिलाना शुरू किया तो बिजी बताता रहा। बिजली आपूर्ति ठप होने से सुबह इन इलाकों में स्थित जल निगम के वाटर पंप भी नहीं चल सके। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब भी बिजली आपूर्ति ठप होती है जेई से लेकर उप केन्द्र के कर्मचारी फोन बंद या बिजी कर लेते हैं।



तारुन में सड़क के बीच में गिरा बिजली का पोल। अमृत विचार

**रसूलाबाद क्षेत्र के 35 गांवों में भी आपूर्ति ठप**

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** दर्शन नगर से विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद को आने वाली लाइन खराब हो जाने से विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद के 35 गांव में अंधेरा छा गया। शुक्रवार सुबह 10 बजकर 3 मिनट पर उपकेंद्र से सूचना जारी की गई कि भारी बारिश के चलते बिजली आने की उम्मीद न रखें अपना इनवर्टर बैटरी बचा के रखें। अवर अभियंता राकेश प्रसाद ने बताया कि कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि खराब लाइन को ठीक कर आपूर्ति बहाल की जाए।

**खंबा गिरने से आवागमन बाधित**

**तारुन अयोध्या, अमृत विचार:** बारिश से जमीन नम हो जाने के कारण शुक्रवार की सुबह अचानक तारुन नन्सा मार्ग पर बेलगरा गदुरहवा के पास बिजली का हाईटेंशन तार खंभे सहित सड़क के बीचों-बीच गिर पड़ा। गनीमत रही की बिजली सप्लाई नहीं थी नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। विद्युत उपकेंद्र तारुन के रंजीत पटेल ने कहा कि अधिक बरसात हो रही है। मौसम साफ होने पर ही कुछ किया जा सकता है। फिलहाल खंभा सड़क से हटवा कर किनारे कर दिया गया है।

**रुक-रुक जारी रही रात तक बारिश**

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिले में बारिश का आंकड़ा 131 मिमी तक पहुंच गया। रुक-रुक कर बारिश देर रात तक होती रही। नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के मौसम विभाग से जारी आंकड़े के मुताबिक दोपहर तक आंकड़ा 91 मिमी थी। दोपहर के बाद भी बारिश होती रही। अब आंकड़ा 131 मिमी तक पहुंच गया है।

## अयोध्या धाम में घरों में घुसा पानी

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या धाम में बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव की समस्या खड़ी हो गई है। रेलवे स्टेशन रोड, सप्तसागर कालोनी, रामघाट क्षेत्र, तुलसीनगर, सब्जी मंडी मार्ग, हरिद्वार बाजार, जैन मंदिर चौराहा, दिगंबर अखाड़ा रोड, रानी बाजार समेत जलवानपुरा में भीषण जलभराव के कारण लोगों के घरों में पानी भर गया है। श्रद्धालुओं को भी दर्शन पूजन के लिए मंदिरों तक पहुंचने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ी।



रामनगरी के जलवानपुरा में जलभराव के बीच से जाता बाइक सवार।

## खेतों में गिर गईं गन्ने व धान की फसलें

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार :** भारी बरसात से धान व गन्ने की फसल गिर गई, जिस कारण किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। नेतवारी चतुरपुर के किसान राम सूरत निषाद ने बताया कि हमारा एक बीघा धान गिर गया। धान की बालियां पानी के अंदर सड़ जाएंगी। बेलगरा के किसान बब्लू सिंह ने बताया कि एक बीघा धान गिर गया अभी बालियां नहीं निकली थीं। दो बीघा गन्ना भी गिर गया।

**अब उपज पर पड़ेगा प्रभाव**

**सोहावल, अयोध्या :** खरीफ की फसलों में शामिल उरद, मूंग और सब्जियों में तोरई, करेला, टमाटर आदि को भारी नुकसान हुआ। प्रगतिशील किसान राम सिंह राम गणेश वर्मा मंगलसी, केदार मौर्य भरथूपुर, संजय चौबे लहरापुर आदि कहते हैं कि इस बरसात ने किसानों की कमर तोड़ दी। बिना बाली वाली धान की फसल में उत्पादन न के बराबर होगा। गन्ना गिर जाने से वजन घट जाएगा। सब्जी की फसल दोबारा लगानी पड़ेगी। वहीं तेज हवाओं के कारण कई लोगों के टीन टप्पर उखड़ गए।



तारुन क्षेत्र में बारिश की चपेट में आकर खेतों में गिरी फसल। अमृत विचार

**पूराबाजार में भी हुआ भारी नुकसान**

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार :** खनुवावां के ओमप्रकाश पांडेय बताते हैं कि 10 बीघा धान की फसल लगाया था, जिसमें से पांच बीघा फसल पक कर तैयार थी। तेज हवा और बरसात के पानी से वह जमीन पर लेट गईं और खेत में पानी भरा हुआ है। अब धान की फसल हाथ आने वाली नहीं है। खेत में सड़कर खराब हो जाएगी। खनुवावां के भूपेंद्र पांडे, सभाजीत निषाद, राम अवध निषाद, मंसाराम निषाद, राममूरत पांडे, सालिकराम निषाद, छेदन लाल निषाद कहते हैं कि इस बरसात से फायदा न के बराबर है। नुकसान अधिक है, जिसमें खासकर धान और गन्ने की फसल जमीन पर गिर जाने से पानी में सड़ कर खराब हो जाएगी।


**आंकड़े** | सितंबर में ही 50 हजार पर्यटक पहुंचे, तीसरे स्थान पर है गुप्तहरि गार्डन

# राम मंदिर के बाद दूसरा बड़ा पर्यटन केंद्र बना सूर्य कुंड

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर के बाद सबसे बड़े पर्यटन स्थल के रूप में दर्शन नगर स्थित सूर्यकुंड उभरा है। यह दर्शनार्थियों और पर्यटक के आगमन से और चमक उठा है। अकेले सितंबर माह में ही यहां 50 हजार के करीब पर्यटक पहुंच चुके हैं। इसके अलावा गुप्तारघाट का गुप्त हरि गार्डन भी पर्यटकों की फेहरिस्त में शामिल हो गया है। अगर अयोध्या में तीसरे नम्बर पर सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले स्थल की बात करें तो वह गुप्त हरि गार्डन ही है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ ही पर्यटन स्थल और मठ-मंदिरों का भी सौन्दर्यीकरण कराया गया है। इनमें सूर्यकुंड और अयोध्या कैंट स्थित गुप्त हरि गार्डन भी हैं। जहां रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु व पर्यटक पहुंच रहे हैं। राम मंदिर में भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हुई थी। उसके बाद से अब तक तीन करोड़ श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किये हैं। वे मंदिर दर्शन के साथ ही अन्य मठ मंदिरों और पर्यटन स्थल पर भी जा रहे हैं। सबसे अधिक पर्यटक सूर्यकुंड में पहुंच रहे हैं।



दर्शन नगर स्थित सूर्यकुंड की अद्भुत तस्वीर। अमृत विचार

**आंकड़े देते हैं गवाही..**

| सूर्यकुंड | गुप्त हरि गार्डन |
| --- | --- |
| माह-पर्यटक/श्रद्धालु | माह-पर्यटक/श्रद्धालु |
| फरवरी-20964 | फरवरी-10516 |
| मार्च-29031 | मार्च-13844 |
| अप्रैल-22444 | अप्रैल-15295 |
| मई-29376 | मई-20885 |
| जून-33246 | जून-24832 |
| जुलाई-18374 | जुलाई-11093 |
| अगस्त-25398 | अगस्त-11504 |
| सितंबर-49430 | सितंबर-4649 |

नोट- दोनों जगह के आंकड़े हजार में हैं।

"देखिए, हमारी पूरी कोशिश है कि अयोध्या को भव्य स्वरूप दिया जाए। इसी के तहत विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सूर्य कुंड और गुप्त हरि गार्डन में पर्यटक बढ़े हैं।"

-अश्वनी कुमार, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण

**क्या है सूर्यकुंड में...**

सूर्यकुंड में सूर्य देव का एक मंदिर है। एक पोखरा है, जिसमें रात के समय फाउंटेन शो होता है। इसमें फव्वारे पर ही सूर्य देव से जुड़ा विजुअल दिखाया जाता है। इसके अलावा लाइटिंग और यहां आधुनिक झूले भी लगाए गए हैं। योगी सरकार ने करोड़ों की लागत से संवारा जो आज सूर्यकुंड अपने आप में ही अनोखा है।

**गुप्त हरि गार्डन...**

कैंट इलाके में स्थित गुप्तार घाट कभी बदहाली का शिकार हुआ करता था। यहां सरयू नदी में श्रीराम का परलोक गमन हुआ था। योगी सरकार ने इस स्थल को करोड़ों की लागत से संवारा। पास में स्थित गार्डन का सौंदर्यीकरण कराया गया। लाइटिंग, झूले व कसरत के अत्याधुनिक उपकरण लगवाए गए।

## बारिश के चलते आज भी स्कूलों में छुट्टी

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारी वर्षा को देखते हुए शनिवार को भी प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक के समस्त स्कूल कॉलेज बंद रहेंगे। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह की ओर से निर्देश देने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय और जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.पवन कुमार तिवारी ने आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि भारी वर्षा की चेतावनी के मद्देनजर बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक के समस्त स्कूल कॉलेज बंद रहेंगे। यह आदेश सीबीएसई और आईसीएसई कॉलेजों पर भी लागू होगा।



अयोध्या धाम स्थित नगर निगम जोन कार्यालय में भरा पानी। अमृत विचार

## एक नजर

### पिता से कह दो, संपत्ति कर दें मेरे नाम

अयोध्या, अमृत विचार : अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के बंधवा कुढ़ा केशवपुर निवासी एक युवती ने अपने पति के खिलाफ मारपीट और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता अंजली का कहना है कि वह चार साल से अपने मायके में मूल रूप से जौनपुर जिले के मड़ियाहूं थाना क्षेत्र स्थित भटरिया टोला निवासी पति आशीष कुमार के साथ रह रही है। बुधवार की शाम उसके पति ने गाली-गलौच के बाद डंडा व सरिया से पीटा। वह आए दिन धमकी देता है कि अपने पिता से कह दो कि अपनी सारी सम्पति को मेरे नाम बैनामा कर दें, नहीं तो उसको और पूरे परिवार को जान से मार डालेगा। चौकी प्रभारी दर्शननगर विवेक राय का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज करवा पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजवाया गया है।

### वांछित को गिरफ्तार कर अपहता को किया बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम ने बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त सुनील रावत पुत्र चिल्लू रावत निवासी ग्राम पूरे धनऊ मजरे गौरा थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया। थाना बदोसराय पुलिस टीम ने भारतीय न्याय संहिता से संबंधित अपहता को सकुशल बरामद किया।

### चयन वेतनमान में भ्रष्टाचार का आरोप

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले के परिषदीय विद्यालयों में दस वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद मिलने वाले चयन वेतनमान को लेकर विकासखंड स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारियों से लेकर जिलास्तर तक भ्रष्टाचार जारी है। यूटा के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बीएसए से मुलाकात कर ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों के चयन वेतनमान स्वीकृत आदेश निर्गत किए जाने में हो रहे विलंब को लेकर विस्तृत वार्ता की। अवगत कराया कि अधिकांश समय तक पत्रावलियां बीईओ व बीएसए कार्यालय में आदेश निर्गत होने की प्रतीक्षा किया करती हैं। बीईओ कार्यालय में जनवरी 2024 में प्राप्त कराई गई चयन वेतनमान की पत्रावलियों में बड़ी संख्या में स्वीकृत आदेश निर्गत नहीं हुए हैं। उधर, इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय ने अविलंब जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# जनपदीय हॉकी व कुश्ती के विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत

## डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन में क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुक्रवार को पुरस्कार वितरण के साथ समारोहपूर्वक समापन हुआ।

मुख्य अतिथि अर्जुन पुरस्कार व द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी श्याम सुन्दर राव व डीआईजी इंटेलीजेन्स संजीव त्यागी ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन जूनियर बालक हॉकी व जूनियर बालक कुश्ती की प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी मो. शकील अंसारी, विवेक कुमार, अनूप दुबे, बबलू कुमार, एजाज अहमद, सीडी सिंह, कोच, खिलाड़ी, उप क्रीड़ाधिकारी, प्रशिक्षक व निर्णायक सहित कर्मचारी मौजूद रहे।



जिला स्तरीय हॉकी की विजेता टीम अर्जुन व द्रोणाचार्य अवॉर्डी श्याम सुंदर राव के साथ। अमृत विचार

### खिलाड़ी में जुनून होना बेहद जरूरी है: राव

अयोध्या, अमृत विचार : किसी खिलाड़ी का जुनून उसकी सफलता का परिचायक होता है। इसलिए खिलाड़ी में जुनून होना बेहद जरूरी है। अर्जुन पुरस्कार व द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी श्याम सुन्दर राव ने शुक्रवार को पुरस्कार वितरण समारोह में यह बात खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कही। वह रामलला का दर्शन करने अयोध्या आए थे और उन्होंने डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में बना अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त है और यहां उच्च स्तरीय कोच भी है। ऐसे में खिलाड़ियों को इस संस्थान का फायदा उठा कर अपना भविष्य संवारना चाहिए। उन्होंने क्रीड़ा संकुल के संसाधनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि खिलाड़ी को लगन, मेहनत, जुनून के साथ संसाधन व कोच मिल जाए तो उसे अंतरराष्ट्रीय स्तरीय खिलाड़ी बनने में कोई अड़चन नहीं आएगी।

### डाभासेमर स्टेडियम ने जीता हॉकी खिताब

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतर्गत तीसरे दिन शुक्रवार को जिला स्तरीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच डाभासेमर स्टेडियम व जवाहर नवोदय विद्यालय टीमों के बीच खेला गया। मुकाबले के पहले हाफ में डाभासेमर टीम के आकाश व मुजीद ने एक-एक गोल कर टीम को 2-0 से बढ़त दिलाई। जवाहर नवोदय टीम के अमन ने एक गोल मारकर अंतर 2-1 से कम कर दिया। दूसरे हॉफ में जवाहर नवोदय टीम के खिलाड़ी गोल के लिए प्रयास करते रहे किन्तु सफल न हो सके। मैच के आखिरी समय में डाभासेमर टीम के रोहित ने एक गोल मारकर टीम को जीत दिलाने में सहयोग किया। अंततः डाभासेमर टीम ने 3-1 से जवाहर नवोदय टीम पर खिताबी जीत दर्ज किया।

### रुद्र, नितेश, विकास, शशांक, अमन व मुन्ना ने जीती कुश्ती

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतर्गत तीसरे दिन शुक्रवार को जिला स्तरीय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में 82 खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में जोर आजमाइश की। प्रतियोगिता के अंडर- 45 किलो भार वर्ग में रुद्र यादव प्रथम, अंश यादव द्वितीय रहे। 48 किलो में नितेश यादव प्रथम, करन यादव द्वितीय रहे। 51 किलो में विकास यादव प्रथम, अर्जुन द्वितीय रहे। 55 किलो में सुमंत यादव प्रथम, अभिषेक वर्मा द्वितीय रहे। 60 किलो में विकास यादव प्रथम, शिवम द्वितीय रहे। 65 किलो में राम निहाल प्रथम, रवीन्द्र द्वितीय रहे। 71 किलो में सर्वेश गौड़ प्रथम, रिषभ तिवारी द्वितीय रहे। 80 किलो में शशांकधर दुबे प्रथम, शंभू दास द्वितीय रहे। 92 किलो में अमन प्रथम व आदित्य द्वितीय रहे। 110 किलो भार वर्ग में मुन्ना प्रथम व नीरज द्वितीय रहे।

### केनरा बैंक में एक ही रात में दो बार चोरों का धावा

बाराबंकी, अमृत विचार: लखनऊ मार्ग पर कुरौली कस्बा स्थित केनरा बैंक शातिर चोरों के निशाने पर आ गया है। पूर्व में यहां दो बार चोरी की जा चुकी थी, वहीं 12 दिन पूर्व आधी रात के बाद चोर दो बार आया और असफल होने पर तोड़फोड़ करके चला गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की गतिविधि की तहरीर देकर प्रबंधक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कुरौली कस्बा में केनरा बैंक की शाखा है। यहां के शाखा प्रबंधक जयेश दीक्षित का कहना है कि 15 सितंबर की रात 1:27 बजे एटीएम लॉबी में बदमाश अंदर पहुंचा, एटीएम का मैग्नेटिक एक्सेस कंट्रोलर और दरवाजे का लॉक चोर ने तोड़ डाला। बदमाश ने तिजोरी का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया, हालांकि खोलने में असमर्थ होने के बाद वह चला गया। करीब 3.03 बजे बदमाश तिजोरी को तोड़ने के लिए उपकरणों के साथ एटीएम लॉबी में फिर से प्रवेश कर गया, हालांकि एक बार फिर विफल होने पर वह चला गया।

# हत्या के तीन आरोपी दोष मुक्त

अयोध्या कार्यालय

▸▸ विवेचना में हुए विरोधाभास का लाभ देते हुए कोर्ट ने दिया फैसला

अमृत विचार : घटना के समय पुलिस ने कारण और लूटा गया सामान दूसरा बताया, जबकि घटना के ढाई माह बाद यह दोनों बदल दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 10 चोटें बताई गईं, जबकि पंचनामा में केवल एक चोट का होना पाया गया। इसी विरोधाभास के कारण कोर्ट ने चोरी के उद्देश्य से घर में घुसकर एक किशोर की हत्या करने के मामले में तीनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। फैसला अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे की अदालत से हुआ।

अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया कि घटना 22 अक्टूबर 2017 की है। नौशाद इलाही निवासी तेली टोला थाना कोतवाली नगर अपने परिवार के साथ कानपुर रिश्तेदार की शादी में गया था। घर पर उसका इकलौता पुत्र मोहम्मद उमर था। 24 अक्टूबर को उसके घर का दरवाजा देर तक न खुलने पर मोहल्ले वालों ने खटखटाया। नहीं खुला तो पुलिस को बुलाया गया और पड़ोसी के घर से उसके घर में प्रवेश किया। पता चला कि पीछे का दरवाजा खुला हुआ था। घर का सामान बिखरा था। अलमारी में रखा सोना, जेवर, 4 लाख रुपये गायब थे। आगे वाले कमरे में उसके लड़के की लाश पड़ी थी। सूचना पर वह कानपुर से आया और रिपोर्ट वसीम नट, सहबान निवासी टकसाल तथा राजकुमार उर्फ कृष्णा निवासी ठठरहिया के खिलाफ दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के तुरंत बाद विवेचक ने वादी का बयान लिया, जिसमें बताया कि घर का सारा सामान, मृतक का मोबाइल लूट ले गए। घटना के पीछे पुरानी रंजिश थी। इसके ढाई माह बाद विवेचक ने वादी को दोबारा बयान लिया और उसमें बताया कि एटीएम कार्ड, पावर बैंक, आधार कार्ड और एक डॉलर का नोट लूट ले गए। घटना के पीछे वादी की बेटी से सहबान का अवैध संबंध बताया। विरोध करने पर हत्या बताते हुए आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत कर दिया। विवेचना में हुए इसी विरोधाभास का लाभ देते हुए कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

# नगर निगम में टेंडर लेने के लिए गहमा-गहमी

अयोध्या कार्यालय

▸▸ मौके पर पहुंची पुलिस ऑफलाइन थे 110 टेंडर

अमृत विचार : नगर निगम में शुक्रवार को विकास कार्यों के लिए ऑफलाइन 110 टेंडर निकाले गए। टेंडर लेने के लिए ठेकेदारों में होड़ सी मच गई। एक ठेकेदार ने बड़ी संख्या में टेंडर लेने की बात कही तो गहमा गहमी का माहौल हो गया। इस दौरान ठेकेदार ने पुलिस को बुला लिया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में वह 50 टेंडर अपने नाम लेकर गए हैं।

ठेकेदार संघ के अध्यक्ष विजय पांडेय के मुताबिक नगर निगम ने विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपये तक के टेंडर निकाले थे। क्योंकि टेंडर दस लाख रुपये से कम के थे। इसलिए यह सभी टेंडर ऑफलाइन थे। दोपहर के समय ठेकेदारों की नगर निगम के निर्माण विभाग में लाइन लग गई। टेंडर लेने के लिए गहमा-गहमी होने लगी। बताया जाता है कि ठेकेदार अखंड प्रताप सिंह 50 टेंडर लेना चाहते थे, लेकिन बाबू राकेश तिवारी ने यह कहते हुए मना कर दिया कि पार्षद जिन्हें बताएंगे उन्हें ही टेंडर दिया जाएगा। इसके बाद अखंड सिंह ने 112 पर कॉल कर दी। मौके पर पुलिस पहुंच गई।

## सार-संक्षेप

### संस्थापक की पुण्यतिथि पर मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



राजबली स्मारक इंटर कॉलेज में मेधावियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि तेज नारायण पांडेय।

पूरा बाजार, अयोध्या, अमृत विचार : राजबली स्मारक इंटर कॉलेज मडना के संस्थापक स्व. राजबहादुर यादव की पुण्यतिथि पर विद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि स्व. राजबहादुर यादव द्वारा ग्रामीण अंचल में इंटर कॉलेज खोलने का उद्देश्य था कि गांव के बच्चे भी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर अपने भविष्य का निर्माण कर सकें। मुख्य अतिथि ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में कॉलेज में प्रथम आने पर छात्राओं को आरुषि कनौजिया व रागिनी प्रजापति को साइकिल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उनके अभिभावकों को भी शाल भेंट कर सम्मानित किया। कॉलेज के अन्य मेधावी छात्र छात्राओं को स्मृति चिह्न भेट किया। पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय, सूर्यकांत पांडेय, प्रबंधक रवि यादव, अंगद यादव, लड्डू लाल यादव, पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी राम लखन यादव, तरजीत गौड़ सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन ने दी जिला जज को विदाई

अयोध्या, अमृत विचार : विश्वनाथ के चरणों से न्यायिक पारी शुरू करके मर्यादा पुरुषोत्तम राम के चरणों में उसे समर्पित कर देना मेरा सौभाग्य है। यह कहना था जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव का। वह कचहरी के आचार्य नरेंद्र देव सभागार में बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित विदाई समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। वह सोमवार को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि नौकरी शुरू करने के दिन से ही रिटायरमेंट का समय निश्चित होता है। शुरुआत अच्छी होती है तो उसका अंत भी अच्छा ही होता है। समारोह की शुरुआत में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जोखू प्रसाद तिवारी, अधिवक्ता राकेश वेद समेत अन्य लोगों ने जिला जज का माल्यार्पण करके स्वागत किया। इस मौके पर अपर प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय अल्पना सक्सेना, विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट शिवानी जायसवाल ,अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे, सीजेएम अंशुमाली पांडेय, न्यायिक अधिकारी अतुल पाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### लोहे की रॉड से जानलेवा हमला, एक की मौत

निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार : कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा टिकैतगंज स्थित इस्लामिया स्कूल के पास बहस के बाद एक व्यक्ति पर लोहे की राड से वार कर दिया गया। हमले में गंभीर रूप से जख्मी व्यक्ति को इलाज के लिए ले जाया गया जहां मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर न मिलने की बात कही है। जानकारी के अनुसार कस्बा टिकैतगंज निवासी मोहम्मद शब्बीर 45 और इमरान के बीच शुक्रवार को कहासुनी हो गई। कहासुनी इस कदर गंभीर मोड़ पर पहुंची कि इमरान ने लोहे की रॉड से शब्बीर के सिर पर वार कर दिया जिससे वह बेहोश होकर नाली में गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिए ले गए जहां शब्बीर की मौत हो गई।

### नदी के बहाव में बह गया अधेड़, शव बरामद

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : गुरुवार की देर शाम मवेशी चराकर घर लौट रहा अधेड़ कल्याणी नदी पार करते समय तेज बहाव में बह गया। सूचना मिलते ही परिजनों ने नदी में तलाश कराई लेकिन कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार को गोताखोरों की मदद से शव बरामद कर लिया गया। ग्राम बिरौली निवासी 55 वर्षीय रामसागर यादव कल्याणी नदी के किनारे पशुओं को चराने गया था।

# पत्नी पर धोखाधड़ी का आरोप

अयोध्या कार्यालय

▸▸ नशीला पदार्थ खिला मकान का बैनामा करवा लेने का आरोप

▸▸ अदालत के आदेश पर अयोध्या कोतवाली ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के प्रमोद वन निवासी सुरेश कुमार पाण्डेय ने अपनी ही पत्नी पर एक युवक की मिलीभगत से नशीला पदार्थ खिला मकान का बैनामा करवा लेने का आरोप लगाया है। पुलिस व अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर अदालत के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि वर्ष 2007 में उसकी मुलाकात मोहल्ला लवकुश नगर रामघाट चौराहा निवासी संगीता से हुई और दोनों ने अयोध्या स्थित गायत्री शक्ति पीठ में शादी कर ली तथा दो बच्चे हैं। संगीता ने अपने मित्र संतोष सिंह निवासी अमानीगंज कोतवाली नगर की मदद से 11 अक्टूबर 2017 को नशीला पदार्थ खिलाकर बने बनाए मकान को खाली प्लाट दिखाकर धोखे से अपने नाम बैनामा करा लिया। मामले की जानकारी पर उन्होंने बैनामा निरस्त कराने के लिए न्यायालय सिविल जज (सीडि) के यहां प्रार्थना पत्र दिया तो 3 फरवरी 2021 को संगीता ने एक पक्षीय तलाक ले लिया। छानबीन में पता चला कि संगीता ने पहले वर्ष 2004 में गोण्डा जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित गिलया निवासी त्रिभुवन शर्मा से शादी की थी और दो माह बाद ही उसकी 3 बीघा जमीन अपने नाम बैनामा कराने के बाद छोड़ दिया। पीड़ित का कहना है कि मार्च माह में 15 तारीख की शाम अपने बच्चों से मिलने गया तो मिलने नहीं दिया और उसने मित्र युवक के साथ मिलकर उससे अभद्रता की तथा धमकी दी। शिकायत पर पुलिस और अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा का कहना है कि दोनों के बीच पारिवारिक विवाद का मामला है। रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात कराई जा रही है।



अवध विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

# प्रतियोगिता के विजेता व मेधावी पुरस्कृत

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के हिंदी भाषा, प्रयोजनमूलक विभाग, क्षेत्रीय भाषा केंद्र और बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्त्वावधान में हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में प्रश्नमंच प्रतियोगिता के साथ-साथ मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार हिन्दी विभाग के सचिन कसौंधन, द्वितीय पुरस्कार गौरव सिंह, तृतीय पुरस्कार नेहा गुप्ता व अभीष्ट दीक्षित, राजवर्धन सिंह और आदर्श पांडेय को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

# ई-पॉश मशीनें नहीं पढ़ पा रहीं फिंगर प्रिंट

बाराबंकी, अमृत विचार: सालों पहले बने आधार कार्ड में लगे अंगूठों व अंगुलियों के निशान ई-पॉश मशीनें पढ़ नहीं पा रहीं हैं। इसके चलते सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के साथ ही बैंक में लेन-देन करने में बुजुर्गों को दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। हालांकि कुछ योजनाओं में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से लाभ दिया जा रहा है।

फिंगर प्रिंट का मिलान न होने से पेंशन, किसान सम्मान निधि नहीं मिल पा रही है। बच्चों को ड्रेस के पैसे नहीं मिल रहे हैं। कार्डधारकों को ओटीपी के माध्यम से राशन तो मिल रहा लेकिन उनसे भी ई-केवाईसी कराने को कहा जा रहा है। इसके चलते बैंकों, पोस्ट ऑफिस और आधार कार्ड केंद्रों में आधार अपडेट कराने वालों की लाइन लग रही है। रोजाना औसतन 1500 आधार कार्ड अपडेट किए जा रहे हैं। शहर के प्रधान डाकघर समेत यूनियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा में सुबह छह बजे से ही लोगों की भीड़ लग रही है।

खाद्य एवं रसद विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान समय में 2251 राशनकार्ड के सदस्यों के अंगुलियों का मिलान ई-पॉश मशीनों में नहीं हो पा रहा है।

# पर्यटकों को दें सही जानकारी : नगर आयुक्त

अयोध्या कार्यालय

▸▸ अवध विवि में विश्व पर्यटन दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में विश्व पर्यटन दिवस पर शुक्रवार को "पर्यटन और शांति" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर आयुक्त, संतोष कुमार शर्मा व विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह किया गया। मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि पर्यटन को पैशन से जोड़िए। जितना इन्फॉर्मेशन आपके पास होगा। इससे पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या स्प्रिचुअल टूरिस्ट स्थल बन रहा है। आज अयोध्या आधुनिक पर्यटन बनने की ओर अग्रसर है। इसे सभी मिलकर त्रेता युगीन अयोध्या से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन से जुड़े विद्यार्थियों को अयोध्या के स्थानीय चीजों का ज्ञान रखना होगा। अध्यक्षता करते हुए व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो हिमांशु शेखर सिंह ने कहा कि अयोध्या पर्यटन नगरी के साथ आध्यात्मिक नगरी भी है। पर्यटन के विद्यार्थियों को अयोध्या के अनुरूप अपने को तैयार करना होगा।



कार्यक्रम में नगर आयुक्त को स्मृति चिह्न भेंट करते विभागाध्यक्ष। अमृत विचार

# शिविर में 40 लोगों को लगे कृत्रिम अंग

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अशोक सिंहल फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद एवं भगवान महावीर विकलांग कल्याण सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धेय अशोक सिंहल की 98वीं जयंती के अवसर पर कारसेवकपुरम में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन प्रारंभ हुआ। भारी बारिश एवं तूफान के चलते मुख्य पंडाल को रात्रि में काफी क्षति हुई, परंतु समय रहते हुए सारी व्यवस्था मुख्य भवन भारत कल्याण प्रतिष्ठान के हॉल में की गई।



शिविर की शुरुआत करते जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह। अमृत विचार

शिविर का उद्घाटन अयोध्या जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, एसएसपी राज करण नय्यर, मणिराम दास छावनी के महंत कमल नयन दास, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास से चंपत राय के द्वारा किया गया। इस दौरान ट्रस्टी अनिल मिश्रा, महंत दिनेंद्र दास, मीडिया प्रभारी शरद शर्मा एवं नगर आयुक्त संतोष शर्मा भी मौजूद रहे।

महंत कमल नयन दास ने अशोक सिंघल फाउंडेशन के इस शिविर के आयोजन के लिए सराहना की और उन्हें याद करते हुए कहा अशोक जी का संपूर्ण जीवन समाज राष्ट्र को समर्पित रहा।

शिविर के व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने बताया कि कुल 750 पंजीकरण प्राप्त हुए थे जिसमें से 65 लोगों को फोन कर के बुलाया गया था, लेकिन भारी बारिश के चलते कम लोग ही पहुंच पाए। शिविर में 40 दिव्यांगों को अंग प्रदान किए गए, जिसमे कृत्रिम हाथ, पैर एवं कैलिपर हैं। अगले दिन के लिए 60 दिव्यांग जनों को बुलाया गया है।

# कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ेंगे जरूरतमंद बच्चे

बाराबंकी, अमृत विचार: आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है। जिले में 860 विद्यालयों में 7058 बच्चों के लिए आरक्षित सीटों पर एक दिसम्बर 2024 से आवेदन प्रारम्भ होंगे। चार चरणों में बच्चों का प्रवेश विभिन्न विद्यालयों में कराया जाएगा।

गरीब परिवार के बच्चों के लिए कान्वेंट स्कूलों में पढ़ाई का मौका राइट टू एजूकेशन के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष मिलता है। बीएसए सन्तोष देव पाण्डेय ने बताया कि जिले के 860 विद्यालय चिन्हित किये गये हैं। जिनमें गरीब परिवार के 7058 बच्चों को इस साल कान्वेंट स्कूलों में पढ़ाई के लिए प्रवेश कराने का मौका मिलेगा। चार चरणों में एक दिसम्बर 2024 से 31 मार्च 2025 तक समस्त बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया पूरी करायी जायेगी। जिससे बच्चे 01 अप्रैल 2025 से अध्ययन प्रारम्भ कर सकें।

जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता नन्दन पाण्डेय ने बताया कि राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा समय सारिणी जारी कर दी गयी है। प्री प्राइमरी व कक्षा एक में प्रवेश के लिए पहले चरण के आवेदन की प्रक्रिया एक दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक चलेगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सर्वसाधारण सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र आराध्य प्रताप सिंह उम्र 7 वर्ष का नाम बदलकर अभिराज प्रताप सिंह रख लिया है। यही नाम भविष्य में मेरे व पुत्र के सभी प्रपत्रों व स्कूली दस्तावेजों में लिखा पढ़ा व समझा जाये। **आलोक कुमार सिंह पुत्र श्री राम आसरे सिंह पता– ग्राम शिवराजपुर, पोस्ट– गड़वारा, जनपद– प्रतापगढ़** (उ0प्र0)

### सूचना

मेरे पासपोर्ट नं. 23063334 में त्रुटिवश मेरी पत्नी का नाम SUMAIYA HASANI की जगह SUMMAIYA अंकित हो गया है। इसे संशोधित करके सही नाम SUMAIYA HASANI अंकित किया जाये SYED BILAL ABDUL HAI HASANI **नि0– तकिया कला मैदानपुर, रायबरेली, उ.प्र**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी पुत्र रहमतउल्ला, निवासी– ग्राम– कटौली, मजरा अहमदाबाद थाना रहीमाबाद जिला लखनऊ ,** मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड पर मदीहा आरिफ सिददीकी है जबकि कक्षा 09 की मार्कशीट पर मदीहा दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी तथा पुत्री मदीहा आरिफ सिद्दकी (MADEEHA ARIF SIDDIQUE) की माता का नाम तहसीन जहाँ है। यह कि उपरोक्त की पुत्री का नाम मदीह नाज के स्थान पर मदीहा आरिफ सिद्दीकी दर्ज किया जाए।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **अमर कान्ती उर्फ श्रीकान्ती पत्नी अमरनाथ निवासी हरपालपुर पोस्ट खरसतिया, जिला बाराबंकी** की रहने वाली हूं। जीवन बीमा पालिसी में मेरा नाम श्रीकान्ती अंकित है। जब कि आधार कार्ड, बैंक पासबुक में अमर कान्ती पत्नी अमरनाथ अंकित है। उक्त दोनो नाम मेरे ही हैं। मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रवण कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जिला जौनपुर घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम सचिन जायसवाल है लेकिन त्रुटिवश अभिलेखों में रितिक जायसवाल हो गया है जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम सचिन जायसवाल ही भविष्य में जाना व समझा जाए। **भवदीय–श्रवण कुमार जायसवाल।**

### सूचना

मेरी पुत्री मंगला देवी मनमानी करते हुए 20–09–2021 को संतोष पुत्र जगदीश निवासी ग्राम रेउढ़ा थाना ज़रवलरोड जिला बहराइच के साथ जाकर शादी कर लिया था। जिससे मेरी मानहानि हुई थी। दोनों के कृत्य से आहत होकर मेरे परिवार ने मंगला देवी व संतोष से संबंध विच्छेद कर लिया था। अब दोनों लोग पुनः संबंध बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मंगला देवी व उनके पति से मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का कोई वास्ता सरोकार नहीं है। दोनों लोग अपने द्वारा किये गये कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **उदय राज पुत्र स्व0 राम सेवक ग्राम पैरौरी अमृतपुरी पुरवा थाना–कोतवाली करनैलगंज जनपद–गोण्डा**

# रिक्त पदों पर करें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिला पोषण समिति की बैठक जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमे कन्वर्जेंस विभाग के सभी अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष गत माह बैठक की अनुपालन आख्या और वर्तमान माह की बिंदुवार स्थिति जिला कार्यक्रम अधिकारी ने प्रस्तुत किया।

बैठक में जिलाधिकारी ने हॉट कुक योजना को शत-प्रतिशत केंद्रों पर संचालित करने के लिए नॉन लोकेटेड और नगरीय क्षेत्र में भी केंद्रों पर बच्चों के लिए भोजन बनाने के तहत अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका और डीपीआरओ को ईंधन के लिए सिलेंडर और भोजन बनाने के लिए बर्तन को एसओपी में निहित व्यवस्था के अनुसार क्रय करते हुए उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया है। वर्ष 2022-2023 के 54 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माणाधीन भवनों को अतिशीघ्र पूर्ण कराए जाने के लिए अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्देशित किया है। उन्होंने 2023-24 के 41 आंगनबाड़ी भवनों को ग्राम पंचायत कार्यदाई संस्था को कार्य शुरू कराकर प्रगति लाए जाने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कटेहरी विधान सभा के 15 नए आंगनबाड़ी भवन पर भी कार्य के लिए निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियमानुसार भर्ती के लिए भी निर्देश दिया है, जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आश्वस्त किया गया कि आरक्षण आदि की गहन समीक्षा के बाद अतिशीघ्र भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की जाएगी। बैठक में सभी कन्वर्जन विभाग के अधिकारी के साथ सीडीपीओ और मुख्य सेविका उपस्थित रहे।


जिला पोषण समिति की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में मौजूद सभी कन्वर्जन विभाग के अधिकारी, सीडीपीओ और मुख्य सेविका।

### 75 आंगनबाड़ी केंद्रों को लर्निंग लैब के रूप में करें विकसित

द्वितीय चरण के 75 आंगनबाड़ी केंद्र को लर्निंग लैब के रूप में विकसित किए जाने के लिए कायाकल्प के तहत कार्य को करने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया है। संभव अभियान के तहत पोषण ट्रैकर पर माह जून के 1639 चिन्हित सैम बच्चों को ई-कवच पर एएनएम, सीएचओ द्वारा उपलब्ध आईडी से प्रबंधन करने, फॉलो अप करने, 6 प्रकार की दवा सुनिश्चित कराने, पोषण पुनर्वास केंद्र पर सैम बच्चो के संदर्भन और सुधार के लिए विशेष प्रयास के लिए चिकित्सकों को निर्देशित किया।

### कार्यकत्रि को दें प्रशिक्षिण

जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ और मुख्य सेविकाओ को कार्यकत्री को वजन लेने, लम्बाई और ऊंचाई लेने के लिए प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं, जिससे सही कुपोषण की पहचान हो सके। साथ ही सभी वर्कर से अच्छा संवाद स्थापित करने और समुचित जलपान आदि की भी व्यवस्था करने के लिए अवगत कराया गया है।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यक्रमों की समीक्षा सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा विभिन्न विभागों के पोर्टल को क्लब कर एक एकीकृत पोर्टल सीएम डैशबोर्ड बनाया गया है, जिसका नियमित मुख्यमंत्री कार्यालय से निगरानी की जाती है। जिसके आधार पर जनपद और अधिकारियों की रैंकिंग निर्धारित की जा रही है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विकास कार्यक्रमों से संबंधित विभागों समाज कल्याण विभाग, लघु सिंचाई, पशुपालन, महिला कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक विभाग, बाल विकास और पुष्टाहार, पंचायती राज, श्रम विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों से प्रत्येक कार्यक्रम की बिंदुवार गहन समीक्षा किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त विकास कार्यक्रमों को तीव्र गति से करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्त मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के उपरांत समय अंतर्गत विभागीय पोर्टल पर फीड कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक विकास कार्यक्रम के लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। किसी भी विकास कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### निर्देश

**विकास से संबंधित विभाग लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाएं, लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई**

### बैठक में ये भी रहे उपस्थित

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह,, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### संचारी रोगों से बचाव के लिए साफ-सफाई जरूरी

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** विकासखंड रामनगर में ब्लॉक टास्क फोर्स की ओर से संचारी रोग नियंत्रण और घर-घर दस्तक अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बीडीओ हौसला प्रसाद ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, आंगनवाड़ी, शिक्षा विभाग आदि के सहयोग से इस अभियान को गति प्रदान करना है, जिससे अभियान का बेहतर परिणाम सामने आ सके। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। पीएचसी रामनगर प्रभारी डॉ. आशीष राय ने कहा कि डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए आसपास पानी का जमाव न होने दें। यदि घर में कूलर है तो उसका पानी समय-समय पर बदलें। बीईओ रामनगर शैलजा मिश्र, सीडीपीओ प्रेमा देवी मौजूद रहे।

### मजलिस का आयोजन 29 को

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** नगर के उस्मानपुर स्थित बारगाह इमाम अली मुर्तजा हाजी बाबा तल में आगामी 29 सितम्बर को सुबह 9 बजे मौलाना गुलामुस्सकलैन वाइज मरहूम की मजलिस ए चेहल्लुम का आयोजन किया गया है। मजलिस को मौलाना सैयद मोहम्मद जाबिर जौरासी खिताब करेंगे। मजलिस से पूर्व मौलाना मेंहदी हसन वाइज, मौलाना अकबर अली वाइज, मौलाना नैय्यर जुलकरनैन, मास्टर इब्ने हसन मरहूम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालेंगे। वहीं शोराए कराम हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शान में नजराना अकीदत पेश करेंगे। उक्त सूचना मरहूम के पुत्र मौलाना मोहम्मद मीसम ने दी हैं।

### 28 टीमों ने किया पशुओं का टीकाकरण

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** पशुओं को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए जनपद के सभी 18 पशु सेवा केंद्र पर शिविर लगाकर पशुओं को टीका लगाया गया। इसके अलावा 28 टीमों ने अलग-अलग गांव पहुंचकर न सिर्फ पशुओं को टीका लगाया बल्कि पशुपालकों को पशुओं को बीमारियों से बचाने के बारे में जानकारी दी। बता दें कि पशुओं को खुरपका, मुंहपका जैसी बीमारियों से बचाने के लिए मौजूदा समय में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया रहा है। 45 दिन तक चलने वाले अभियान के तहत लगभग तीन लाख पशुओं को टीका लगाए जाने का लक्ष्य है। अभियान को सफल बनाने के लिए 28 टीम का गठन किया गया है। प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डीके सिंह ने बताया कि अमेदा, लोदीपुर, खेमापुर, मछलीगांव समेत कई अन्य क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान चलाकर पशुपालकों को जागरूक किया गया।

# बारिश से सड़कों पर जलभराव, जनजीवन प्रभावित

## लोगों को उमस और गर्मी से मिली निजात, किसानों के चेहरे खिले, मौसम विभाग ने जारी किया तीन दिन का अलर्ट


प्राथमिक विद्यालय तिवारीपुर में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार


बारिश के बाद खेतों में भरा पानी। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में बीते गुरुवार शाम से शुरू हुई झमाझम बारिश शुक्रवार को भी लगातार जारी रही। बारिश होने से पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी और उमस झेल रहे लोगों ने राहत की सांस लिया है। वहीं बारिश के कारण आम जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है।

लगातार हो रही बारिश में बिजली कटौती के कारण जहां लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, वहीं मोहल्लों और सड़कों पर भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। शुक्रवार को भी पूरे दिन लगातार बारिश होती रही जो निरंतर जारी है। अचानक शुरू हुई इस बरसात से आम जनजीवन भी बुरी तरह से प्रभावित होता दिख रहा है। तेज हवा और बरसात के चलते जनपद के कई क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बाधित हो गई है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। ऐसे में जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है। बारिश से अकबरपुर नगर की सड़कों और ग्रामीण क्षेत्र की मार्गों पर पानी भर गया। जनपद के कलेक्ट्रेट रोड में भी पानी भरा रहा। वहीं स्कूलों में छुट्टी की सूचना देर से मिलने के कारण बच्चे बारिश में विद्यालया पहुंचे, जिसके बाद उन्हें वापस घर लौटना पड़ा।

### इंटरमीडिएट तक के विद्यालयों में आज अवकाश

जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सभी इंटरमीडिएट तक के विद्यालयों को 27 और 28 सितंबर को बंद रखने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि भारी वर्षा के कारण विद्यालय परिसरों और सडक़ों में जलभराव हो गया है, जिससे बच्चों को स्कूल आने-जाने में कठिनाई होगी।

### किसानों के लिए संजीवनी से कम नहीं है बारिश

झमाझम हो रही बारिश खेती किसानी करने वालों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। धान की रोपाई कर चुके किसानों को धान की फसलों में पानी की जरूरत थी। वहीं गन्ना किसानों के लिए भी यह बारिश फायदे की है। ऐसे में जिस तरह से झमाझम बारिश हुई है इससे निश्चिम रूप से किसानों को काफी फायदा मिलेगा। बीती रात से तेज हवा और झमाझम बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिल गए, वहीं तमाम फसलें भी धराशाई हो गई। करीब एक माह झमाझम बारिश होने से छोटे तालाब और खेतों में पानी भर गया है। लगातार हो रही बारिश से तमाम किसानों की तैयार फैसले गिरकर जलमग्न हो गई हैं। इतना ही नहीं तेज हवा और बरसात के चलते गन्ने की फसल भी जमीन पर धराशाई हो गई है।

### ईओ ने साफ-सफाई के लिए लोगों को किया जागरूक

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत अकबरपुर बस स्टेशन परिसर समेत नगर के अन्य क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान बस स्टेशन क्षेत्र में स्थानीय लोगों को उपयोग में लाने के लिए कागज के बैग वितरित करने के साथ ही स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी दिलाया। बता दें कि जनपद में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सभी तीन नगर पालिका और चार नगर पंचायत में संबंधित ईओ के नेतृत्व में इसे संचालित किया जा रहा है। अकबरपुर नगर स्थित बस स्टेशन परिसर में अधिशासी अधिकारी बीना सिंह के नेतृत्व में सफाई कार्य कराने के साथ रोडवेज कर्मियों को स्वच्छत्ता के प्रति जागरूक किया गया। ईओ बीना ङ्क्षसंह ने बताया कि इस दौरान परिसर के बाहर लोगों को प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग न करने के लिए कागज के बैग भी वितरित किए गए। ईओ ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही एक स्वच्छ वातावरण की स्थापना की जा सकती है।

# सोलर प्लांट की स्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण करें : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में परियोजना अधिकारी नेडा ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जनपद में अब तक 14 हजार 775 लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया है। जिसमे से 116 घरों में रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट की स्थापना की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने जनपद के लक्ष्य 11 हजार के सापेक्ष सोलर पावर प्लांट की स्थापना का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिससे अपेक्षित समय में पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया जा सके अपने विद्युत बिल का बचत कर सकें। जिलाधिकारी ने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। पीओ नेडा ने बताया कि सोलर आरटीएस पावर प्लांट की स्थापना पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा अनुदान और साथ ही सोलर आरटीएस से प्राप्त विद्युत मुफ्त है। बैठक में एक्सईएन मीटर, ईओ नगर पालिका अकबरपुर बीना सिंह और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और संबंधित वेंडर्स उपस्थित रहे।

### शिविर में मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**अंबेडकरनगर।** जनपद के भीटी तहसील क्षेत्र के ककरहिया पंचायत भवन में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सालय रनीवां आश्रम के तत्वावधान में आयोजित शिविर में लगभग 45 मरीजों का परीक्षण व जांच करने के बाद उन्हें मुफ्त दवाएं देने के साथ स्वास्थ्य रहने के तौर तरीके भी बताए गए। डॉ. लालमणि वर्मा ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में पेट, हृदय, बीपी, शुगर आदि की बीमारी से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं वितरित की गई।

### तीन लाख 80 हजार किसानों को जल्द मिलेगी सम्मान निधि

**अंबेडकरनगर।** जनपद के तीन लाख 80 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जल्द मिलेगी। सम्मानि निधि के तहत किसानों को दो हजार की दर से लगभग 76 करोड़ रुपए की धनराशि पांच अक्टूबर को उनके खातों में भेजने की तैयारी है। जिसकों लेकर किसानों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को प्रति वर्ष छह हजार रुपए दिए जाते हैं। लोकसभा चुनाव के बाद जून माह में किसानों को 17वीं किस्त का लाभ मिला था। 18वीं किस्त के लिए बीते दिनों तीन लाख 80 हजार का डाटा तैयार हुआ था। कार्यालय ने सत्यापन कर रिपोर्ट मंजूरी के लिए भेज दी है। उम्मीद है कि पांच अक्तूबर को सभी किसानों के खाते में लगभग 76 करोड़ की राशि भेज दी जाएगी। हालांकि विभिन्न कागजात न पूरा होने के चलते लगभग 37 हजार किसान योजना का लाभ पाने से वंचित रह जाएंगे। उपकृषि निदेशक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त के तहत तीन लीख 80 हजार किसानों के खाते में जल्द ही धनराधि भेजी जाएगी।

# वाहन की टक्कर से वृद्ध की गयी जान

बसखारी, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर स्कॉर्पियो वाहन की चपेट में आने से एक साइकिल वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं स्कॉर्पियो भी अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना शुक्रवार की सुबह 11 बजे के करीब राष्ट्रीय राजमार्ग-233 पर बसखारी थाना क्षेत्र के बढियानी कलां गांव के निकट की बताई जा रही है।

बता दें कि बसखारी थाना क्षेत्र के बढियानी निवासी अच्छेलाल 60 वर्ष पुत्र ओरी साइकिल से राष्ट्रीय राजमार्ग-233 को क्रास कर रहे थे। इसी बीच अच्छे लाल साइकिल समेत आजमगढ़ की तरफ से आ रही स्कॉर्पियो वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो भी अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना देते हुए घायल अच्छेलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी पहुंचाया और स्कॉर्पियो में फंसे चालक को भी निकाल कर




स्कॉर्पियो को सीधा कियाा। उधर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल पहुंचे अच्छे लाल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और इधर मौका पाकर चालक स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। सूचना पाकर सीएचसी पर पहुंचे उपनिरीक्षक त्रिवेणी सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि इस मामले में मृतक के परिजन के प्रार्थना पत्र पर स्कॉर्पियो वाहन संख्या यूपी 60 बीडी 4953 के अज्ञात चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर बसखारी पुलिस वाहन और चालक का पता लगाने के प्रयास में जुट गई है। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक संत कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### प्राण रक्षा से बढक़र कोई अन्य पुण्य कार्य नहीं : डॉ. त्रिपाठी

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** समाज के कल्याण और राष्ट्र के विकास तथा समृद्धि में युवा वर्ग की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है, आगे भी रहेगी। यह बात चिकित्सक डॉ. एसएन त्रिपाठी ने कही। वह जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में सामाजिक संस्था अल-इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से रक्तदाताओं को जारी प्रमाण-पत्र वितरित कर रहे थे। फाउंडेशन के चेयरमैन ख्वाजा शफाअत हुसैन एडवोकेट की मौजूदगी में आयोजित प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. एसएन त्रिपाठी ने कहा कि प्राण रक्षा से बढ़कर कोई अन्य पुण्य कार्य नहीं हो सकता है। रक्तदान के माध्यम से इस पुण्य कार्य में नौजवानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण व सराहनीय है। जबकि डॉ. उमेश चन्द्रा ने कहा कि वास्तविक रूप से रक्तदान महादान है। जब आप रक्तदान करते हैं तो यह आपके शरीर से 225 से 250 मिलीग्राम आयरन निकाल देता है, जिससे हृदय रोग की संभावना कम हो जाती है। कार्यक्रम में सैयद हसन इमाम, मोहम्मद अब्बास, अबूतुराब नकवी, हसन अब्बास, फहीम अजीम खान, सैयद जामिन अब्बास, कमर अब्बास सहित दो दर्जन से अधिक महादानियों को प्रमाण-पत्र प्राप्त दिया गया। अल-इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन ख्वाजा शफाअत हुसैन ने बताया कि संस्था द्वारा वर्ष में दो बार वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय परिसर में किया जाता है। जिसमें हर वर्ग के लोग प्रतिभाग कर कर्बला के महान बलिदानी हजरत इमाम हुसैन के नाम पर स्वैच्छिक रक्तदान करते हैं। उक्त अवसर पर संजीव कुमार गुप्त, रेहान जैदी, प्रशांत विश्वकर्मा, नजमुल हसन गुलाम अली उर्फ लाडले, उमाशंकर तिवारी, इर्शाद आदि उपस्थित थे।


रक्तदानी को प्रमाण पत्र देते डॉ. एसएन त्रिपाठी।

### मित्र प्रकाश को मिली पीएचडी की उपाधि



**जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** जलालपुर तहसील के मथुरा रसूलपुर निवासी डॉ. अरविन्द कुमार के पुत्र मित्र प्रकाश को विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विश्व विद्यालय वाराणसी के समाज विज्ञान विभाग ने समाजशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। समारोह की अध्यक्ष आनन्दीबेन पटेल रहीं। मित्र प्रकाश ने प्रो. सुधीर राय के निर्देशन में डॉ. लोहिया ग्राम विकास योजना की ग्रामीण रूपांतरण में भूमिका एक समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर शोध कार्य किया। इस दौरान इनके कई शोध पत्र अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके है। मित्र प्रकाश अकबरपुर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय ताजूपुर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। पीएचडी की उपाधि मिलने पर डॉ. मित्र प्रकाश को माता रीता देवी, चाचा डॉ. दिलीप कुमार चौधरी, चंद्रशेखर चौधरी, भाई सोम प्रकाश, कुशाग्र व समस्त मित्रगणों ने बधाई दी।

### मांगें पूरी होने पर महिला के शव का किया अंतिम संस्कार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के नसोपुर गांव में विवाद के बाद घायल महिला की सडक़ हादसे में इलाज के दौरान हुई मौत के मामले में घटना के तीसरे दिन भी मृतका का शव रख कर अपनी कई मांगों को लेकर परिजन डटे रहे। जिलाधिकारी की तरफ से गठित राजस्व टीम के नेतृत्व में भारी गहमागहमी के बीच एसडीएम भीटी सदानंद सरोज व एसडीएम जलालपुर पवन कुमार जायसवाल की देखरेख में हुई विवादित जमीन की पैमाईश के बाद दलित के पट्टा की जमीन का रकबा पूरा कर दिया गया। इनकी मांग के अनुसार हल्का लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को निलंबित करने और कोतवाल के विरुद्ध विभागीय जांच की संस्तुति के बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। लेखपाल के निलंबन पत्र मिलने के बाद परिजनों ने देर शाम करीब 6 :30 बजे शव को ले जाकर अंतिम संस्कार किया। मामला जलालपुर कोतवाली के नसोपुर गांव का है। जहां परिजन महिला का शव घर पर रखकर बगैर अपनी मांग माने बिना दाह संस्कार को तैयार नहीं थे। शुक्रवार की सुबह बारिश के बीच पैमाईश शुरू की गई और शाम जो पट्टा शुदा जमीन की पैमाईश पूरी हो गई। इसी कमी के आधार पर हल्का लेखपाल दुर्गा सिंह को निलंबित कर दिया गया है। उपजिलाधिकारी पवन कुमार जायसवाल ने बताया कि पीडित़ परिवार को शासन द्वारा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सीओ अजेय कुमार शर्मा ने बताया की शाम को अंतिम संस्कार किया गया।

## आयोजन

**कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर निषाद पार्टी द्वारा प्रबुद्ध सम्मेलन का किया गया आयोजन**

# सपा और बसपा ने निषादों को ठगने का काम किया : प्रवीण निषाद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर पार्टियां लगातार तैयारी में जुटी हुई हैं। शुक्रवार को निषाद पार्टी द्वारा कटेहरी में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रबुद्ध सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण निषाद नें कहा कि उनकी पार्टी 2017 और 2022 में कटेहरी विधानसभा का चुनाव लड़ी थी, इसलिए 2024 का उपचुनाव भी उन्हीं की पार्टी लड़ेगी। उन्होंने कहा कि किसको चुनाव लडऩा है इसका फैसला दोनों पार्टियां और गठबंधन मिलकर तय करेगा।

बता दें कि निषाद पार्टी द्वारा कटेहरी बाजार के एक मैरिज लॉन मे आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन बृजेन्द्र त्रिपाठी के संयोजन में हुआ। प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रवीण निषाद नें सपा और बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों ने केवल निषादों को ठगने का काम किया हैं। जब से निषाद पार्टी बनी हैं तब से वंचितों, पिछड़ों को उनका सम्मान मिल रहा हैं। उन्होंने कहा भाजपा नें धारा 370 हटाने और राम मंदिर बनवाने का काम किया है। भाजपा सरकार निषाद राज का भव्य स्मारक बनवा रही हैं। प्रवीण निषाद नें कहा कि उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में गठबंधन सभी सीटे जीतेगी। उन्होंने कहा कि कटेहरी विधानसभा का चुनाव निषाद पार्टी ने 2017 और 2024 मे लड़ा था, वहीं 2024 में होने वाले उपचुनाव को भी वह लड़ेगी। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद और गठबंधन के साथी मिलकर तय करेंगे। प्रवीण निषाद नें कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव कभी कुछ भी ट्वीट कर देते हैं, लेकिन सच्चाई यह हैं कि आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता हैं। यह अधिकार सविधान में मिला है।



कटेहरी बाजार में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रवीण निषाद का माला पहनाकर स्वागत करते कार्यक्रम के आयोजक बृजेन्द्र त्रिपाठी।

### हर वर्ग का हो रहा है विकास

कार्यक्रम के आयोजक बृजेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि एनडीए गठबंधन की सरकार में हर वर्ग का विकास किया गया है। सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग के लोगो को बिना भेदभाव के मिल रहा है। प्रबुद्धजन सम्मेलन में जयसिंहपुर विधायक राज बाबू उपाध्याय, निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबू राम निषाद, प्रदेश सचिव धीरेंद्र निषाद, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष जनक नंदनी और जिला अध्यक्ष संजय निषाद सहित तमाम लोग मौके पर मौजूद रहे।

### सीडीओ आनन्द कुमार शुक्ल ने संभाला कार्यभार

**अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** नवागत मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ल ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सीडीओ ने पदभार ग्रहण करने के बाद विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। विकास कार्यो को समय से पूरा कराना उनका उद्देश्य है। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और शासन की मंशानुसार कार्य किया जाएगा।

## एक नजर

### युवती से मारपीट का मुकदमा दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार** : वजीरगंज के सराय खत्री वकयी निवासी शान्ति देवी पत्नी गग्गे प्रसाद ने थाने पर तहरीर दिया है कि बृहस्पतिवार को सुबह वादिनी के दुकान पर जाते समय गांव के विपक्षी महादेव व जोखू की पत्नी ने रोक कर अपशब्दों का प्रयोग करते मुक्का थप्पड़ व डंडे से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### टीन शेड व ईंट चोरी का आरोप, केस

**गोंडा, अमृत विचार** : वजीरगंज क्षेत्र के उदयपुर ग्रंट निवासी राजकरन ने थाने पर केस दर्ज कराया है कि गांव के विपक्षीगण बिंदु देवी, माधुरी देवी व जानकी प्रसाद ने उनका टीन शेड व दीवार गिरा कर ईंट समेत चारपाई चोरी से उठा ले गए। इसके पहले बीते 20 सितम्बर की रात में उनकी दीवार को गिराने से रोकने पर बहू किरन व सरिता से अभद्रता करते हुए उनको मारापीटा था। जिसका वादी ने उपरोक्त के खिलाफ केस दर्ज कराया था। वादी एक मामले में वांछित होने के कारण जेल चला गया। इसका फायदा उठाकर विपक्षियों ने दीवार की ईंट व टीनशेड मौके से गायब कर दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

### बाइक सहित चोर पुलिस की गिरफ्त में

**खरगूपुर, गोंडा।** चोरी गई मोटरसाइकिल को बरामद कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के बरा राय मल्लापुर में 17 अगस्त की रात मुकेश कुमार सैनी के घर बाइक सहित अन्य सामान चोर चुरा ले गए थे। प्रभारी थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि उक्त चोरी गए पल्सर बाइक को ग्राम कंचनपुर नहर पटरी के पास आरोपी राजा बाबू वर्मा निवासी मो ता जोत मलारी थाना कोतवाली देहात गोंडा को गिरफ्तार कर बाइक को बरामद किया गया।

### युवती को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**करनैलगंज, अमृत विचार** : युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को जरवल रोड से गिरफ्तार किया है। बीते 17 अगस्त को कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र की एक महिला द्वारा पुलिस को तहरीर दी गयी कि अज्ञात व्यक्ति युवक उनकी पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त मोहम्मद शहीम निवासी चौधरी मोहल्ला थाना दरियाबाद बाराबंकी को जरवल रोड तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

### चाचा-भतीजे की पिटाई

**परसपुर।** रास्ते में लटके पेड़ की टहनी हटाने के लिए कहने पर दबंगों ने चाचा भतीजे को जमकर पीट दिया। ग्राम रूदौली निवासी गंगा राम सिंह ने बताया कि उनके गांव निवासी इन्दर सिंह, भगवान बक्श सिंह, बन्टी सिंह तथा लाजो सिंह के बबूल की टहनी रास्ते में झुकी थी जिससे आने जाने में परेशानी हो रही थी। बृहस्पतिवार को समय लगभग शाम 7.30 उपरोक्त लोगों से कहा कि बबूल की टहनी काट लो जिससे आने जाने में परेशानी न हो इसी बात को लेकर भद्दी भद्दी गाली देते हुए लाठी डंडे से मारने लगे। शोर करने पर भतीजा अनूप सिंह बचाने आये तो उनको भी मारे पीटे। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू की गयी है।

# अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन से जुड़ेगा पार्वती अरगा पक्षी विहार : कीर्तिवर्धन

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने जल्द ही बजट जारी होने की उम्मीद जताई, ईको पर्यटन की तर्ज पर विकसित करने पर हो रहा काम

**1,084.47**
हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है वजीरगंज स्थित पार्वती अरगा पक्षी विहार


पर्यावरण संरक्षण में नागरिकों की भूमिका पुस्तक का विमोचन करते केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचारः** जिले के वजीरगंज स्थित पार्वती अरगा पक्षी विहार को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन से जोड़ा जाएगा। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार इस स्थल को ईको पर्यटन की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में काम कर रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री शुक्रवार को टिकरी वन रेंज के पार्वती अरगा पक्षी विहार में स्वच्छता सेवा सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने जल्द ही इस स्थल के विकास के लिए बजट जारी होने की उम्मीद जताई है।

विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर शुक्रवार को जिले के टिकरी वन रेंज स्थित पार्वती अरगा पक्षी विहार में स्वच्छता सेवा सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन विभाग की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदर्शनी, पौधरोपण एवं तमाम अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वन विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री ने लोगों को वेटलैंड के संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने वन मंत्रालय और जिले के अफसरों के साथ पार्वती अरगा पक्षी विहार को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने पर चर्चा की। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि इस स्थल को ईको पर्यटन के तौर पर विकसित करने के लिए अफसरों संग वार्ता चल रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार पार्वती अरगा पक्षी विहार को ईको पर्यटन के तौर पर विकसित करने की योजना तैयार कर रही है। जल्द ही इसे अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन से जोड़ने की योजना है।

वजीरगंज स्थित पार्वती अरगा पक्षी विहार 1,084.47 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। यह पक्षी विहार सर्दियों के मौसम में हजारों प्रवासी पक्षियों का स्वागत करता है। पर्यटक प्रवासी पक्षियों के कलरव का आनंद ले सकेंगे, जिससे इस क्षेत्र का प्राकृतिक सौंदर्य और भी निखरेगा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि स्थल के विकसित हो जाने से न सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही इस स्थल के विकास के लिए बजट जारी करेगी। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह व जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने पक्षी विहार में पौधारोपण भी किया। इस दौरान राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण के सदस्य सचिव नीरज कुमार, वन संरक्षक कंजरवेटर मनोज सोनकर, डीएफओ पंकज शुक्ला, पूर्व ब्लाक प्रमुख यूपी सिंह, पवन सिंह समेत वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

### ब्रिटिश हुकूमत के तर्ज पर काम कर रहे विपक्षी दल

केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कुछ विपक्षी पार्टियों ब्रिटिश हुकूमत की तर्ज पर काम कर रही हैं। जम्मू कश्मीर में होने जा रहे हैं चुनाव पर उन्होंने कहा कि इन राजनीतिक पार्टियों को देश की चिंता नहीं है लेकिन भाजपा अलगाववादी ताकतों को दबाने का काम करेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि आज पीएम मोदी की पूरे विश्व में स्वीकार्यता है। हर अंतर्राष्ट्रीय मामले पर भारत और पीएम मोदी का दखल रहता है। उन्होंने जंगली जानवरों के हमले पर कहा कि जंगली जानवरों का नेचर समझने की जरूरत है। यह जानवर भी पर्यावरण का अंग हैं। यह जंगल छोड़ क्यों बस्तियों की ओर घूम रहे हैं इसको लेकर काम चल रहा है।

### अरगा झील को सरयू कैनाल से जोड़ने की भी योजना

अरगा झील में पानी का स्तर पूरे वर्ष बनाए रखने के लिए इसे सरयू कैनाल से जोड़ने का प्रस्ताव भी है। इससे न केवल झील का जलस्तर स्थिर रहेगा, बल्कि जल निकासी और कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान भी होगा। यह पहल झील के इकोसिस्टम को पुनर्जीवित करने के साथ कृषि को भी सहारा देगी। राज्यमंत्री ने कहा कि झील को कैनाल से जोड़ने की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाए।



पौधरोपण करते केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह व डीएम नेहा शर्मा।

### टिकरी जंगल में होगी ओपन सफारी की शुरूआत

केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि पार्वती अरगा पक्षी विहार अयोध्या धाम के बेहद नजदीक है। ऐसे में अयोध्या आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने की बड़ी योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए टिकरी जंगल में ओपन सफारी की शुरुआत की जाएगी। टिकरी जंगल करीब 7,500 हेक्टेयर में फैला है। ओपन सफारी की शुरुआत से पर्यटक जंगल के वन्यजीवों और वनस्पतियों का निकट से अनुभव कर सकेंगे। अयोध्या धाम के निकट होने के कारण यह परियोजना धार्मिक यात्रियों के लिए एक अतिरिक्त आकर्षण बनेगी, जहां वह अपनी आध्यात्मिक यात्रा के साथ प्रकृति का भी आनंद ले सकेंगे।

## शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम एक अक्टूबर से

**रुपईडीह, गोंडा।** आगामी एक अक्टूबर से शुरू होने जा रहे संचारी रोग अभियान को लेकर पंचायत सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह की देखरेख में ब्लॉक मुख्यालय पर सम्पन्न हुआ। ब्लॉक मे आगामी एक अक्टूबर से शुरू होने जा रहे संचारी रोग अभियान को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के यूनीसेफ के ब्लॉक समन्वयक श्याम सिंह ने उपस्थित सभी पंचायत सचिवों को एक अक्टूबर से शुरू हो रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाए जाने के लिए उनके दायित्वों से अवगत कराया। पंचायत सचिव यमुना प्रसाद, राजेश चौधरी, गरिमा यादव, देवेंद्र पांडेय, राजकुमार,अजीत कुमार, आदिक लोग उपस्थित रहे।

## किसानों को बताए जैविक खेती के तरीके

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत दो दिवसीय गोष्ठी / मेला का आयोजन जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय के परिसर में आयोजित किया गया जिसमें विकास खण्डों के कृषकों व सब्जी बीज की फर्मों ने प्रतिभाग किया।

गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि महेन्द्र कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। भारतीय जनता पार्टी किसान मौर्चा अध्यक्ष विद्यावूषण द्विवेदी ने किसानों को जैविक खेती एवं सब्जी उत्पादन के बारे में जानकारी दी। जैविक खेती से ज्यादा लाभ कमाया जा सकता है। उप निदेशक उद्यान दिनेश चौधरी ने फलों व सब्जियों के प्रयोग के महत्व पर प्रकाश डाला तथा किसानों को किसी भी तरह की समस्या होने पर उसके निस्तारण का भरोसा दिलाया।

प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी रश्मि शर्मा ने विभाग मे संचालित योजनाओं, जल संचयन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषकों को सम्मानित भी किया गया। इल दौरान प्रगतिशील कृषक अवधेश कुमार मिश्रा, राम शंकर तिवारी, विनोद अवस्थी के साथ विभाग के जितेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र कुमार, गिरीश कुमार मिश्रा, रोहन यादव, विनोद सिंह, हीरालाल आदि उपस्थित रहे।

## नौ उपकेंद्रों पर जेई की तलाश

**बेलसर, अमृत विचार।** जनपद में भले ही कई उपकेंद्र पर अवर अभियंता की कमी है लेकिन बेलसर के उपकेंद्र पर एक अवर अभियंता के जगह दो अवर अभियंता कार्य कर रहे है। उपकेंद्र भंभुआ, खरगूपुर, खोरहंसा, परसा तिवारी सहित जिले के नौ उप केंद्रों पर अवर अभियंता की कमी है। इन उपकेंद्रों पर अतिरिक्त प्रभार से काम चलाया जा रहा है। लेकिन बेलसर के उपकेंद्र शुक्लगंज पर दो अवर अभियंता की तैनाती है। एसडीओ शेषमणि त्रिपाठी ने बताया कि अवर अभियंता शिव प्रसाद मिश्र की तैनाती हुई थी लेकिन अवर अभियंता आमोद कुमार सिंह हाईकोर्ट के आदेश पर आ गए है। आमोद कुमार सिंह की आई डी चल रही थी इसलिए उनसे काम लिया जा रहा है। नए अवर अभियंता की आई डी नही है इसलिए उनसे कोई कार्य नहीं लिया जा रहा है। उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देश मांगा गया है।

## मक्का खरीदने के लिए जिले में स्थापित किए गए दो क्रय केंद्र

**2225** रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा मक्का

▶▶ आगामी 1 अक्टूबर से शुरू होगी जिले में मक्का की खरीद

**गोंडा, अमृत विचारः** मूल्य समर्थन योजना के तहत 2024- 25 में मक्का व धान खरीदने के लिए तैयारियां शुरू हो गयी है। जनपद में धान खरीद 1 नवंबर से शुरू होगी, लेकिन मक्का की खरीद आगामी माह 1 अक्टूबर से शुरू कर दी जाएगी। धान व मक्का खरीदने के लिए क्रय केंद्र स्थापित करने की तैयारी जोरों पर है। धान खरीदने के लिए पूरे जिले में 96 क्रय केंद्र का अनुमोदन हो चुका है, जबकि मक्का खरीदने के लिए दो केंद्र बनाए गए हैं। धान खरीदने के लिए 6 एजेंसियों की जिम्मेदारी तय की गई है, जबकि मक्का खरीद के लिए मार्केटिंग विभाग के दो क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं।

इस बार मक्का खरीदने के लिए मूल्य समर्थन योजना के तहत भाव में बढ़ोतरी की गई है। विगत वर्ष 2090 प्रति क्विंटल की दर से खरीद की गई थी, लेकिन सरकार ने इस बार मूल्य समर्थन 135 रुपया बढ़ाते हुए 2225 रुपये के दर से खरीद करने का फैसला किया है। जिले में मक्का की खेती तरबगंज, परसपुर, नवाबगंज समेत कई स्थानों पर होती है। मक्का किसानों को मूल्य समर्थन योजना का लाभ मिले इसके लिए विभाग सरकार की ओर से आदेश के क्रम में दो क्रय केंद्र संचालित करने का निर्णय लिया है।

क्रय केंद्र संचालन का दायित्व मार्केटिंग विभाग के पास है। एक मक्का खरीद क्रय केंद्र बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में स्थापित किया जाएगा, जबकि दूसरा केंद्र नवाबगंज मंडी में ही बनाया जाएगा। खरीद अगले माह अक्टूबर से शुरू होगी। सरकारी क्रय केंद्र पर किसान अपनी उपज को बेचे इसको लेकर किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है। किसानों को अपना मक्का बेचने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा उसके बाद मक्का के केंद्र प्रभारी किसानों से उनकी उपज को खरीदेंगे। भुगतान भी किसानों के खाते में ही जाएगा। इसलिए आवेदन के समय किसानों को वही खाता देना होगा जो सही रूप से संचालित हो रहा हो। मार्केट में विभाग का दावा है कि मक्का खरीद को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। निर्धारित तिथि से खरीद शुरू हो जाएगी।

मक्का उत्पादन वाले क्षेत्र में जो मक्का खरीद के प्रभारी बनाए गए हैं, उनको भी भ्रमणशील रहकर किसानों को जागरूक करने का भी निर्देश मिल चुका है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि मक्का खरीद 1अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। जिले में मक्का किसानों से उनकी उपज को खरीदने के लिए दो क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। खरीद की जिम्मेदारी इस बार मार्केटिंग विभाग की है। एक केंद्र नवाबगंज मंडी में है, जबकि दूसरा बहराइच रोड स्थित गल्ला मंडी में है। इस बार मूल्य समर्थन योजना के तहत किसानों से मक्का 2225 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जाएगा।

## रुपईडीह ब्लॉक में 62 कर्मियों की नहीं हुई तैनाती

**गोंडा, अमृत विचारः** ब्लॉक रुपईडीह के खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, रोजगार सेवकों, पंचायत सहायकों व अन्य विभागों के स्वीकृत पदों को मिलाकर 412 पदों के सापेक्ष मात्र 350 पदों पर ही कर्मचारियों की तैनाती हैं। 62 पदों पर आज तक किसी की तैनाती नहीं हो सकी है। इससे ब्लॉक की अधिकांश ग्राम पंचायतों का विकास कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है।

ब्लॉक में सहायक विकास अधिकारी कृषि, कृषि रक्षा, सहकारिता, महिला व समाज कल्याण का पद रिक्त चल रहा है। इसी प्रकार से ग्राम विकास अधिकारी के दस पदों के स्थान पर आठ ग्राम पंचायत अधिकारियों के तथा 11 पदों के सापेक्ष मात्र सात ग्राम पंचायत अधिकारी तैनात हैं। लेखाकार, सहायक लेखाकार, कनिष्क सहायक व जीप चालक का भी एक-एक पद रिक्त चल रहा है। 155 सफाई कर्मियों के स्थान पर 150, 106 पंचायत सहायकों के स्थान पर 99, 106 ग्राम रोजगार सेवकों के स्थान पर 74 ग्राम रोजगार सेवक काम कर रहे हैं। इस प्रकार से स्वीकृत पदों के सापेक्ष अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती न होने के कारण 106 ग्राम पंचायत वाले इस विकास खंड मे विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए तैनात अन्य कर्मचारियों को आये दिन विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि कर्मचारियों की कमी होने के बावजूद भी विकास खंड में सुचारू रूप से विकास कार्य कराए जाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।


## वर्ग पहेली-205

**बाएं से दाएं**

1. 1. निगोड़ा का स्त्रीवाची रूप 2. एक गाली के रूप में प्रयुक्त।
5. 1. बादल; मेघ 2. वह वंशज जो पितरों को जल देकर तृप्त करता है।
8. घरों में पानी भरने वाला और इससे प्राप्त पारिश्रमिक से जीविका चलाने वाला सेवक; पनहरा।
10. 1. मुद्राचलन; प्रचलित मुद्रा; सिक्का 2. किसी देश विशेष में प्रचलित मुद्रा या धन व्यवस्था।
11. 1. पुराने समय में बच्चों को पहनाई जाने वाली एक प्रकार की टोपी जिसमें चार तनियाँ या बंद लगे होते थे 2. अँगिया; चोली।

**ऊपर से नीचे**

2. एक प्रकार की पीली मिट्टी जिसका तिलक प्राय: वैष्णव लोग लगाते हैं।
3. राक्षस; असुर; दानव।
4. 1. आँख का एक रोग जिसमें अधिक प्रकाश के कारण आँखें चौंधिया जाती हैं और कभी अँधेरा
6. 1. आटे का पतला हलवा; लपटा 2. लेई 3. गाढ़ा तरल पदार्थ।
7. 1. समाप्त होना; बाकी न रहना 2. अदा कर दिया जाना।
9. 1. (रामायण) कैकेयी के गर्भ से उत्पन्न राजा दशरथ के पुत्र 2. दुष्यंत और शकुंतला का पुत्र भरत जिसके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा 3. एक प्रसिद्ध मुनि जो नाट्यशास्त्र के प्रधान आचार्य माने जाते हैं 4. लवा या भारद्वाज पक्षी।



### वर्ग पहेली -204 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 धों | | | 2 अ | | 3 थे |
| धा | | 4 अ | नु | रा | ग |
| | 5 नि | | भ | | ली |
| | 6 शि | ला | व | त | |
| | | | ही | | 7 म |
| | 8 ज् | ञा | न | यो | ग |
| | | | ता | | ही |

## सुडोकू-118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | | 7 | | 5 | 1 |
| | 4 | | | 8 | | | | 9 |
| | | 3 | | 2 | | 6 | | 7 |
| | 9 | | 4 | | | | | 6 |
| | 7 | 2 | | | | 5 | 3 | |
| 4 | | | | | 5 | | 7 | |
| 3 | | 9 | | 4 | | 8 | | |
| 1 | | | | 3 | | | 4 | |
| 7 | 2 | | 6 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 117 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 1 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 |
| 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 14.49 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्लेशा 29 सितंबर 03.38 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज आत्मग्लानि जैसी महसूस हो तो मित्रों से बात करें वो आपका मनोबल बढ़ाएंगे। अपनी तरक्की को लेकर आशंकित रहेंगे। कर्मचारियों के ऊपर काम का काफी दबाव हो सकता है। खाली समय में कोई उपन्यास और कहानी आदि पढ़कर समय बिता सकते हैं।

**वृष** — आज संतान की शिक्षा में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा। व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

**मिथुन** — आज आपको लक्ष्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। बैंकिंग से जुड़े लोगों को काफी काम करना पड़ेगा। जॉब में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। परिवार में मंगल कार्यों की रूपरेखा बन सकती है। अप्रिय व्यक्तियों से मिलने के कारण कुपित हो सकते हैं।

**कर्क** — आज मनोनुकूल नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको प्राप्त हो सकती है। प्रियजनों से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। रोमांस और प्रेम के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं को खरीद सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे, लेकिन सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करें।

**सिंह** — आज प्रियजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बातचीत के माध्यम से परेशानी सुलझाने का प्रयास करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। आत्ममनन और विश्लेषण में समय जरूर लगाएं।

**कन्या** — आज लोग आपकी सलाह का अनुसरण करेंगे। काफी प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। थोड़ी सी मेहनत में अच्छा परिणाम अर्जित करेंगे। घर पर अच्छा समय बिताएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहद भाग्यशाली रहने वाला है।

**तुला** — आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएं। नया निवेश कर सकते हैं। अपनी इच्छाशक्ति के बल पर बिखरे हुए काम को बना लेंगे। आप लोगों के बीच प्रेरणा बनकर उभर सकते हैं। जॉब में बदलाव के विषय में सोच सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज बच्चों को नैतिक शिक्षा देंगे। साझेदारी के कार्यों के लिए समय उत्तम है। मल्टीनेशनल कंपनियों में काम कर रहे लोगों को बॉस से शाबाशी मिल सकती है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल होंगे।

**धनु** — आज आप विरोधाभास जैसी स्थिति में फंस सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को निश्चित करने का प्रयास करें। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना बेहद जरूरी है।

**मकर** — आज नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपको उच्च अधिकारियों का सहयोग मिल सकता है। व्यवसाय और करियर में स्थायीत्व देखने को मिलेगा। बिल्डर्स अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर आश्वस्त रहेंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना भाव अच्छा रखें।

**कुंभ** — आज आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। किसी सहकर्मी से कोई गलती हो गई हो तो उसे क्षमा करें और उसे प्यार से समझाएं। एकाग्रता के साथ मेहनत करेंगे तो परिणाम अवश्य ही अच्छे मिलेंगे। व्यापार में नया अनुबंध हो सकता है।

**मीन** — आज आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने में आपका ध्यान रहेगा। आपके मन का बोझ घटेगा। जॉब के लिए इंटरव्यू का बुलावा आ सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पौष्टिक भोजन और ताजे फलों का सेवन करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पुलिस और मुजरिम — सुबह : 09.20
सिंह इज ब्लिंग — रात : 07.00

&pictures
इंडियन — सुबह : 10.39
द ताशकंद फाइल्स — रात : 08.00

SONY PIX
सैन एंड्रियास — दोपहर : 12.00
जर्नी 2 — रात : 07.45

ZEE CINEMA
किसी का भाई किसी की जान — सुबह : 10.26
फुकरे 3 — शाम : 04.54

colors CINEPLEX
रावण राज — सुबह : 10.48
सूर्या द सोल्जर — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम : 04.54 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- बच्चों आई लव यू का आविष्कार किस देश में हुआ?
चिंटू (स्टूडेंट)- चीन में।
टीचर- वह कैसे?
स्टूडेंट- मैम, इसमें चीनी गुण हैं, न कोई गारंटी, न कोई वारंटी। चले तो जिदंगी भर, न चले तो घंटे भर।

कर्मचारी- सर बहुत बारिश हो रही है, आंधी आ रही है, लग रहा है आज तूफान आएगा, क्या आज छुट्टी ले सकता हूं?
बॉस- खुद ही सोच लो किससे दिनभर बेइज्जती करानी है, मुझसे या पत्नी से?
कर्मचारी- ठीक है सर, मैं आ रहा हूं।

## एक नजर

### पुत्र वधू ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

खरगूपुर, गोंडा। पुत्रवधू ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए ससुर के खिलाफ एसपी से शिकायत की है। थाना खरगूपुर के एक गांव की महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ससुराल में उसको प्रताड़ित कर मारा पीटा गया। महिला ने आरोप लगाया है कि 30 अगस्त को वह घर पर अकेली थी। उसे अकेला पाकर ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

रुपईडीह, गोंडा। कौड़िया थाना मुख्यालय पर दुर्गापूजा व दशहरा उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारा के प्रतीक हैं। इन्हें शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाना चाहिए। यदि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल पुलिस को अवगत कराया जाए।

### विद्युत केबल को लेकर मारपीट, केस

गोंडा, अमृत विचार : वजीरगंज के चंदापुर निवासी जमुना प्रसाद निषाद ने थाने पर तहरीर दिया है कि बुधवार शाम को विद्युत केबल के विवाद को लेकर विपक्षी ज्वाला प्रसाद निषाद व उनकी पत्नी, अजय उर्फ नन्हू निषाद ने मिलकर वादी व पत्नी कमला देवी व बहू पूजा देवी को अपशब्दों का प्रयोग करते मुक्का थप्पड़ व डंडे से मारा-पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से उपकरण फुंके

मसकनवा, गोंडा। छपिया क्षेत्र के एक गांव के एक घर के पीछे पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से शार्ट सर्किट होने से लाखों का इलेक्ट्रिक सामान जल कर राख हो गया। क्षेत्र के भोपतपुर बाजार में धीरेन्द्र प्रताप सिंह के घर के पीछे अमरूद के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से शार्ट सर्किट से घर में लगा इलेक्ट्रॉनिक सामान और इलेक्ट्रिक सामान जल कर राख हो गया। शुक्रवार को सुबह अचानक कड़ाके की तेज आवाज आई सभी सहम उठे। देखते ही देखते सभी सामान जल गया।

### अतिरिक्त दहेज के लिए युवती की पिटाई, केस दर्ज

उमरी बेगमगंज: मायके में रह रही नेहा सिंह ने बहराइच निवासी अपने पति, जेठ व ननद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। नेहा सिंह ने गुरुवार को थाना उमरी बेगमगंज में एक तहरीर देकर के बताया कि उनकी शादी 2023 में राजन सिंह निवासी पट्टी पुरवार मछियांवा बाजार बहराइच के साथ हुई थी। अब पति राजन सिंह, जेठ अरविंद सिंह, ननद सुमन सिंह व किरन सिंह के द्वारा 2.5 लाख रुपये और जेवर की मांग लगातार की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि आरोपितों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## सड़कें जलमग्न, सुबह भीगते हुए विद्यालय पहुंचे बच्चे, आज बंद रहेंगे आठवीं तक के स्कूल

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते बिगड़े मौसम ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। गुरुवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त कर दिया है। बारिश से शहर की प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गयी हैं और कई इलाके में जलभराव हो गया है। बारिश के कारण शुक्रवार की सुबह बच्चों को भीगते हुए स्कूल जाना पड़ा। खराब मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर बीएसए ने कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों में शनिवार को भी छुट्टी की घोषणा कर दी। स्कूल अब सोमवार को खुलेंगे।

बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन और विदर्भ और आसपास के इलाकों पर बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण मौसम विभाग ने तीन दिन पहले ही पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की आशंका जताई थी और बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग की चेतावनी के मुताबिक जिले में बुधवार से ही मौसम में परिवर्तन दिखने लगा था। तेज हवा के साथ आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गयी थी।

गुरुवार दोपहर बाद जिले के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई थी लेकिन शाम होते होते मौसम का मिजाज पूरी तरह से बिगड़ गया। गुरुवार रात से हो रही मूसलाधार बरसात और तेज हवा ने जन जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। बारिश और तेज हवा के कारण शुक्रवार की सुबह लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बारिश के कारण विभिन्न स्थानों पर जलजमाव हो गया। बच्चे जहां भीगते हुए स्कूल पहुंचे वहीं नौकरी पेशा लोगों को भी बारिश के बीच अपने काम पर जाना पड़ा। भारी बारिश के चलते शहर की सड़कों पर पानी भर गया है और वह पूरी तरह से जलमग्न हो गयी हैं। शहर के विष्णुपुरी कॉलोनी, आवास विकास, पटेल नगर व घोसियाना समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया है।

मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक भारी बारिश होने की संभावना जतायी है। बारिश और तेज हवा के साथ बिजली गिरने की आशंका भी जतायी गयी है। भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए डीएम नेहा शर्मा ने शनिवार को भी स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया है। डीएम के निर्देश पर बीएसए अतुल तिवारी ने कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। सभी सरकारी व निजी स्कूल संचालकों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। बीएसए अतुल तिवारी ने बताया कि भारी बारिश की संभावना को देखते हुए कारण स्कूलों को बंद किया गया है।

### बारिश व तेज हवा ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

लगातार हो रही बारिश से खेतों में पानी भर गया है और हवा के चलते धान, मक्का और गन्ने की फसल गिरकर जमीदोंज हो गयी है। इस मूसलाधार बरसात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अग्रिम प्रजाति के धान की फसल तैयार होने को है। बालियां लटक गयी हैं। ऐसे में फसल का गिरना काफी नुकसानदायक है। इसका सीधा असर धान की पैदावार पर पड़ेगा। मक्का और गन्ने की फसल भी गिरकर खराब हो गयी है। किसानों का कहना है कि अगर इसी रफ्तार से बारिश होती रही तो उन्हे फायदा होने के बजाय नुकसान अधिक उठाना पड़ेगा।



बारिश के चलते बंद किया गया स्कूल। अमृत विचार



धानेपुर इलाके में गिरी धान की फसल। अमृत विचार



बारिश के बीच स्कूल से लौटते बच्चे। अमृत विचार

# डीएम ने निरीक्षण कर पटाई कार्य पर लगाई रोक



बरियार पुरवा में निरीक्षण करतीं डीएम, साथ में सिटी मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

संवाददाता, गोंडा

▶▶ तालाब की पटाई संबंधी शिकायत पर डीएम नेहा शर्मा ने रानीगंज क्षेत्र में की जांच

**अमृत विचारः** भारी बारिश के बीच जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने शुक्रवार को रानीगंज के बरियार पुरवा, ददुवा बाजार और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने तालाब की अवैध पटाई की जन शिकायत पर जांच करने मौके पर पहुंची थीं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने मौके पर ही त्वरित कार्रवाई की और पटाई कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवाया। साथ ही, नगर पालिका को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र में जलनिकासी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें और इसकी जानकारी तुरंत उपलब्ध कराएं।

मकार्थीगंज, ददुवा बाजार और आसपास के क्षेत्रों के स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी को बरियार पुरवा में तालाब की मिट्टी से अवैध पटाई के संबंध में शिकायत दी थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस अवैध पटाई के कारण जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो रही थी, जिससे भारी बारिश के दौरान क्षेत्र में जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई थी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उनके साथ सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

नेहा शर्मा ने जनता की शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पटाई कार्य को रुकवाया और नगर पालिका को निर्देशित किया कि वे जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान करें। डीएम की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से स्थानीय निवासियों में राहत की भावना उत्पन्न हुई, क्योंकि अवैध पटाई के कारण जलभराव की समस्या और गंभीर होती जा रही थी।

# 11 चौकी प्रभारी बदले, उपनिरीक्षक और दो सिपाही लाइन हाजिर

**गोंडा, अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने गुरुवार की देर रात 11 पुलिस चौकियों के प्रभारी बदल दिए। एसपी ने 4 इंस्पेक्टर व 29 सब इंस्पेक्टर की तैनाती में भी फेरबदल किया है। पुलिस लाइन में तैनात रहे इंस्पेक्टर विजय कुमार पांडेय के एसजेपीयू, समशेर बहादुर सिंह को विशेष जांच प्रकोष्ठ व हेमंत कुमार को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन का प्रभारी बनाया गया है। अपराध शाखा में तैनात रहे इंस्पेक्टर रमाशंकर राय को अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक को पद पर कटरा बाजार भेजा गया है।वहीं ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर धानेपुर थाने में तैनात रहे उप निरीक्षक जय हिंद, कांस्टेबल मोहित गौड़ व अनूप कुमार को एसपी ने लाइन हाजिर किया है।

कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के क्रम में आयोजित गुरुवार की देर रात एसपी ने पुलिस कर्मियों की तैनाती में बदलाव किया। पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर राम अशीष मौर्य को पुलिस लाइन से मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के मिली बाजार चौकी का प्रभारी बनाया गया है। थाना कोतवाली देहात में तैनात रहे उप निरीक्षक सावन कुमार सिंह को परसपुर थाने में चौकी प्रभारी पसका बाजार, तरबगंज में तैनात रमेश कुमार को करनैलगंज में चौकी प्रभारी चचरी, सोम प्रताप सिंह को खोंड़ारे से चौकी प्रभारी कस्बा करनैलगंज व शिवकुमार यादव को परसपुर से चौकी प्रभारी कोल्हमपुर बनाया गया है। मछली बाजार चौकी प्रभारी रहे अरविंद कुमार को चौकी प्रभारी शाहपुर, पसका चौकी प्रभारी रहे पवन कुमार सिंह को थाना कटरा बाजार, चौकी प्रभारी हलधरमऊ अरविंद कुमार सिंह को वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना कटरा बाजार, चौकी प्रभारी सद्भावना बृजेश कुमार को चौकी प्रभारी हलधरमऊ, चौकी प्रभारी कहोबा मनीष कुमार को चौकी प्रभारी सद्भावना, वीरेंद्र कुमार शुक्ला को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी कहोबा तथा उमरीबेगमगंज में तैनात रहे उपनिरीक्षक संजीव चौहान को कटरा बाजार थाने की माधवपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। उप निरीक्षक शिवकुमार गिरि कटरा बाजार से उमरी बेगमगंज भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर आनंद उपाध्याय को कोतवाली देहात, प्रियंका सिंह महिला थाना, बलिकरन गौतम न्यायालय सुरक्षा, भूपेंद्र कुमार मिश्र न्यायालय सम्मन सेल, ओमप्रकाश यादव व मिनहाज सिद्दीकी मोतीगंज, शिवनाथ मनकापुर,संजय कुमार राय कटरा बाजार, चंद्रदीप मिश्रा व छविलाल यादव थाना खरगूपुर, चुन्नू अहमद छपिया, वीर बहादुर यादव,चंद्रशेखर यादव व कपिलदेव गिरि खोंड़ारे, तथा कमलेश कुमार यादव को पुलिस लाइन से धानेपुर थाने पर तैनाती दी गयी है। वहीं धानेपुर थाने पर तैनात रहे उप निरीक्षक जय हिंद, कांस्टेबल मोहित गौड़ व अनूप कुमार को ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने लाइन हाजिर कर दिया है।

# डीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर



इटियाथोक ब्लॉक परिसर में बन रहा अधूरा भवन। अमृत विचार

**इटियाथोक, अमृत विचारः** आगामी अक्टूबर महीने में इटियाथोक ब्लॉक मुख्यालय पर डीएम नेहा शर्मा का कार्यक्रम तय माना जा रहा है।

उससे पहले पूरा सिस्टम तन्मयता से बदलाव करने में इसलिए जुटा है ताकि जिलाधिकारी द्वारा आल इज वेल का खिताब जिम्मेदारों को दिया जा सके। किन्तु इस कोशिश में एक सवाल यहां की जनता को ओर से उठने लगे हैं कि आखिर डीएम के आने से ही ये सुधार और कायाकल्प क्यों हो रहा है। पहले क्यों नहीं हुआ और जिनके कार्यकाल में कार्य पूरा नहीं हुआ दंड देने के साथ उनसे जवाब क्यों नहीं मांगा गया। करीब चार सालों से ब्लॉक परिसर में बना सामुदायिक शौचालय मानकों के अनुरूप संचालित नहीं हुआ। जन सुविधा केंद्र सालों से अब तक अधूरा क्यों है। पौधरोपण के बाद ट्री गार्ड क्यों नहीं लगे। पुराने जर्जर आवासों का कायाकल्प क्यों नहीं हुआ। इकलौते वाटर कूलर से पर्याप्त जल उपलब्ध क्यों नहीं हो पाता, ऐसे कई सवाल हैं। जिसका जवाब गोंडा की जिलाधिकारी डीएम नेहा शर्मा से जनता उत्तर पाना चाहती है। ब्लॉक मुख्यालय में ही कृषि केंद्र, पशु अस्पताल मौजूद है। जिनमें कृषि केंद्र का भवन मानक विहीन बनाया जा रहा है। बनाते समय एक हिस्सा ढह भी गया था उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इन भवनों के अधिकांश हिस्से ज़र्ज़र नज़र आते हैं फर्श टूटी पड़ी है।

## सार-संक्षेप

### सफ़ाई के नामित ब्रांड एम्बेसेडर ने किया सम्मानित

गोंडा : स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के नौवें दिन गुरुवार को सिविल लाइंस, मकार्थीगंज, बरियारपुरवा और स्टेशन रोड पर साफ–सफाई कार्यक्रम चलाया गया। नगर प्रशासन की ओर से नामित अभियान के पांच ब्रांड एंबेसेडर में से एक डॉ रेखा शर्मा ने सफाई मित्रों को सम्मानित किया। नगर पालिका के पूरे क्षेत्र में कार्य योजना बनाकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा के तहत आयोजित हो रहा है। सफाई कर्मी टीम बनाकर बृहद स्तर पर सफाई अभियान चला रहे हैं। गुरुवार को बरियारपुरवा, स्टेशन रोड समेत कई मोहल्ले में अभियान चला कर साफ सफाई की गई। सफाई कर्मियों को प्रोत्साहन मिले उसके लिए नगर पालिका की ओर से कई लोगों को ब्रांड एंबेसडर भी बनाया गया है। यह लोग अच्छी सफाई करने वाले टीम को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं। जो ब्रांच दे ब्रूस्टर नामित किया गया है यह लोग नामचीन श्रेणी में आते हैं। नगर पालिका परिषद गोंडा के ईओ संजय मिश्रा ने बताया कि 5 लोगों को ब्रांड एम्बेसेडर नामित किया गया है। इनमे एलबीएस के प्राचार्य आरके पांडे, डॉ रेखा शर्मा, डॉ चमन कौर, डॉ अनीता मिश्रा और अविनाश सिंह शामिल हैं। इन्हीं में से लोग सफाई करने को सम्मानित कर रहे हैं आज के कार्यक्रम में डॉक्टर रेखा शर्मा ने सफाई टीम को सम्मानित करते हैं उनका मनोबल बढ़ाया है।

### महंत राजू दास महाराज ने मंदिर निर्माण को लेकर की चर्चा



महंत राजू दास ग्रामीणों के साथ। अमृत विचार

गोंडा : अयोध्या हनुमानगढ़ी से आए हिंदू सुरक्षा सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत राजू दास महाराज ने विकासखण्ड वजीरगंज के ग्राम सभा डल्लापुर में एक देव स्थान के निर्माण को लेकर ग्रामवासियों से चर्चा की एवं जल्द ही देव स्थान पर मन्दिर का निर्माण होगा ऐसा आश्वासन ग्रामीणों को दिया। उन्होंने सभी हिंदू जनमानस को एकजुट रहने की भी अपील की। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने महंत राजूदास महराज का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम हिन्दू सुरक्षा सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमे ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष कृपाशंकर पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष विपिन पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी चन्दन कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष विमल दूबे, ग्राम प्रधान सोनवर्षा रामचन्दर मिश्रा, मुन्ना पाण्डेय, सतीश, सत्रोहन प्रसाद, तेज प्रकाश व सुनील पासवान, पंचम व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### बारिश और तेज हवा से बिजली व्यवस्था ध्वस्त

गोंडा : गुरुवार की रात से शुरू हुई तूफानी बारिश शुक्रवार की देर शाम तक जारी रही। धानेपुर, इटियाथोक, उमरीबेगमगंज, नवाबगंज व मसकनवा समेत जिले के अधिकतर उपकेंद्रों पर अंधेरा छाया रहा। बिजली आपूर्ति न होने से लोगों के घरों के इन्वर्टर दगा दे गए और बारिश और अंधेरे के डबल अटैक से परेशानी का सामना करना पड़ा। धानेपुर समेत कई उप केंद्रों की बिजली तेज हवा के चलते बंद रही। बिजली विभाग के अफसरों का कहना है कि ऐतिहात के तौर पर कई उपकेंद्रों की आपूर्ति रोकी गई है, ताकि हादसों से बचा जा सके। स्थिति सामान्य होने पर आपूर्ति बहाल की जाएगी। गुरुवार देर रात से शुरू हुई बारिश के बाद रात 1:00 से धानेपुर उपकेंद्र की बिजली गुल हो गई जो शुक्रवार को पूरे दिन बहाल नहीं हो पाई। विद्युत उपकेंद्र करनैलगंज ग्रामीण के अवर अभियंता अजय प्रताप ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात से तेज हवा एवं बारिश के चलते सभी फीडर को ब्रेकडाउन करना पड़ा था।

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में फंसे तत्कालीन बीडीओ व सचिव

▶▶ कोर्ट के आदेश पर बीडीओ व सचिव समेत तीन पर जालसाजी का केस दर्ज

**गोंडा, अमृत विचारः** मुजेहना ब्लाक के बीडीओ रहे विकास मिश्रा व ग्राम पंचायत अधिकारी सुधांशु वर्मा फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में फंस गए हैं। आरोप है कि खंड विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने बिना जांच किए ही एक ऐसी महिला का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया जिसका प्रमाण पत्र पहले ही जारी किया जा चुका था। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर खंड विकास अधिकारी व पंचायत सचिव समेत तीन लोगों के खिलाफ धानेपुर थाने में जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पूरे नेवल पहड़वा के रहने वाले रामप्रताप मौर्य के मुताबिक खीरभारी के रहने वाले उमेशचंद्र की मां सीतापती की मौत 15 जनवरी 2014 से पहले हो चुकी है। मां की मौत के बाद उनके हिस्से की जमीन उमेश और उसके भाइयों के नाम पर आ गयी। उमेश ने अपने हिस्से की जमीन को उसके पिता रामसंवारे के नाम बैनामा कर दिया। दाखिल खारिज होकर जमीन राम संवारे के नाम पर दर्ज हो गयी। राम प्रताप का कहना है कि पिता राम संवारे की मृत्यु के बाद उसने भी वह जमीन नागेश्वर प्रसाद मौर्य इंटर कॉलेज के नाम पर बैनामा कर दिया जो वर्तमान में सरकारी अभिलेखों में दर्ज है लेकिन गांव में जब चकबंदी प्रक्रिया शुरू हुई तो उमेश की नीयत में खोट आ गयी और सात साल बाद वर्ष 2021 में उसने बीडीओ व ग्राम पंचायत अधिकारी से मिलीभगत कर अपनी मां की असली मृत्यु तिथि छिपाकर दूसरी तिथि में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करा लिया और उसके खिलाफ न्यायालय में मुकदमा दायर कर दिया। राम प्रताप का आरोप है कि अधिकारियों ने बिना जांच पड़ताल के सीतापती की मृत्यु 6 नवंबर 2014 दिखाते हुए प्रमाण पत्र जारी कर दिया जबकि उनकी मृत्यु 15 जनवरी 2014 के पहले हो चुकी थी। राम प्रताप ने न्यायालय की शरण ली थी और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कराए जाने की मांग की थी। राम प्रताप के प्रार्थना पत्र पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने धानेपुर पुलिस को केस दर्ज कर मामले की जांच का आदेश दिया था। थाना अध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुजेहना ब्लॉक के तत्कालीन खंड विकास अधिकारी रहे विकास मिश्रा, तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी सुधांशु वर्मा व उमेश चंद्र के खिलाफ जालसाजी की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

## धर्म–कर्म

श्रीरामजन्म की लीला देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

# भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी...

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर के गुड़ाही बाजार में चल रही श्री रामलीला महोत्सव में गुरुवार की रात रावण अत्याचार व श्री राम जन्म के प्रसंग की लीला मंचित की गई। पहले दृश्य में कलाकारों द्वारा रावण का अत्याचार दिखाया गया जिससे व्याकुल होकर पृथ्वी गौ माता का रूप धारण कर देवताओं के साथ भगवान विष्णु से रावण के अत्याचार की व्यथा सुनाती हैं। जिन्हें भगवान विष्णु आश्वासन देते हैं कि हम अंशों सहित अवतार लेकर रावण व निशाचरों का समूल विनाश कर धर्म की स्थापना करेंगे।



रामलीला में राम जन्मोत्सव की झांकी। अमृत विचार

दूसरे दृश्य में राजा दशरथ श्रृंगी ऋषि द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ करवाते हैं। उसके बाद अग्नि देव द्वारा प्रदत्त चारु राजा दशरथ की तीनों रानियां ग्रहण करती हैं। फलस्वरूप तीनों रानियों को पुत्ररत्न की प्राप्ति होती है। कौशल्या के गर्भ से श्रीराम का जन्म होते ही भए प्रगट कृपाला दीनदयाला का रामायण गान होता है और बधाइयां बजती हैं। भगवान शंकर भेष बदलकर शिशु राम का दर्शन करते हैं। गुरु वशिष्ठ चारों पुत्रों का नामकरण करते हैं। लीला का निर्देशन कन्हैया लाल वर्मा एवं संचालन गणेश वैश्य व चंद्र कुमार शुक्ला ने किया। रावण का अभिनय अनुज जायसवाल, दशरथ का आशीष गिरी, वशिष्ठ का विशाल कौशल, श्रृंगी ऋषि तानु पंडित, राज नाई का पवन, शंकर का कैलाश सोनी, विष्णु का रिंकू पुरवार ने किया। रामलीला कमेटी अध्यक्ष मोहित पाण्डेय, महामंत्री कामतानाथ वर्मा सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षण अवधि में छोड़ा स्कूल तो कटेगा वेतन

▶▶ डीजी ने तय किए सभी प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों के दायित्व

**गोंडा, अमृत विचारः** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को शिक्षण अवधि के दौरान स्कूल छोड़ना भारी पड़ेगा। शिक्षण अवधि में स्कूल छोड़ने पर अगर वह पकड़े गए तो उनका उस दिन का वेतन काट लिया जाएगा। स्कूली शिक्षा महानिदेशक ने सभी प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों का दायित्व तय करते हुए इसका अनुपालन कराए जाने का निर्देश बीएसए को दिया है। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेज कर आदेश का अनुपालन कराए जाने के लिए निर्देशित किया है।

अक्सर देखने में आता है कि परिषदीय स्कूलों के प्रधानाध्यापक या सहायक अध्यापक विद्यालय से सम्बन्धित कार्यों का बहाना बनाकर शिक्षण अवधि में स्कूल छोड़कर चले जाते हैं। जब कोई अधिकारी जांच के लिए विद्यालय पहुंचता है तो पता चलता कि मास्टर साहब पासबुक में एण्ट्री कराने या उसे अपडेट कराने बैंक गए हैं। कई बार ग्राम प्रधान से चेक पर हस्ताक्षर कराने या एमडीएम संबंधी कार्य का बहाना भी सामने आता है। ऐसे में एक तो बच्चों की पढाई बाधित होती है वहीं दूसरी तरफ जांच भी अधूरी रह जाती है। इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए स्कूली शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों के दायित्व का निर्धारण करते हुए शिक्षण अवधि में स्कूल छोड़कर जाने पर रोक लगा दी है। डीजी ने अपने आदेश में साफ किया है कि इस तरह के किसी भी कार्य का बहाना बनाकर शिक्षण अवधि में कोई भी शिक्षक विद्यालय परिसर से बाहर नहीं जायेंगे। यदि उपर्युक्त कार्यों के कारण निरीक्षण अथवा सपोर्टिव सुपरविजन में कोई शिक्षक अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके उस दिन के वेतन की कटौती की जायेगी। डीजी ने बीएसए को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए निर्देशित किया है।

बीएसए अतुल तिवारी ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर आदेश से अवगत करा दिया गया है। अगर कोई शिक्षक शिक्षण अवधि में स्कूल से बाहर पाया जाता है तो उसके उस दिन के वेतन की कटौती कर ली जायेगी।

यद्यत्संद्दश्यते लोके सर्वं तत्कर्मसम्भवम्।
सर्वां कर्मांनुसारेण जन्तुर्भोगान्भुनक्ति वै॥

लोगों के बीच जो सुख या दु:ख देखा जाता है, कर्म से पैदा होता है। सभी प्राणी अपने पिछले कर्मों के अनुसार आनंद लेते हैं या पीड़ित होते हैं।

## संपादकीय

# पुतिन की धमकी

यूक्रेन पर रूस के युद्ध का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। फरवरी 2022 में रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। इस हमले के बाद यूरोप में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा संघर्ष शुरू हो गया। तब से रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने कई बार हस्तक्षेप करने वाले किसी भी देश के खिलाफ परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकियां जारी की हैं। रूस ने एक बार फिर से यूक्रेन और नाटो देशों को परमाणु बम की धमकी दी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने परमाणु सिद्धांत में बदलाव के लिए कहा है। इससे रूस अब गैर परमाणु हथियार संपन्न देश के खिलाफ भी परमाणु हथियार का इस्तेमाल कर सकेगा। यही नहीं अगर रूस पर भीषण हवाई हमला होता है तो रूस परमाणु हमला कर सकेगा। रूस की इस धमकी से एक बार फिर से दुनिया में चिंता बढ़ गई है। क्योंकि रूस के परमाणु सिद्धांत में संशोधन यूक्रेन युद्ध में शामिल होने के मामले में पश्चिम को अब तक की सबसे कड़ी चेतावनी है। रूस के पास वर्तमान समय में 5,580 परमाणु हथियार हैं और उसने 1710 एटम बमों को तैनात कर रखा है। यह दुनिया में सबसे ज्यादा हैं।

गुरूवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विश्व नेताओं, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने परमाणु निरस्त्रीकरण को एक वैश्विक प्राथमिकता बताया है और इसके लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने आगाह किया कि शीत युद्ध के बदतरीन दिनों के बीत जाने के बाद अब फिर परमाणु हथियारों की स्याह छाया नजर आ रही है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुटेरेश ने चिंता जताई कि परमाणु मुद्दे पर तनातनी और बयानबाज़ी हो रही है और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के लिए धमकियां दी जा रही हैं। हथियारों की होड़ फिर से भड़कने की आशंका है। 20 देशों के समूह ने 2022 और 2023 में संयुक्त बयानों में खतरों को रेखांकित करते हुए कहा कि परमाणु हथियारों का उपयोग और उपयोग की धमकियां अस्वीकार्य हैं। ऐसे में भू-राजनीतिक तनावों के विशेष संदर्भ में वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण प्रयासों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा आवश्यक है। साथ ही भारत को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को वैश्विक निरस्त्रीकरण लक्ष्यों के साथ संतुलित करना चाहिए। सभी देशों को इस मुद्दे की तात्कालिकता को समझना होगा। अमेरिका और नाटो देशों को परमाणु प्रतिशोध की धमकी देने और उत्तेजक परमाणु अभ्यासों से बचना चाहिए। चूंकि अमेरिका और यूरोपीय नेता यूक्रेन को रूस को पीछे हटाने के लिए जरूरी हथियार मुहैया करा रहे हैं, इसलिए उन्हें सावधानी से अपने सैन्य समर्थन को संतुलित करना चाहिए और तनाव बढ़ने से बचने के लिए समन्वय करना चाहिए।

# सरकारी खाद्यान्न खरीद में पारदर्शिता



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

**एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है, परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं?**

न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से धान /बाजरा /ज्वार/मक्का की खरीद प्रारंभ होने वाली है। वस्तुतः न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में हमेशा से किसानों की मांगें उठती रही हैं और सरकार द्वारा इस संबंध में निरंतर परिवर्तन और सुधारकर उन्हें अधिकाधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाती रही है। यहां यह बताना श्रेयस्कर होगा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त कराने के उद्देश्य से खरीफ और रबी सीजन में कुल 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। यह कृषि लागत और मूल्य आयोग की अनुशंसा पर आधारित होता है।

केंद्र सरकार ने किसानों की फसलों को उचित कीमत दिए जाने के उद्देश्य से वर्ष 1965 में कृषि लागत और मूल्य आयोग का गठन किया गया था। भारत में सर्वप्रथम 1966-67 में एमएसपी दर लागू की गई थी। तबसे हरेक साल इसमें सुधार और विस्तारीकरण के उपाय किए जाते रहे हैं। हालांकि उस समय देश में खाद्यान्न उत्पादन की अल्पता थी और भारत खाद्यान्न आयातक देशों में गिना जाता था, परंतु आज भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर हैं और कई खाद्यान्नों का निर्यात करता है। ओपन मार्केट पॉलिसी आने के बाद किसानों को सीधे बाजारों में अपनी उपज बेचने का मौका मिला है। आज ई-नाम मंडी व्यवस्था के अंतर्गत पूरे देश के व्यापारी कहीं भी किसी भी मंडी के खाद्यान्न की खरीद बिक्री कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ हुआ है।

जाहिर है कि एमएसपी योजना की महत्ता के दृष्टिगत ही बदलते समय के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य तथा रसद विभाग द्वारा संचालित न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से किए खाद्यान्न की खरीद विभाग के कंप्यूटरीकरण के साथ सबकुछ ऑनलाइन एवं पारदर्शी हो गया है। इस योजना से बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है। पहले जिनके जमीन भी नहीं थे या जो किसान नहीं थे, वे भी किसी और की जमीन के कागज लगाकर और किसी दूसरे के बैंक खाते में पैसा भेजकर योजना का गलत लाभ लेने की कोशिश करते थे। सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसको

**उत्तर प्रदेश में लगभग 2 .33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2 .15 करोड़ हैं, जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है।**

लक्षित करते हुए ऑनलाइन ई उपार्जन सिस्टम लागू किया गया, जो एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के मामले में देशभर में एक प्रकार का यूनिक सिस्टम बनकर उभरा है। इसके लिए सर्वप्रथम किसानों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई और उनके पंजीकरण को राजस्व विभाग के भू लेख पोर्टल से लिंक किया गया। इससे किसानों के जमीन की सत्यता प्रमाणित होने लगी और फर्जीवाड़ा और बिचौलियों पर रोक लग गई। हालांकि गन्ना विभाग से डाटा शेयरिंग का कार्य अभी भी किया ही जा रहा है। ऑनलाइन पंजीकरण को किसान अपने आधार लिंक मोबाइल नंबर के माध्यम से करा सकता है, जिस पर ओटीपी के माध्यम से वेरीफिकेशन की व्यवस्था है। ऑनलाइन सिस्टम से पहले किसानों को चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता था, जो बियरर होता था। इसे पहले एकाउंट पेयी सिस्टम में लाया गया फिर आरटीजीएस के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खाता मे भेजा जाने लगा, लेकिन सबसे फूल प्रूव सिस्टम तब लाया गया, जब भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पीएफएमएस के माध्यम से एनपीसीआई (नेशनल पेमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया) मैप्ड और वेरीफाइड बैंक एकाऊंट में किसानों को उनकी उपज के मूल्य की धनराशि भेजी जाने लगी। यह ऐतिहासिक कदम था, देश में पहली बार किसी राज्य में किसानों को उनकी उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पीएफएमएस सिस्टम से दिया जाने लगा है। अन्य राज्यों ने भी अब इसी को अपनाने का निश्चय किया है। क्रय केंद्रों पर भी वास्तविक किसानों से खरीद हो यह सुनिश्चित करने के लिए ई पाप (इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट आफ परचेज) मशीन की व्यवस्था की गई है, जिस पर किसान अपना बायोमेट्रिक करने के बाद ही अपनी उपज बेच सकता है। क्रय केंद्रों से राइस मिलों की ऑनलाइन टैगिंग एवं जीपीएस युक्त वाहनों के माध्यम से खाद्यान्न प्रेषण करने की व्यवस्था लागू की गई है, जिसकी ऑनलाइन ट्रैकिंग भी हरेक स्तर से की जा सकती है।

पूरे सरकारी खरीद सिस्टम का एंड टू एंड कंप्यूटराइजेशन के माध्यम से ई उपार्जन सिस्टम बनाया गया है, जिसमें किसानों से खाद्यान्न खरीद के ऑनलाइन पंजीकरण सिस्टम से लेकर टोकन जेनरेशन, तयशुदा तिथि को क्रय केंद्र पर खरीद, ऑनलाइन जेनरेटेड रसीद, ऑनलाइन वेरिफिकेशन के बाद पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से सीधे बैंक खाते में भुगतान, राइस मिलों द्वारा ऑनलाइन प्राप्ति/ प्रेषण भारतीय खाद्य निगम डिपो पर प्राप्ति सभी एक ऑनलाइन चेन सिस्टम से जोड़ दिया गया है। उत्तर प्रदेश में लगभग 2.33 करोड़ किसान हैं। इनमें 1.85 करोड़ सीमांत और लगभग तीस लाख लघु किसान हैं। इसके अनुसार लघु व सीमांत किसानों की संख्या 2.15 करोड़ हैं, जो कुल किसानों का लगभग 93 प्रतिशत है। अधिकतर लघु और बड़े किसानों द्वारा ही क्रय केंद्रों पर खाद्यान्न बेचा जाता है, जो कुल किसानों का लगभग 20 प्रतिशत है। इसके लिए सरकार द्वारा जारी क्रय नीति में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि लघु और सीमांत किसानों से प्राथमिकता के आधार पर खरीद की जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के संबंध में गठित शांता कुमार कमेटी के अनुसार मात्र 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को इस योजना के अंतर्गत सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचते हैं, शेष ओपन मार्केट में बेचते हैं। हालांकि कुछ समय पूर्व इस निष्कर्ष को सतही मानते हुए आइआइटी दिल्ली की रीतिका खेड़ा, प्रांकुर गुप्ता और सुधा नारायण द्वारा एक शोध पत्र जारी किया गया है, जिसके अनुसार लगभग 15-18 प्रतिशत किसानों द्वारा इसका लाभ उठाया जाता है, क्योंकि सभी किसानों द्वारा गेहूं/धान का उत्पादन नहीं किया जाता है तो हम यदि धान/गेहूं उत्पादन करने वाले किसानों में इसकी तुलना करेंगे तो सहभागिता बढ़ जाती है। इस शोध पत्र में आंकड़ों के साथ यह भी कहा गया कि जिन राज्यों ने खरीद व्यवस्था की विकेंद्रीकृत प्रणाली अपनाई है जैसे छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि में लगभग 30-35 प्रतिशत किसानों द्वारा इस योजना का लाभ उठाया जा रहा है।


पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि में यह प्रतिशत भी उच्च है। यहां यह तथ्य भी ध्यान देने योग्य है कि यदि किसानों को मार्केट में अच्छा प्राइस मिल रहा है तो वो भी इसी योजना का प्रतिफल है, परंतु हम आंकड़ों में उन किसानों को शामिल नहीं करते। उदाहरण स्वरूप गत वर्ष 90 प्रतिशत गेहूं बेचने वाले किसानों ने ओपन मार्केट को चुना, क्योंकि यहां मूल्य एमएसपी से अधिक था, अर्थात यहां तुलना भी हम एमएसपी से ही करते हैं। गत वर्षों में गेहूं खरीद के आंकड़ों पर हम नजर डालते हैं तो किसानों को ओपन मार्केट में न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक पैसा मिला है। गेहूं को वो तो सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचना ही नहीं चाहते, क्योंकि उससे ज्यादा मूल्य पर व्यापारी उनके घरों से उठाकर ले जाते हैं। इस तरह से देखें तो यहां पर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अपना उद्देश्य प्राप्त कर रही है और किसानों को उससे अधिक मूल्य मिल रहा है।

एमएसपी का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की सीमित संख्या होने के कारण कभी-कभी एमएसपी के बारे में कहा जाता है कि यह औचित्यहीन प्रतीत होता है, परंतु बात इतनी सीधी नहीं है। प्रश्न यहां यह उठता है कि यदि एमएसपी औचित्यहीन है तो फिर भला आज किसान इसके लिए उद्वेलित क्यों हैं? जाहिर है, उन्हें पता है कि मंडियों मे उनके खाद्यान्न की नीलामी जब होती है तो उसकी बोली का आधार एमएसपी ही होता है। प्रत्येक वर्ष बोली का रेट स्वतः एमएसपी में हुई वृद्धि के अनुरूप बढ़ जाता है। वस्तुतः पीडीएस और एमएसपी मार्केट रेट कंट्रोल करता है। पीडीएस के लाभार्थी भी तो एक दूसरे छोर से एमएसपी योजना से ही जुड़े हैं, क्योंकि यहां खरीदे गए खाद्यान्न का उपयोग ही अंत्योदय और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों के मध्य किया जाता है।

## प्रसंगवश

# धार्मिक स्थलों की समस्या

भगवान राम के दरबार में एक दिन एक कुत्ता न्याय की गुहार लेकर आया। आरोप था कि एक ब्राह्मण ने अकारण उसे डंडे से मारकर चोट पहुंचाया है। ब्राह्मण तलब हुआ। उसने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि कई दिनों से भूखा रहने के कारण उसे कुत्ते के अकारण भूंकने पर क्रोध आ गया, जिसके कारण उससे यह अपराध हो गया। धर्म संकट देखकर श्रीराम ने कुत्ते से कहा कि इस ब्राह्मण के दंड का अब तुम्हीं निर्धारण करो। कुत्ते ने बहुत सोच विचार कर कहा, महाराज! इस ब्राह्मण को किसी मठ का मठाधीश बना दिया जाए। सारी सभा अवाक्। भगवान मुस्कुराए। मंत्री ने कुत्ते से पूछा कि तुम इस ब्राह्मण को दंड दे रहे या पुरस्कार? कुत्ता श्रीराम की ओर मुखातिब हुआ और बोला, महाराज! पिछले जन्म में मैं मठाधीश ही था। कुत्ते की योनि में जन्म लेकर निरपराध डंडे खाने पड़ रहे हैं। धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों के दायित्व बोध के लिए कथा।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

श्री तिरुपति बालाजी धाम अपने देश के सर्वाधिक समृद्ध धार्मिक स्थलों में से एक है। इस स्थिति में वहां के महाप्रसादम् में घालमेल करके किसी भी स्तर पर की गई मुनाफाखोरी अक्षम्य होनी चाहिए। जहां तक प्रसाद ग्रहण करने वाले भक्तों के अपवित्र होने का प्रश्न है, अपने शास्त्र इस बिन्दु पर काफी उदार हैं। हमारी गैर-जानकारी में किए गए किसी दूसरे के कुकर्म से हमारे सत्कर्म प्रभावित नहीं होते हैं। शास्त्रों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी अनुष्ठान में की गई त्रुटियों का परिणाम पुरोहित को भुगतना पड़ता है, न कि यजमान को। राम दरबार की उपरोक्त कथा प्रमाण।

किसी भी यज्ञ, अनुष्ठान, पूजा-पाठ में सर्वप्रथम विघ्न विनाशक गणेश जी का आवाहन किया जाता है, ताकि अनुष्ठान निर्विघ्न समाप्त हो। समापन के पूर्व, अनुष्ठान के मध्य जाने-अनजाने हुई त्रुटियों लिए क्षमा याचना भी अनुष्ठान का ही एक अंग है। इन सब सावधानियों के बावजूद जो त्रुटियां हो जाती हैं, वे "वैगुण्यदोष" के रूप में क्षम्य हैं। तमाम प्रयास के बावजूद कुछ कमियों, त्रुटियों, अपराधों की संभावना बनी रहती है, जैसे हवन सामग्री, हवन की लकड़ी के अंदर सूक्ष्म कीड़े-मकोड़ों की उपस्थिति, प्रज्वलित हवन कुंड के आसपास उड़ते सूक्ष्म कीट-पतंगों का जल जाना आदि इत्यादि। इन्हें वैगुण्य, अर्थात अनजाने में हुए अपरिहार्य, दोष मानकर क्षम्य बताया गया है। अतएव अनजाने में दूषित प्रसाद ग्रहण करने का अपराध बोध वांछनीय नहीं है। अपनी अंतरात्मा की पुकार के अनुसार प्रायश्चित करने में भी कोई हर्ज नहीं।

दरअसल आजकल हमारे धार्मिक स्थलों की समस्या कुछ अलग है। तीर्थाटन गुजरे जमाने की बात होती जा रही, देशाटन भी पर्यटन का रूप ले चुका है। अब यह पर्यटन भी एक तरह से तीर्थाटन व देशाटन का कार्पोरेटाइजेशन हो चुका है, जिसमें आस्था व जिज्ञासा के स्थान पर उत्सव व आमोद-प्रमोद को वरीयता मिल रही है। कारपोरेट कल्चर का मूल स्वरूप अधिकाधिक विस्तार से एकाधिकार और मुनाफाखोरी है। सो प्रसाद जैसे पावन सामग्री में भी इन्हें हाथ आजमाने से कोई गुरेज नहीं। पर्यटन भी धीरे-धीरे अति की ओर अग्रसर है। पर्यटन के अतिरेक, ओवर टूरिज्म के दुष्परिणाम को देखते हुए वर्ष 2002 में ही समेकित विकास वर्ल्ड समिट, केपटाउन, में उत्तरदायित्व पूर्ण पर्यटन को "स्थानीय निवासियों के रहने व आगंतुकों के लिए बेहतर स्थान" के रूप में परिभाषित किया गया था। सभी सहभागियों का यह उत्तरदायित्व है कि वे ऐसे स्थलों की स्थानीय विरासत को अपनी अगली तथा उससे आगे आने वाली पीढ़ी के लिए यथावत सुरक्षित रखें। स्थानीय निवासी व आगंतुक पारस्परिक अनुभवों से लाभान्वित हों।

प्रो हारोल्ड गुडविन, "इंटरनेशनल सेंटर ऑफ रेसपांसिबल टूरिज्म" के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कुछ दिनों पूर्व दिए गए अपने साक्षात्कार में बताया है कि किस तरह से ओवर टूरिज्म के चलते बार्सीलोना में बाहरी लोगों के अत्यधिक आवागमन करने के कारण स्थानीय लोग बेघर हो गए और कारपोरेट्स द्वारा संचालित होटलों में कर्मचारी के रूप में काम करने के लिए विवश हो गए हैं। केरल के भी कुछ हिस्सों में यही स्थिति बताई जाती है। इसी ओवर टूरिज्म के चलते, जो अब एक भेड़चाल का रूप ले चुका है, विगत के कई आकर्षक पर्यटन स्थल अपनी आभा खोते जा रहे हैं। उन्होंने वृंदावन के जैतवन व निधिवन को एक आदर्श पर्यटन स्थल बताया है, जहां कोलाहल से दूर उसकी आध्यात्मिक अस्मिता सुरक्षित है। उन्होंने यह भी अपेक्षा की है कि ऐसे पर्यटन स्थलों को ऐसा संरक्षण दिया जाए, ताकि उनका मूल स्वरूप सुरक्षित रह सके। पर्यटन स्थल स्थानीय लोगों की संपत्ति है, यह पांच सितारा होटलों के मालिकों व उसमें ठहरने वाले बाहरी लोगों की संपत्ति नहीं है।

जयंती

# भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ जरूरी



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

**भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे।**

भगत सिंह स्वतंत्रता संग्राम के अकेले गैर कांग्रेसी योद्धा हैं, जिनकी ख्याति महात्मा गांधी के मुकाबले हो गई थी। उनकी फांसी के मुद्दे पर कांग्रेस लगभग आधे-आधे में बंट गई थी। असहमति के बावजूद गांधी के प्रति उनके मन में बेहद सम्मान था। भगत सिंह का कांग्रेस पर नैतिक पौरुषपूर्ण प्रभाव भी पड़ा था। वे गांधीवाद की ऐतिहासिक भूमिका को एक वैज्ञानिक यथार्थवादी की तरह आंकते थे।

लाहौर अधिवेशन में भगत सिंह ने कांग्रेस की ही सहमति से भगवतीचरण वोहरा द्वारा लिखा पर्चा बंटवाया भी था। उसमें विदेशी गुलामी से मुक्ति के लिए क्रांतिकारियों के हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सशस्त्र संगठन द्वारा क्रांति के लिए संकल्पबद्धता का ऐलान था। नौजवानों को दिए संदेश में भगत सिंह ने इशारा भी किया था कि लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस देश की आजादी के लिए जबर्दस्त लड़ाई की घोषणा करने वाली है। तब राष्ट्रीय इतिहास में कठिन क्षणों में नौजवानों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ेगी। चाचा सरदार अजीत सिंह, पिता किशन सिंह, लाला लाजपत राय, प्राचार्य छबीलदास, लाइब्रेरियन राजाराम शास्त्री के समर्थन और गांधी के आह्वान पर पढ़ाई छोड़कर स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़ने के बावजूद कांग्रेस के प्रस्तावों ने भगत सिंह के साथ न्याय नहीं किया।

भगत सिंह ने पूरी तौर पर सशस्त्र क्रांति को खारिज नहीं किया। उन्होंने साफ किया कि सशस्त्र क्रांति उस समय ही अनिवार्य विकल्प है, जब जनता पूरी तौर पर क्रांति के नियामक मूल्यों के लिए सुशिक्षित हो पाए। असेंबली में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने बम के बदले क्रांति के अग्निमय शोलों से लकदक लाल पर्चे फेंके। वे किसी भी मुर्दा कौम में बगावत के स्फुलिंग भर सकते थे। सांडर्स की हत्या के बाद क्रांतिकारी पर्चे में साफ लिखा था कि उन्हें एक मनुष्य का खून बहाने में गहरा दुख है। जिन परिस्थितियों में शांति मार्च की अगुआई कर रहे लाला लाजपत राय को लाठियों से पीटकर मार डाला गया, उस घटना का बदला बौद्धिक के बदले यौद्धिक तरीके से ही कारगर ढंग से संसूचित किया जा सकता था। इससे ही अंग्रेज शासक में खौफ पैदा होता कि वह वहशी इरादों के साथ स्वतंत्रता सैनिकों की हत्या करने की कोशिश न करें।

'इंकलाब जिंदाबाद' मूलतः कम्युनिस्टों का नारा है। भगतसिंह ने इसके साथ जोड़ा था 'साम्राज्यवाद मुर्दाबाद' और 'दुनिया के मजदूरों एक हो।" असेंबली बमकांड पर दिए सनसनीखेज ऐतिहासिक बयान में भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने समाजवादी प्रतिबद्धता के बावजूद क्रांतिकारी आंदोलन का श्रेय गुरु गोविन्द सिंह, शिवाजी, कमाल पाशा, रिजा खां, जार्ज वाशिंगटन, गेरीबाल्डी, लायाफेर और लेनिन को भी दिया। भगत सिंह का कहना था-"मैंने एक आतंकवादी की तरह काम किया है, लेकिन आतंकवादी नहीं हूं। मैं तो ऐसा क्रांतिकारी हूं, जिसके पास एक लंबा कार्यक्रम और उसके बारे में सुनिश्चित विचार होते हैं। मैं पूरी ताकत के साथ बताना चाहता हूं कि मैं आतंकवादी नहीं हूं और कभी था भी नहीं, कदाचित कुछ उन दिनों को छोड़कर जब मैं अपने क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत कर रहा था। मुझे विश्वास है कि हम ऐसे तरीकों से कुछ भी प्राप्त नहीं कर सकते हैं।"

भगत सिंह नास्तिक थे। उन्हें ईश्वर और धर्म की कठमुल्ला शास्त्रोक्त परंपराओं में विश्वास नहीं था। दलितों के लिए उनके संगठन के दरवाजे जातीय बराबरी के आधार पर खुले थे। किस्सा मुख्तसर है कि मुसलमानों के रूढ़ विश्वासों के कायम रहते झटका और हलाल किस्म के मांस को एक साथ परोसकर खिलाए जाने के रोमांचक प्रयत्न भी क्रांतिकारियों के बीच प्रफुल्ल होते रहते थे। भगत सिंह पहले आधुनिक महत्वपूर्ण वैचारिक थे, जो पूरी तौर पर प्रचलित मजहबी रूढ़ियों के दायरों से बाहर थे। अंग्रेज जल्लादों से बचने के लिए उन्होंने अपने केश काटकर दुर्गा देवी वोहरा के साथ कलकत्ता तक यात्रा की। कुछ सिखों ने आलोचना की कि पांच धार्मिक प्रतीकों में से केश को उन्होंने क्यों कटवा लिया? भगत सिंह ने धार्मिक जुमले में उन्हें निरुत्तर किया कि गुरु गोविंद सिंह का आदेश है कि अपने कौम और धर्म की रक्षा के लिए शरीर का अंग-अंग कटवा दो। मैंने उसी मकसद से केश कटवा दिए। मौका मिलेगा तो अगला अंग अपनी गरदन कटवा लूंगा।

आज भगत सिंह की क्रांति का पुनर्पाठ बेहद जरूरी है। भगत सिंह हमारी प्रशंसा के साथ-साथ शोधपूर्ण जिरह के आधार हैं। यदि वे आजाद भारत में होते तो स्थितियों का अपनी मौलिकता के साथ आकलन करते। देश तब उस आकलन से सहमत, असहमत या तटस्थ होने की अपनी भूमिका तलाशता।

# रेबीज के कारगर निवारण को जागरूकता जरूरी



डॉ .कृष्णा नंद पांडेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक
नोएडा

दुनिया के 150 से अधिक देशों मुख्यतः एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। संयुक्त राज्य अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अनुसार दुनिया में प्रतिवर्ष लगभग 70,000 लोग रेबीज के कारण असामयिक मौत का शिकार होते हैं। रेबीज संक्रमण से होने वाली 99 प्रतिशत मौतें संक्रमित कुत्तों के काटने से होती हैं। रेबीज के कारण दुनिया में 40 प्रतिशत मौतें 5 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों में होती है। हालांकि रेबीज संक्रमण का संचरण बिल्लियों, लोमड़ी, सियार, नेवला जैसे जंगली जंतुओं से भी हो सकता है। रेबीज एक वायरल, जूनोटिक (जंतुजन्य) रोग है, जिसका यदि लक्षणों की शुरुआत होने से पहले इलाज न किया गया तो जानलेवा साबित हो सकता है। मानव और पालतू जंतुओं में रेबीज का संक्रमण मुख्यतया किसी संक्रमित जंतु के काटने अथवा उसके द्वारा नोचने, खरोंचने से अथवा संक्रमित जंतु के आंख, मुंह और खुले घाव के सीधे संपर्क में आने पर फैलता है। रेबीज वायरस केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली को संक्रमित करता है और यदि इलाज में देरी हुई तो लक्षणों की शुरुआत के साथ मृत्यु की संभावना बढ़ जाती है। रेबीज से बचने के लिए इसके प्रति जागरूकता बहुत जरूरी है।

भारत में गली-मोहल्ले में आवारा कुत्तों के आतंक की घटनाएं प्रायः प्रकाश में आती हैं। आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा छोटे बच्चों को घेरकर काटने, नोचने के उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं। यह झुंड खासकर वृद्धों, महिलाओं और बच्चओं को आसानी से शिकार बनाता है। अमेरिका जैसे देश में प्रतिवर्ष 7000 से अधिक रेबीज से संक्रमित होते हैं, जिनमें लगभग 10 व्यक्ति मौत का शिकार होते हैं। कुत्ते पालने के अधिकांश शौकीन आकर्षक नस्लों के विदेशी कुत्ते पालते हैं। जाहिर है उनका आयात किया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कुत्तों की आयात प्रक्रिया कड़े नियमों के अनुपालन पर आधारित होती है। यही कारण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 2007 से आयातित संक्रमित कुत्तों से फैलने वाले रेबीज की घटनाओं पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। आवारा कुत्ते द्वारा काटे जाने से बचाव मनुष्य के लिए बिल्कुल आसान है, फिर भी संक्रमित जंतुओं के काटने अथवा खरोचने की स्थिति में चिकित्सा विशेषज्ञ की परामर्श में इलाज कराना जरूरी होता है। अविलंब उपचार के द्वारा इससे होने वाली क्षति से बचा जा सकता है। पेट लवर्स अपने पेट्स के भोजन, स्वास्थ्य तथा उनकी स्वच्छता सफाई के प्रति बहुत सजग रहते हैं। फिर भी लोगों को दूसरों के पालतू कुत्तों से भी सजग और सावधान रहने की आवश्यकता होती है। पर्यटन स्थलों पर स्ट्रीट डॉग्स से बचना जरूरी है।

विश्व के अनेक देशों में अभी भी रेबीज के कारण बड़ी संख्या में लोगों और जंतुओं की मौतें होती हैं। प्रत्येक वर्ष 28 सितंबर को रेबीज से संबंधित किसी महत्वपूर्ण विषय यानी थीम पर केंद्रित "विश्व रेबीज दिवस" के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर जन सामान्य में रेबीज संक्रमण के विषय में जानकारी, उनसे बचाव के तरीके, निर्धारित समय पर वैक्सीन लगवाने जैसे पहलुओं पर जागरूकता फैलाना होता है। 28 सितंबर को विश्व प्रसिद्ध फ्रेंच केमिस्ट और माइक्रो बायोलॉजिस्ट लुइस पाश्चर की पुण्यतिथि भी है, जिन्होंने प्रथम रेबीज वैक्सीन को तैयार किया था। उनके योगदानों के संस्मरण में रेबीज के कारगर निवारण की दिशा में समुदाय के लोगों में जागरूकता फैलाना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। वर्ष 2024 के "विश्व रेबीज दिवस" के लिए निर्धारित विषय है 'ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज' यानी 'रेबीज की सरहदें तोड़ना'। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार रेबीज की सुरक्षा में व्यापक टीकाकरण अभियान, जागरूकता फैलाने और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को सुनिश्चित कर हम भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक बाधाओं के रूप में सीमाएं तोड़ सकते हैं। रेबीज संक्रमण पर काबू पाने की दिशा में आने वाली रुकावटों को दूर करना इस वर्ष के लिए निर्धारित थीम का हिस्सा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2030 तक विश्व को कुत्तों से फैलने वाले रेबीज से होने वाली मौतें बिल्कुल समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए विभिन्न देशों के बीच पारस्परिक सहयोग करने के साथ-साथ सरकारों, स्वास्थ्य संगठनों, वेटरनरी सेवाओं और समुदायों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

## सोशल फोरम

# तर्क करने का माद्दा

कोर्ट में केस चल रहा था। सारे सबूत अपराधी को गुनहगार ठहरा रहे थे। जब अपराधी से सफाई में कुछ कहने के लिए कहा गया तो उसने कहा-श्रीमान मैं गंगा स्नान कर अपने सारे पाप धो चुका हूं। अब चूंकि मैं पाप मुक्त हो चुका हूं, इसलिए मुझे दंड नहीं मिलना चाहिए।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

सवाल है कि कोई भी समाज क्या अपराधी को केवल इसलिए माफ कर देगा कि उसने गंगा स्नान कर लिया है। शायद कोई भी समाज ऐसा नहीं करेगा। तो आखिर ये कौन लोग हैं और कैसी ये सोच है, जो केवल स्नान से आपके पाप कटवाने का ठेका लिए घूमते हैं। समाज आस्था से आपके विश्वास से नहीं चलता। कोई भी स्वस्थ समाज चलता है, नियमों से, तर्कों के बलबूते।

आजादी के बाद भारत की प्रगति की राह में ये सबसे बड़ी बाधा रही कि हम एक तर्कशील समाज का निर्माण करने में असफल रहे। तर्क के ऊपर आस्था को महत्व देने का नतीजा है कि एक स्कूल में बच्चों की शुरुआत प्रार्थना से होती है और फिर क्लास में जाकर ये फिजिक्स और केमेस्ट्री पढ़ते हैं। न्यूटन, आइंस्टाइन और डार्विन को रटते हैं। रटते हैं यहां इसलिए कहा गया कि फिर यही लोग बड़े होकर रफैल पर नींबू मिर्च लटकाने से खुश होते हैं। दरअसल दिक्कत है कि जो समाज के अग्रणी लोग हैं, जिन पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी है। वो सब खुद कर्मकांड में लिप्त हैं। शिक्षा हमें तार्किक बनाती है।

अंधविश्वास भगाती है, लेकिन आज एक शिक्षित व्यक्ति भी बिल्ली के रास्ता काटने पर सोचने लगता है। हमारी दिक्कत है कि हमने तर्कों पर हमेशा आस्था को महत्व दिया। अगर हमारी आस्था, विश्वास इतने ही मजबूत हैं तो तर्को से डरना क्यों? जो विज्ञान हजारों साल पहले हुए डायनासोर्स के बारे में बता सकता है। वो आपके सारे अंधविश्वास और किस्से कहानियों की सत्यता भी परख सकता है। बशर्ते आपमें जानने और अपने ही विश्वासों की बखिया उधेड़ उस पर तर्क करने का माद्दा हो।

-फेसबुक वॉल से

# आईटी हब बैंगलोर

इन दिनों सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर हो चुके बैंगलोर में हूं। तमाम आईटी सेक्टर कंपनियों और अन्य सरकारी उपक्रमों के बड़े कार्यालय होने से इस जगमग क्षेत्र की रौनक देखने लायक है। आईटी कंपनियों के हब में देश के अनेक प्रांतों से आए युवा जगह-जगह चहल कदमी करते और ग्रुप्स में चाय पर चर्चा करते मिल जाएंगे। इलेक्ट्रोनिक सिटी में इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों की बहुलता से प्रदूषण काफी कम है। जगह-जगह कतार में खड़ी बैटरी वाली साइकिल जो मिरेकल के नाम से जानी जाती हैं। एक ऐप के जरिए पिन प्राप्त कर कम दूरी के लिए यूज करना बड़ा आसान है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यहां गगन चुंबी इमारतें तो नहीं हैं, परंतु ऊंची-ऊंची इमारतों की भव्यता जरूर है। युवाओं और युवतियों के लिए बड़ी संख्या में पीजी मिल जाएंगे जो स्थानीय लोगों का साइड बिजनेस भी है। देश के सभी प्रांतों के युवाओं की उपस्थिति से अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़, मराठी, बंगला, भोजपुरी, तमिल, तेलगु आदि भाषाओं का मिश्रण सुना जा सकता है। यहां ओला या उबर के मुकाबले रैपिडो के माध्यम से बाइक, ऑटो और कैब का प्रयोग अधिक किया जाता है। वहीं देश की दुग्ध उत्पादन की दूसरी बड़ी कंपनी नंदनी का दूध अमूल के दूध के मुकाबले काफी ज्यादा होता है। स्थानीय दुकानदार भी इसी को प्रमोट भी करते देखे जा सकते हैं। शिक्षित लोगों का क्षेत्र होने से यूपीआई से पेमेंट बहुत ज्यादा है। 75 प्रतिशत लेन-देन इसी पद्धति से होता दिखाई दे रहा है।

कैश में लेन-देन काफी कम है। छोटे खुदरा दुकानदार, फड़ वाले, रेहड़ी वाले ऑटो पेटीएम पर ही पेमेंट लेना पसंद करते हैं। आईटी हब होने के साथ-साथ दुकानों, मॉल, घरेलू काम ऑटो और कार चलाने, स्विगी, ज़मोटो, ब्लिंकिट तथा सिक्युरिटी आदि के लिए अर्द्धकुशल और अकुशल सभी तरह के श्रमिकों की मांग बनी रहती हैं। बड़ी संख्या में प्रवासी यहां काम करते देखे जा सकते हैं। काश देश के अन्य बड़े शहरों में भी इस तरह का विकास हो सके।

## एक नजर

### मेडिकल कॉलेज में वितरित हुआ टैबलेट

**बहराइच।** मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर आनंद गोंड और सदर विधायक अनुपमा जायसवाल रहीं। अतिथियों ने मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले एमबीबीएस छात्रों को टेबलेट वितरित किया। इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर संजय खत्री, प्रोफेसर अरविंद शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

### क्षेत्र में बाधित हुई विद्युत आपूर्ति

**बाबागंज, बहराइच।** जिले में गुरुवार की रात में हुई वर्षा के दौरान बाधित हुई विद्युत आपूर्ति शुक्रवार शाम तक बहाल नही हो पाई। जिससे लोगो को भारी परेशानियों की सामना करना पड़ा। उप विद्युत केंद्र सहाबा से बाबागंज ,रुपईडीहा ,चरदा ,जमोग ,बाबाकुट्टी, सहित सैकड़ो गाओ को विद्युत आपूर्ति सेवा प्रदान होती है। लेकिन रात में हुई वर्षा के दौरान लाइन में आई तकनीकी खराबी के कारण बाधित हुई विद्युत आपूर्ति शुक्रवार को शाम चार बजे तक बहाल नही हो पाई। इस दौरान उपभोक्ताओं को विद्युत के लिए कठिनाई उठानी पड़ी। कई घरों में विद्युत आपूर्ति न मिलने से पेय जल की समस्या बनी रही।

# तेंदुए के हमले में किशोरी और किसान घायल

## खेत में काम कर रहा था किसान, किशोरी पर सोते समय किया हमला, लखनऊ रेफर

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** अब तक जिले में भेड़िये की दहशत थी। अब तेंदुए का भय भी व्याप्त हो गया है। जंगल से सटे दो गांवों में तेंदुए ने किसान और किशोरी को हमला कर घायल कर दिया। बालिका को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया गया है। किसान का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

गुरुवार की रात सबसे पहले धर्मापुर रेंज के हरखापुर गांव में तेंदुआ पहुंच गया। उसने खेत में काम कर रहे किसान मधु सूदन (35) पुत्र राम कुमार पर हमला कर दिया। किसान ने उससे संघर्ष कर किसी तरह अपनी जान बचाई। उसे सीएचसी लाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर रात नौ बजे उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। वहीं सुजौली थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरवा गांव निवासी सायबा (14) पुत्री वसीम खान गुरुवार रात घर के बाहर सो रही थी। रात 10 बजे के आसपास जंगल से निकलकर आए तेंदुए ने बालिका पर हमला कर दिया। बालिका के शोर मचाने पर परिजनों की नींद खुली। सभी ने शोर मचाकर तेंदुए को वहां से भगाया। घायल किशोरी को सीएचसी मोतीपुर लाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात 12 बजे हालत में सुधार न होने पर उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

डीएफओ बी. शिव शंकर ने बताया कि तेंदुए ने अलग-अलग गांवों में हमला किया है। जिसमें किशोरी समेत दो लोग घायल हुए हैं।


तेंदुआ के हमले में घायल को आर्थिक सहायता देते वन क्षेत्राधिकारी।

### एम्बुलेंस में ईएमटी ने किया किशोरी का उपचार

सुजौली थाना क्षेत्र निवासी सायबा को तेंदुआ ने नोचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। एंबुलेंस से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा था। लेकिन नानपारा के आगे बालिका की हालत गंभीर हो गई। जिस पर ईएमटी अशोक कुमार यादव ने ऑनलाइन डॉक्टर जितेंद्र कुमार की सहायता लेकर प्राथमिक उपचार दिया। जिस पर बालिका की हालत स्थिर हुई। इस पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।

### भेड़िये के हमले में बच्चा समेत दो घायल

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के हरदी थाना क्षेत्र के गांवों में एक बार फिर भेड़िया ने हमला कर बालक समेत दो लोगों को जख्मी कर दिया। दोनों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक इलाज कर रहे हैं। जिले में लगभग दो सप्ताह से भेड़ियों का हमला रुका हुआ था। इससे गांव के लोगों के साथ वन अधिकारी राहत की सांस ले रहे थे। लेकिन गुरुवार रात भेड़िए ने दो लोगों पर हमला कर दिया। हरदी थाना क्षेत्र के रमवापुर खुर्द गांव निवासी आरुष (6 माह) पुत्र रमेश अपनी मां फूलमती के साथ तीन दिन पहले ननिहाल घूमनी आया था। गुरुवार की रात फूलमती बच्चे के साथ सो रही थी। तभी जंगली जानवर आया और वह बच्चे को अपनी तरफ खींचने लगा। मां ने शोर मचाकर उसे भगाया और बेटे की जान बचायी। इसके बाद भेड़िया जंगल की ओर चला गया। भेड़िया के हमले में छह माह का बालक घायल हो गया। इसी थाना क्षेत्र के ग्राम नकहा निवासी ममता (5) पुत्री तीरथ अपनी बहन के साथ सो रही थी। रात ढाई बजे के आसपास भेड़िए ने बालिका पर हमला कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर भेड़िया बालिका को छोड़कर चला गया। दोनों घायलों को परिवार के लोगों ने सीएचसी पहुंचाया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। भेड़िये के हमले से गांव के लोगों में फिर दहशत व्याप्त हो गयी।

### कुत्ते या सियार ने किया हमला

हमले में घायल बच्चों के परिवार के लोगों ने बताया कि भेड़िया ने हमला किया है। वहीं इस मामले में डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बयान जारी करते हुए कहा कि यह हमला भेड़िए ने नहीं किया है। बल्कि कुत्ता या सियार द्वारा किया गया है।

# स्कूल गए छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता, नानपारा,बहराइच

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में संचालित अवध बिहारी मेमोरियल स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा एक का छात्र बृहस्पतिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हो गया था। लखनऊ में उसकी मौत हो गई। पिता ने शिक्षक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। वहीं शिक्षक का कहना है कि बंदर ने ईंट फेंक दिया। जिससे छात्र घायल हुआ था।

कोतवाली नानपारा अंतर्गत साइनपुरवा गांव निवासी शादाब अली पुत्र इरशाद अली मटेरा क्षेत्र में संचालित अवध बिहारी मेमोरियल स्कूल में कक्षा एक का छात्र था। पिता इरशाद अली ने बताया कि बृहस्पतिवार को बेटा स्कूल पढ़ने के लिए गया था। दो घंटे बाद स्कूल के एक शिक्षक ने सूचना दिया कि बेटे को प्यास लगी तो वह पानी पीने के लिए बाहर निकला इसी दौरान एक बंदर ने बेटे पर ईंट फेंक दिया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान देर रात को मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता का कहना है कि बंदर ईंट से कैसे हमला कर सकता है।।उसका कहना है कि शिक्षक की लापरवाही है। उसने थाने में तहरीर भी दी है। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान


गांव में शुक्रवार को झाड़ू लगातीं छात्राएं। अमृत विचार

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार।** नगर में स्थित सर्वोदय महाविद्यालय की ओर से शुक्रवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय स्वयं योजना के तहत शिविरार्थियों ने झाड़ू लगाया। मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 में स्थित सर्वोदय महाविद्यालय के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सेवक एवं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की कार्यक्रमाधिकारी नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि यह शिविर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संजय श्रीवास्तव,लल्लन कुमार,जैनेंद्र कुमार,कविता,जूली,नेहा, सविता,अभिषेक समेत सभी छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### तेज हवाओं के साथ हुई रिमझिम बारिश


गोंडा मार्ग पर बारिश में पेड़ गिरने से रुका आवागमन।

**बहराइच, पयागपुर, अमृत विचार।** जिले में देर रात से तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। इसके चलते अगेती धान की फसल खेत में ही गिर गई है। जबकि पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हुआ। जनपद में देर रात्रि से तेज हवा के साथ हो रही रिमझिम बरसात से गोण्डा बहराइच मार्ग पर शुक्रवार शाम को पयागपुर बस स्टॉप से कुछ ही दूरी पर स्थित विद्या फिलिंग सेंटर के सामने आम का पेड़ गिर गया,जिससे सड़क मार्ग पर घण्टों आवागमन अवरुद्ध रहा। छोटे वाहन पेट्रोल पम्प की तरफ से किसी तरह निकलने में सफल होते दिखे तो बड़े वाहन घण्टों मार्ग में फंसे रहे।लगभग एक घण्टे बाद पेड़ को हटाये जाने की कवायद शुरू हुई जिससे आवागमन बहाल हो सका। उधर अगेती धान की फसल भी तेज हवाओं के चलते गिर गई है। जिससे किसान काफी परेशान हैं। वहीं मौसम वैज्ञानिक अभी एक दिन और बारिश के साथ तेज हवाओं के चलने का अनुमान लगा रहे हैं। बारिश के चलते मौसम में नमी भी आ गई है।

### दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़

**फखरपुर, बहराइच,अमृत विचार।** जनपद के परसेंडी मिल चौराहे पर स्थित एक दुकान में घुसकर दबंगों ने रंजिश में मारपीट और तोड़फोड़ की। बचाने आए परिवार की महिलाओं को भी पीटा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। पीड़ित ने डीआईजी से ऑनलाइन शिकायत की है।फखरपुर थाना क्षेत्र के परसेंडी कोरिनपुरवा निवासी संतोष कुमार पुत्र बीपत ने डीआईजी को ऑनलाइन प्रार्थना पत्र देकर अपनी आपबीती सुनाई। संतोष के अनुसार वह अपनी दुकान पर मौजूद था। तभी विपक्षी मैफूज पुत्र अज्ञात, साबरून पत्नी मैफ़ूज़, अफ़साना पुत्री मैफ़ूज़ व फरीद पुत्र अब्बास ने अचानक पुरानी रंजिस को लेकर हमलावर हो गए। उन्होंने दुकान में घुसकर मारपीट करने के साथ दुकान में तोड़फोड़ की। जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उसकी जान लेने की कोशिश की, लेकिन वह किसी तरह अपनी जान बचाकर मौके से भाग निकला। इस हमले में युवक की पत्नी पन्नी देवी, भतीजी रेखा व भाई की पत्नी गौरा देवी बचाने आई तो उन्हें भी गंभीर रूप से चोटिल कर दिया। हमलावर मारपीट करते हुए लगभग 20 हजार रुपये भी दुकान के गल्ले से उठाकर ले गए।का विपक्षी पर आरोप लगाया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में थानाध्यक्ष फ़ख़रपुर अभिनव प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया जाँच कर कार्यवाही की जायेगी।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पत्नी पर आशंका

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर के फुटहा कांशीराम आवासीय कालोनी स्थित एक मकान में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पत्नी ने साइलेंट हार्ट अटेक से मौत बताई। जबकि बहनो ने शरीर पर चोटे होने पर संदिग्ध मौत करार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। देहात कोतवाली के फुटहा स्थित कांशीराम आवासीय कालोनी स्थित ब्लाक नम्बर पांच मे 35 वर्षीय सरदार गुरमीत सिंह सोंढ़ी पुत्र शमसेर सिंह रहते थे। बुधवार रात उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरूवार सुबह कानपुर से उनकी बहन मीना परिवार सहित पहुंची। उन्होंने भाई के शरीर पर चोटे पाई गईं है। उन्होंने संदिग्ध मौत करार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। देहात कोतवाल परमानंद तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी।

# मिस्टर फ्रेशर हुसैन तो मिस फ्रेशर बनी सौम्या



फ्रेशर पार्टी के दौरान मौजूद छात्र- छात्राएं। अमृत विचार

भगवानपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** तहसील महसी के सबलापुर में स्थित डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सेमिनार हाल में फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि संस्था के चेयरमैन की सुपुत्री डा. वर्षा शुक्ला, मैनेजर आस्था शुक्ला, नर्सिंग कालेज के प्राचार्य हरीश नागर, फार्मेसी कालेज के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार मिश्र, आयुर्वेदिक कालेज के प्राचार्य डा. आनंद कुमार चौरसिया ने दीप प्रज्वलित किया और विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीनियर विद्यार्थियों ने जूनियर विद्यार्थियों को मीठा खिलाकर व चन्दन लगाकर स्वागत किया। नर्सिंग की नए विद्यार्थियों ने सबसे पहले अपना परिचय दिया। विद्यार्थियों ने फ्रेशर पार्टी में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सौम्या शुक्ला को मिस फ्रेशर व हुसैन ताहिर को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। डा. वर्षा शुक्ला ने मिस फ्रेशर व मिस्टर फ्रेशर को ताज पहनाया। मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने की सलाह दी। प्राचार्य हरीश नागर ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक प्रोग्राम में पुराने व नए विद्यार्थियों में एक - दूसरे को समझने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम का संचालन ईशा वर्मा ने किया। इस मौके पर मैनेजर आस्था शुक्ला, प्राचार्य डा. संतोष कुमार मिश्र,डा. आनंद कुमार चौरसिया, आराधना, फूलचंद्र डावरिया, कृष्ण कुमार, आलोक कुमार,गौरव सिंह,उदयकुमार ,चंदन शर्मा, श्रवण कुमार,पीआरओ गौरव पांडेय,नीलेश तिवारी,जेपी शुक्ल, महेंद्र शुक्ल,सुनिधि शुक्ला, आंचल सिंह,दीक्षा वर्मा,सुषमा, प्रतीक्षा पाठक,फरहत खान, नैन्सी,आगमन साहू,अलीजा, सत्यम,इसरा, सौम्या सिंह, भूमिका चौधरी, रोशनी सोनी, कीर्ति मिश्रा,आयुषी गुप्ता, संगीता, लवीशा प्रजापति समेत अन्य मौजूद रहें।

## वार्षिक कार्य योजना के लिए हुई बैठक

**बहराइच।** जिला सहभागी पंचायत विकास योजना/वार्षिक कार्ययोजना के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गाँव, स्वस्थ्य गाँव, बाल हितैषी गाँव, पर्याप्त जल युक्त गाँव, स्वच्छ एवं हरित गाँव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढाँचे वाला गाँव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गाँव, सुशासन युक्त गाँव, महिला हितैषी गाँव की स्थापना के लिए वार्षिक कार्ययोजना तैयार की जानी है। डीएम ने बताया कि पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 2 अक्तूबर से 31 जनवरी 2025 के मध्य सहभागी ग्राम पंचायत विकास योजना/वार्षिक कार्ययोजना के साथ-साथ 28 फरवरी तक क्षेत्र पंचायत विकास योजना तथा 31 मार्च 2025 तक जिला पंचायत विकास योजना को तैयार किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिया कि भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार आकांक्षी जिले के विकास को मद्देनज़र रखते हुए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# सभी को जीवन में एक बार जरूर करना चाहिए रक्तदानः सांसद


रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र देते सांसद। अमृत विचार

संवाददाता, महसी, बहराइच

**अमृत विचार।** प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास एवं बेसिक शिक्षक परिवार महसी के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन पंडित राम हर्ष मिश्र स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज महसी के सभागार में मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक के सहकर्मियों के सहयोग से हुआ। मुख्य अतिथि सांसद बहराइच आनंद गोंड व विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेश चंद्र मिश्र मजनू ने किया। कार्यक्रम का संयोजक ध्रुव कुमार मिश्र, प्रदीप त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद आनंद ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, इसलिए रक्तदान कर लोगों के जीवन दान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व का प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में एक बार रक्तदान करें तो विश्व में किसी की भी मौत बिना रक्त के नहीं होगी। विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ धर्मेन्द्र पाल ने कहा कि रक्तदान वह पुनीत कार्य है जो लोगों को जीवन दान प्रदान करती है इसलिए रक्तदान करना चाहिए धन्यवाद ज्ञापन देवेश चंद्र मिश्र मजनू एवं संरक्षक घनश्याम वाजपेई ने किया। कार्यक्रम को प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास के संरक्षक घनश्याम वाजपेई, प्रदेश अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय,महासचिव ध्रुव कुमार मिश्र, रणजीत कन्नौजिया ,महामंत्री संजय सिंह , उपाध्यक्ष डॉ अनंतराम निषाद, प्रधानाचार्य यशपाल सिंह, प्रदीप कुमार मिश्र, मेडिकल टीम में डॉ अली मेंहदी, ध्रुव कुमार मिश्र, धर्मेंद्र कुमार पाल, प्रदीप कुमार, रवि सिंह, बृजेश कुमार सिंह, संजीव कुमार अवस्थी, चंद्रशेखर सिंह, रवि प्रकाश शर्मा, बृजेश कुमार यादव, अमर सिंह, वीरेंद्र कुमार ओझा, मारूत नंदन अवस्थी, संतोष तिवारी समेत 40 ने रक्तदान किया।

# नदी में डूबीं दो किशोरियों का नहीं चला पता


नदी के तट पर तलाश में जुटे पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

बिछिया, बहराइच

**अमृत विचार।** सुजौली थाना क्षेत्र में स्थित घाघरा नदी में बुधवार शाम को स्नान करते समय दो किशोरिया नदी में डूब गई थी। 48 घंटे बाद भी दोनों का पता नहीं चल सका है।

सुजौली थाना क्षेत्र के मौरहवा गांव के पास स्थित घाघरा बैराज नदी में महिलाएं और गांव की बेटियां बुधवार शाम चार बजे स्नान कर रही थी। स्नान करते समय बड़खड़िया गांव निवासी सीमा (16) पुत्री हरिश्चंद्र और लाली पुत्री (14) विजेंद्र गहरे पानी में चली गई। दोनों को आसपास के लोगों ने बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पानी अधिक होने से दोनों किशोरिया बीच धारा में बह गईं। गुरुवार को दूसरे दिन भी दोनों की तलाश पुलिस ने करवाई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। शुक्रवार को मौके पर तहसीलदार अंबिका चौधरी, सीओ हीरालाल कनौजिया और प्रभारी निरीक्षक हरीश सिंह की देखरेख में जवानों ने तलाश की, लेकिन दोनों किशोरियों का कुछ पता नहीं चल सका। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एनडीआरएफ जवान तालाश कर रहे हैं, लेकिन तीसरे दिन भी कुछ पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि बारिश के चलते रेस्क्यू में दिक्कत भी हो रही है।

## दुर्घटनाओं में बैंक मैनेजर समेत दो घायल

**बहराइच।** मोतीपुर थाने के गायघाट स्थित आर्यावर्त बैंक में लखनऊ के चिनहट थाने के कामता नगर निवासी सुशील सोनी पुत्र हरि श्याम मैनेजर के पद पर तैनात है। वह बुधवार रात भोजन करने के बाद सड़क किनारे टहल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन उन्हे टक्कर मार फरार हो गया। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हे एंबुलेंस से मोतीपुर सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मुर्तिहा कोतवाली के मधवापुर के पास बुधवार रात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक मे टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार मोतीपुर थाने के अहिरनकुट्टी निवासी राम राज पुत्र राम औतार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस मंगवाकर घायल को मोतीपुर सीएचसी लाए। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

# महिलाओं के विकास से देश की होगी उन्नति


ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बीडीओ। अमृत विचार

मिहींपुरवा,बहराइच

**अमृत विचार।** वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला एफपीओ की वार्षिक बैठक का आयोजन ब्लॉक सभागार मिहींपुरवा में आयोजित हुआ। शुरुआत खंड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्थापित वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के द्वितीय वार्षिक आम सभा की बैठक का आयोजन ब्लॉक सभागार मिहींपुरवा में हुआ। जिसमें कंपनी ने एक वर्ष के पूरे कामकाज का विवरण अपने अंशधारक दीदियों को बताया। इसके साथ खंड विकास अधिकारी ने कंपनी के अंशधारकों को शेयरहोल्डर्स सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। बैठक में कंपनी की शेयर होल्डर दीदियों की प्रतिभागिता 500 के पास रही। बीडीओ ने कहा कि योजना का लाभ उठाकर महिलाएं आगे बढ़ें। स्वावलंबन बनने के साथ दूसरी महिलाओं को रोजगार से जोड़ें। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आगे बढ़ने से समाज और देश का विकास होगा। इस कार्यक्रम के अवसर पर एडीओ आईएसबी, एफपीओ के सभी कृषि उद्यमी, संचालिका दीदी, कलेक्टर कोऑर्डिनेटर, प्रेरक सदस्य उपस्थित रहे।

**बैठक** — डीएम ने नाराजगी जताते हुए पर्यटन अधिकारी को शासन को पत्र लिखने के दिए निर्देश

# 17 में से पर्यटन की पांच परियोजना ही मिलीं पूरी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड व आईजीआरएस सन्दर्भों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक हुई। ग्रेडिंग की समीक्षा के दौरान डीएम n निर्देश दिये कि जिन विभागों की श्रेणी 'ए' है, ऐसे विभाग 'ए' प्लस श्रेणी में आने का प्रयास करें और 'ए' प्लस वाले यथास्थिति को बनाये रखें।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए सालिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लान, स्वच्छ शौचालय, बहुउद्देशीय भवन, अन्त्येष्टि स्थल, पंचायत भवन, आरआरसी सेन्टर, ग्राम पंचायतों में ई-रिक्शा इत्यादि की प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि सम्बन्धित एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधान व सचिव के साथ अलग से बैठक कर प्रगति में सुधार लाये।

पर्यटन विभाग की 17 परियोजनाओं के सापेक्ष मात्र 05 परियोजनाएं पूर्ण होने पर जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन सूचना अधिकारी को निर्देश दिया धीमी प्रगति वाली कार्यदायी संस्थाओं के सम्बन्ध में शासन को अवगत कराया जाय तथा 15 दिवस में सभी कार्य स्थलों का स्वयं भ्रमण कर निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराएं। आईजीआरएस सन्दर्भों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि डिफाल्टर व असंतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाय। शिकायतों का निस्तारण इस तरह से किया जाय कि असंतुष्ट श्रेणी के सन्दर्भों की संख्या न्यून से न्यूनतम रहे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस अन्तर्गत प्राप्त होने वाले सन्दर्भ को समयबद्धता के साथ निस्तारित करें जिससे कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में न रहे। सन्दर्भो का निस्तारण करते समय सम्बन्धित शासनादेश का अनुपालन भी किया जाय। नीति आयोग के सूचकांकों की समीक्षा करते हुए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिया कि स्टेट रैंक से निम्न रैंकिंग विभागों को नोटिस जारी की जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक करतीं जिलाधिकारी मोनिका रानी। अमृत विचार

# तम्बाकू का सेवन न करने की दिलाई शपथ

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन सभागार में "ओरिएंटेशन ऑफ़ लॉ इनफोर्सर्स" कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने किया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन राहुल पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह समेत पुलिस लाइन के सैकड़ों पुलिसकर्मी उपस्थित हुए।

मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. विजित जायसवाल ने बताया कि विशेष रूप से युवा पीढ़ी तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव से अनभिज्ञ है और इस कारण गंभीर बीमारियों का शिकार हो रही है। तंबाकू के सेवन से कैंसर और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि तंबाकू छोड़ने के लिए टोल-फ्री नंबर 1800112356 पर काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में बृजेश सिंह ने बताया कि जिले में 24 सितंबर से 23 नवंबर तक "तंबाकू मुक्त युवा अभियान" चलाया जा रहा है। अंत में कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे, अपने परिवार और समाज को तंबाकू से दूर रखेंगे और तंबाकू कंपनियों से किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं लेंगे।

इस अवसर पर उपनिरीक्षक आनंद सिंह, राजीव कुमार सिंह, सुभाष कुमार मिश्रा, चन्द्रभूषण शुक्ल, हेड कांस्टेबल अजय कुमार यादव, धर्मदेव, आरक्षी प्रदीप पटेल, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार, एनसीडी सेल से लॉजिस्टिक ऑफिसर विवेक श्रीवास्तव, एनटीपीसी डीईओ शरद श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।


पुलिस लाइन में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते स्वास्थ्य अधिकारी।

# बारिश के चलते जनजीवन अस्त -व्यस्त, बिजली आर्पूित ठप

## शहर, अस्पताल व घरों में घुसा बारिश का पानी, लोगों की बढ़ी परेशानी, शहर से लेकर गांव तक छाया अंधेरा




भारी बारिश के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा में भरा पानी। अमृत विचार



बारिश और तेज हवा के कारण खेत में गिर गयी धान की फसल।



बिजली के पोल पर गिरा पेड़।

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** करीब 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। शहर से लेकर गांव तक हर जगह पानी है पानी दिखाई दे रहा है तैयार हो रही धान व गन्ने की फसल को तेज हवा बारिश के चलते भारी नुकसान हुआ है। तेज हवा के चलते धान एवं गन्ने की फसल लोटपोट हो गई है। हवा और बारिश के चलते शहर से लेकर गांव तक बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप है। लोग बूंद- बूंद पानी व प्रकाश के लिए तरस रहे हैं।

विदित हो कि गत गुरुवार रात करीब 9:00 बजे से तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश शुक्रवार रात तक लगातार जारी रही।बारिश के चलते शहर से लेकर गांव तक लोगों को जल भराव के जूझना पड़ रहा है। जिला अस्पताल हो चाहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हर जगह पानी भरा हुआ है। लोगों के घरों में बारिश का पानी घुस गया है। पचपेड़वा तथा उतरौला नगर में जल भराव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने से लोग काफी परेशान है।

**धान व गन्ने की फसल को व्यापक नुकसान :** तेज हवाओं के साथ हो रही बारिश के चलते तैयार हो रही धान और गन्ने की फसल को व्यापक नुकसान हुआ है। धान और गन्ने की फसल खेतों में लोटपोट हो गई है। किसान अशफाक, कृष्ण गोपाल सिंह, राम अवतार ,इलियास व चिनके आदि ने बताया की खेतों में गिरी धान की फसल के ऊपर पानी भर गया है। इससे धान की फसल सड़ने की संभावना काफी बढ़ गई है। धान और गन्ने की फसल गिरने से उत्पादन 20 से 30% तक कम हो सकता है।

**बिजली व्यवस्था बेपटरी:** तेज हवा तथा बारिश के चलते शहर से लेकर गांव तक अंधेरा छा गया है ।तेज हवाओं के चलते जगह-जगह पेड़ और पेड़ की डाल गिरने से बिजली के खंभे व तार टूट गए हैं। आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है। मुख्यालय नगर की एक तिहाई शहर की बिजली करीब 19 घंटे से गुल है बिजली न होने के कारण लोग पानी को तरस रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था का और भी बुरा हाल है। जगह-जगह बिजली के खंभों पर पेड़ गिर जाने के कारण ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति बहाल करने में 24 से 48 घंटे तक का समय लग सकता है ।विभागीय अफसर कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं है। हर कोई तेज बारिश होने का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है।

# उतरौला में सड़क पर पेड़ गिरने से लगा जाम



उतरौला - गोंडा मार्ग पर पेड़ गिरने से लगा जाम। अमृत विचार

संवाददाता,उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचारः** उतरौला से गोंडा मार्ग पर जोगीवीर क्षेत्र में मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं के चलते एक भारी पेड़ अचानक सड़क के बीचों-बीच गिर गया। इससे सड़क पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया।घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यातायात प्रभावित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पेड़ गिरने के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी जाम की स्थिति बन गई।समाचार लिखे जाने तक जाम हटाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन वाहन चालकों को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ी। संबंधित अधिकारी और स्थानीय लोग मिलकर पेड़ को हटाने का प्रयास से यातायात को सुचारु किया गया।क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश और हवाओं के चलते इस प्रकार की घटनाओं की आशंका बनी हुई है। जिससे लोग सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# फाल्ट ठीक करते समय लाइनमैन को लगा करंट, मौत

संवाददाता, सादुल्लाहनगर



अलखराम (फाइल फोटो)।

- विभागीय अफसरों ने प्राइवेट आदमी बता कर झाड़ा पल्ला
- अस्पताल में परिजनों ने काटा हंगामा, विभागीय अफसर व डॉक्टर खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचारः** विद्युत उपकेंद्र रेहरा बाजार अंतर्गत बिजली के खंभे पर चढ़कर फाल्ट ठीक कर रहे लाइनमैन की अचानक आए करंट की चपेट में आने मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि मृतक संविदा पर कार्यरत था वहीं दूसरी तरफ विभागीय अफसरों ने मृतक को प्राइवेट आदमी बता कर अपना पल्ला झाड़ लिया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने बिजली विभाग के अफसरों तथा पीएचसी रेहरा बाजार पर लापरवाही का केस दर्ज किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रेहरा बाजार निवासी सुधई प्रजापति ने बताया कि उनका बेटा अलखराम (32) विद्युत उपकेंद्र रेहरा बाजार में संविदा लाइनमैन के पद पर कार्यरत था।गत गुरुवार रात वह शटडाउन लेकर संग्राम पुरवा गांव के पास बिजली के पोल पर चढ़कर फाल्ट ठीक कर रहा था। अचानक बिजली सप्लाई शुरू हो गई। अलखराम करंट की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। ग्रामीण तथा परिजन उसे इलाज के लिए लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार पहुंचे। वहां पर कोई डॉक्टर मौजूद न होने से पीड़ित का इलाज नहीं हो सका और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।पीड़ित की मौत पर स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा ।मौके पर पहुंचे एसडीएम तथा सीओ उतरौला ने लोगों को समझा बूझकर शांत किया। इस संबंध में एसडीओ विद्युत रेहरा बाजार आरके यादव ने बताया कि मृतक संविदा लाइनमैन नहीं था वह प्राइवेट रूम से लोगों की बिजली ठीक करता था ।मृतक के पिता ने रेहरा बाजार थाने में मामले की तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि सुधई की तहरीर पर बिजली विभाग के जिम्मेदार अफसरों तथा पीएससी रेहरा बाजार के लापरवाह कर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है । शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# महिलाओं को बनाएं स्वावलंबी : जिलाधिकारी

संवाददाता, बलरामपुर




आजीविका मिशन की बैठक में मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचारः जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समस्त बिंदुओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा किया । उन्होंने कहा कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी ब्लॉकों में बेहतर कार्य किया जाए। सभी ब्लॉकों में महिला एफपीओ के गठन हो ।स्वयं सहायता समूह की आय बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हुए स्वरोजगार से जोड़ा जाए तथा स्वयं सहायता समूह के उत्पादों की ब्रांडिंग किया जाए। ऐसे समूहों जिनके खाते अभी बैंकों में नहीं खुले हैं उन्हें शीघ्र ही खाते खुलवाए जाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराते हुए स्वयं सहायता समूह का गठन एवं स्वयं सहायता समूह से महिलाओं को जोड़ा जाए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, डी0सी0 एनआरएलएम मंजू त्रिवेदी, एलडीएम सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गांव में फर्जी अस्पताल चला रहा था 108 एंबुलेंस का ईएमटी

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**सेहत से खिलवाड़**

- शिकायत मिलने पर एसडीएम ने की छापेमारी
- नोडल अधिकारी व सीएचसी अधीक्षक को कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार।** मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम ररी में एसडीएम दीक्षा जोशी ने पर छापेमारी कर एक युवक को फर्जी अस्पताल चलाते हुए पकड़ा। अस्पताल का संचालन कर रहे युवक ने अपने को टोडरपुर ब्लाक की 108 एंबुलेंस का ईएमटी बताया। एसडीएम ने नोडल अधिकारी पंकज मिश्रा और सीएचसी अधीक्षक पिहानी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया निवासी विपिन कुमार ने एसडीएम से शिकायती प्रार्थना पत्र देकर फरियाद की थी। ररी गांव में झोलाछाप अस्पताल संचालक ने गलत इंजेक्शन व दवा दे दी जिससे उसके 60 वर्षीय के पिता की मौत हो गई। शिकायत के आधार पर शुक्रवार को एसडीएम ररी गांव पहुंचीं और निरीक्षण किया। मौके पर एक नवनिर्मित मकान में अस्पताल का संचालन किया जा रहा था। जिसमें हाइलोजन लाइट लगाकर बड़ी चारपाई डाली गई थीं। चारपाइयों पर मरीजों को भर्ती किया जाता है। अस्पताल में हाइलोजन लाइट लगी हुई थी। अस्पताल का संचालन आनंद शर्मा कर रहा था। एसडीएम द्वारा पूछताछ करने पर युवक ने बताया कि इस अस्पताल का संचालन रवींद्र द्वारा किया जा रहा है, वह अपनी पत्नी को इलाज कराने के लिए बाहर गए हैं। इसलिए वह अस्पताल देख रहा है। युवक ने बताया कि वह टोडरपुर में 108 एंबुलेंस का ईएमटी है। दोनों मिलकर अस्पताल का संचालन करते हैं। एसडीएम द्वारा रजिस्ट्रेशन के कागज मांगे गए तो युवक रजिस्ट्रेशन के कागज नहीं दिखा सका। उसने अपने 108 एंबुलेंस पर ड्यूटी वाले कागज दिखाए। बड़ी मात्रा में अस्पताल में प्रतिबंधित एलोपैथिक, आयुर्वेदिक दवाएं भी मिलीं। एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से अस्पताल बंद करा दिया और आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए सीएचसी अधीक्षक पिहानी और नोडल अधिकारी पंकज मिश्रा को निर्देशित किया है। इस मौके पर टोडरपुर सीएचसी के बीडीएस डॉक्टर अपूर्व अवस्थी भी मौजूद रहे। एसडीएम की झोलाछाप के खिलाफ की गई कार्रवाई से अन्य में दहशत व्याप्त हो गई है।



ररी गांव में फर्जी अस्पताल का निरीक्षण करतीं एसडीएम दीक्षा जोशी।

# एंटी करप्शन टीम ने मण्डी क्लर्क को 30 हजार की घूस लेते पकड़ा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** नवीन गल्ला मण्डी पहुंची एंटी करप्शन की टीम ने मण्डी समिति के क्लर्क को 30 हज़ार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। इसका पता होते ही फर्मो के मालिक, आढ़तियों और व्यापारियों में भगदड़ मच गई। रिश्वत देते हुए पकड़े गए मण्डी समिति के क्लर्क को कोतवाली देहात ले जाया गया है, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि शुक्रवार को हो रही बारिश के बीच एंटी करप्शन की टीम नवीन गल्ला मण्डी पहुंची और वहां मण्डी समिति के क्लर्क अरुणेंद्र गौतम निवासी पिहानी को 30 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मण्डी समिति की सचिव के आफिस में पहुंचे लोगों का एंटी करेप्शन के होने का पता होते ही खिले हुए चेहरे पीले पड़ गए। उधर गल्ले के आढ़तियों, फर्मों के मालिक और गल्ला व्यापारियों में भगदड़ मच गई। रिश्वत लेते हुए पकड़े गए क्लर्क को कोतवाली देहात ले जाकर उससे पूछताछ की जा रही है। फिलहाल एंटी करेप्शन टीम की तरफ से इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी गई है।

### अरुणेंद्र के जिम्मेदार था मण्डी समिति का सारा काम

हरदोई। रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए मण्डी समिति के क्लर्क अरुणेंद्र गौतम के बारे में बताया गया है कि जब से नई सचिव ने कुर्सी संभाली, उसी दिन से अरुणेंद्र का रुतबा बढ़ गया था। कहां से कितना आना है, कौन कितने का हिस्सेदार है और तो और किसका काम होना है और किसका नहीं, इन सबकी जिम्मेदारी अरूणेंद्र ही निभा रहा था। कुछ लोगों ने बताया कि अगर कोई अपने काम के लिए सचिव के पास पहुंच भी जाता था तो उसे भी क्लर्क अरुणेंद्र गौतम के पास भेज दिया जाता था।

# कानूनगो पर पैसा मांगने का आरोप

संवाददाता,पचपेड़वा

- पीड़ित ने मामले की शिकायत एसडीएम तुलसीपुर से की है

**अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर निवासी इकबाल खां रिपोर्ट लगाने के नाम पर कानूनगो द्वारा रिश्वत मांगे जाने का आरोप लगाया है । पीड़ित ने मामले की शिकायत एसडीएम तुलसीपुर से की है।

एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता ने कहा है कि उनके घर के 5 साल के बच्चे अनस खां के दिल में छेद है। अनस का इलाज मुंबई के कोकिला बेन अस्पताल में चल रहा है। इलाज के लिए अस्पताल ने 325000 की मांग की। पैसा ना होने के कारण उन्होंने स्थानीय सपा विधायक राकेश यादव के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत को से मदद मांगी।

विधायक के अनुमोदन पर प्रशासन द्वारा रिपोर्ट मांगी गई। क्षेत्रीय कानूनगो वशीर अहमद से रिपोर्ट लगाने को कहा गया तो उन्होंने सारा कागज लेकर मुझे तुलसीपुर आने को कहा। मैं कागज लेकर पहुंचा तो उन्होंने 2000 की मांग की और कहा कि रिपोर्ट लगाने में पैसा लगेगा। मैंने उसे कहा कि साहब दवा का पैसा है लेकिन वह नहीं माने।

शिकायतकर्ता ने कानूनगो 1000 दिए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कानून अभी भी डेढ़ हजार रुपए की और मांग कर रहे हैं । पीड़ित ने एसडीएम से मामले की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस संबंध में कानून को वसीर अहमद ने बताया कि आरोप असत्य व निराधार है। मैं किसी तरह का पैसा नहीं मांगा है।

# एमएलकेपीजी कॉलेज में एकल गायन में अंशिका उपाध्याय ने मारी बाजी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** एमएलकेपीजी कॉलेज बलरामपुर में पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत शुक्रवार को एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अपने गीता से सभी श्रोताओं पर अमिट छाप छोड़ने वाली अंशिका उपाध्याय को पहला स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जे पी पान्डेय के निर्देशन तथा लेफ्टिनेंट डॉ देवेंद्र कुमार चौहान के संयोजकत्व में एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजयी प्रतिभागियों के नाम की घोषणा करते हुए महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो. राघवेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के संयोजक एवं महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने सभी का स्वागत करते हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रतिभागियों को गायन प्रतियोगिता के बारीकियों से परिचित कराते हुए कई आवश्यक टिप्स दिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ आनंद वाजपेयी ने किया। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ अनामिका सिंह,डॉ स्वदेश भट्ट व डॉ के के सिंह ने स्वर,स्केल व प्रस्तुति के आधार पर एम ए थर्ड सेमेस्टर की अंशिका उपाध्याय को प्रथम,बीएससी थर्ड ईयर के राज मिश्र को द्वितीय तथा सौम्य पाण्डेय को तीसरे स्थान के लिए चुना। इस अवसर पर प्रो. एस पी मिश्र, डॉ दिनेश मौर्य, डॉ बीएल गुप्त, डॉ ओमप्रकाश, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ मानसी पटेल, डॉ शिव महेन्द्र सिंह,डॉ सुनील शुक्ल, डॉ दिनेश त्रिपाठी, मणिका मिश्रा, सीमा पाण्डेय,सीमा, श्रीनारायण सिंह व विशाल गुप्त आदि मौजूद रहे।



एकल गायन प्रतियोगिता के श्रेष्ठ तीन प्रतिभागियों के साथ शिक्षक गण। अमृत विचार

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**बलरामपुर,अमृत विचार।** विशेष सत्र न्यायाधीश पास्को एक्ट दीप नारायन तिवारी ने नाबालिग से दुष्कर्म करने का दोषी करार देते हुए एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने दोषी को 13 हज़ार रुपए अर्थ दण्ड भी अदा करने का आदेश दिया है।

अर्थ दण्ड अदा ना करने पर दोषी को ढाई वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। कोतवाली देहात में एक व्यक्ति ने मुकदमा लिखने का प्रार्थना पत्र 16 अक्टूबर 2017 को दिया था। आरोप लगाया था कि गांव मदारा निवासी वीर बहादुर सिंह मेरी नाबालिग लड़की को 13 अक्टूबर 2017 को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट लिखकर विवेचना शुरु की। पीड़िता की बरामदगी के बाद उसका डाक्टरी परीक्षण कराया गया और न्यायालय में बयान दर्ज हुआ। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद न्यायधीश ने वीर बहादुर सिंह को नाबालिग से दुष्कर्म और अगुवा करने का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अर्थ दण्ड में से 10 हज़ार रुपए पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने का आदेश न्यायाधीश ने दिया है।

# शिक्षा से ही संभव है मानव का सर्वांगीण विकासः चंद्रभाल

संवाददाता,बलरामपुर

**अमृत विचारः** एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर सभागार में आनन्द मार्ग प्रचारक संघ की ओर से एक दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में "मानव जीवन में शिक्षा का महत्व एवं सर्वांगीण विकास' "विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

शैक्षिक सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चन्द्र भाल मणि तिवारी,मुख्य वक्ता आचार्य रूद्रानंद अवधूत, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. जे पी पाण्डेय,डॉ ओम प्रकाश मिश्र,आचार्य मधुव्रतानंद व पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्य नारायन ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ आचार्य न्यायबोध ब्रम्हचर्य व आचार्य ज्योतिष्मान द्वारा प्रभात संगीत गान से हुआ। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता आचार्य रूद्रानंद अवधूत ने कहा कि शिक्षा मुक्ति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक परिवर्तनकारी यात्रा है जो ज्ञान प्राप्ति से कहीं आगे तक जाती है। यह मुक्ति का मार्ग है, जो व्यक्तियों को महत्वपूर्ण सोच कौशल, आत्म-जागरूकता और जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक अनुकूलनशीलता से सशक्त बनाता है। शिक्षा मानव को अतिमानव बनाने के लिए अग्रसर करती है। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चन्द्र भाल मणि तिवारी ने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि ज्ञान के लिए विद्या की प्राप्ति आवश्यक है जो एक एक सामान्य जन को सशक्त,समर्थ व कुशल नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।

प्राचार्य प्रो. जे पी पाण्डेय ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास करना ही शिक्षा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास के साथ साथ आध्यात्मिक उन्नति में सहायक होगा। आचार्य मदुव्रतानंद जी ने ज्ञान के विस्तार और महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इसके पूर्व आनंद मार्ग जारवा स्कूल के छात्रों द्वारा योग की प्रस्तुति की गई साथ ही आनंद मार्ग के क्रियाकलापों से संबंधित एक चलचित्र की प्रस्तुति भी की गई। इस दौरान समाज मे विशेष योगदान देने वाले,डॉ जे पी तिवारी,डॉ अरुण कुमार सिंह, प्रो.प्रकाश चन्द्र गिरी, प्रो. रेखा विश्वकर्मा,डॉ अनामिका सिंह,लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान, डॉ स्वदेश भट्ट,डॉ संजय कुमार ,आद्या प्रसाद,सहित कई विभूतियों को सेवा रत्न अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो. राघवेंद्र सिंह,, प्रो. अरविंद द्विवेदी, प्रो. मोहिउद्दीन अंसारी,प्रो. एस पी मिश्र,प्रो. विमल प्रकाश,प्रो .अशोक कुमार, डॉ आलोक शुक्ल सहित कई प्राध्यापक व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



सम्मेलन में मौजूद वक्ता, शिक्षकगण। अमृत विचार


जिले में हो रही लगातार बरसात से ढह गया कच्चा मकान। अमृत विचार


पानी में डूबा उपनिबंधक कार्यालय जयसिंहपुर। अमृत विचार


चांदा के मधैया में तैयार धान की फसल डूबी। अमृत विचार

# आफत की बरसात: गिरे पेड़ और घर, खेत बने तालाब

## घरों व दुकानों में भरा पानी, सड़कें भी बही, बरसात से बंद हुए स्कूल कॉलेज, आज भी बंद रहेंगे कक्षा-8 तक के विद्यालय


अन्नपूर्णानगर में जेसीबी लगाकर सड़क मार्ग से हटाया गए पेड़। अमृत विचार


कादीपुर कस्बे में दुकानों में घुसा पानी। अमृत विचार


बह गया गांव का संपर्क मार्ग। अमृत विचार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में मानसून ने यू टर्न लिया और करीब 16 घंटे मूसलाधार बारिश हुई। अगस्त से बरसात का इंतजार कर रहे जिलेवासी को आशा भी नहीं रही होगी, इंद्रदेव इतने मेहरबान हो जाएंगे कि बरसात आफत बन जाएगी। बारिश से कई जगह घर जमींदोज हो गए तो सैकड़ों पेड़ धरासायी हो गए। लोगों के घरों व दुकानों में पानी भर गया। कई किसानों की फसलें पूरी तरह जलमग्न हो गईं, जिससे अब धान की अगली फसलों के सड़ने का भय सताने लगा है। वहीं, बरसात के चलते शुक्रवार को स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने शनिवार को भी कक्षा आठ तक के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है।

गुरुवार की शाम जब बूंदाबांदी शुरू हुई तो किसानों के चेहरे खिल गए, लेकिन बारिश ने जब अपना आक्रामक रुख दिखाया तो लोगों के चेहरों पर मायूसी छा गई। शुक्रवार की शाम तक हुई बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शहर के गोपाल दास पुल का एप्रोच पहली ही बरसात में धंस गया। चौक, ठठेरी बाजार समेत अन्य बाजारों की दुकानों में पानी भर गया। शहर के कई तराई के इलाके घंटों तालाब बने रहे। दिनभर जल निकासी के लिए पालिका की टीम कसरत करती रही। वहीं, रात भर चली बरसात के बाद शुक्रवार की सुबह जब जयसिंहपुर उपनिबंधक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी आफिस पहुंचे तो कार्यालय पानी में डूबा हुआ था। आनन-फानन में कार्यालय में पहुंचे कर्मचारियों ने दस्तावेजों को ऊपर रख भीगने से बचाया। उप निबंधक अधिकारी की मानें तो दस्तावेज भीगने से तो बचा लिया गया, लेकिन पूरे आफिस में पानी भर गया है।

गोसाईगंज संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र के अन्नपूर्णा नगर गांव में बारिश से सुशीला पत्नी राम निहाल, गीता पत्नी निक्कन, सीता पत्नी पारस नाथ, छोटेलाल पुत्र राम जीवन सहित अन्य लोगों के मकान धराशाई हो गए। जल निकासी न होने से और कई घर गिरने की चपेट में आ गए तो प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार पांडेय ने इसकी सूचना एसडीएम जयसिंहपुर को दी। एसडीएम जयसिंहपुर संतोष कुमार ओझा जेसीबी के साथ गांव पहुंच जेसीबी से जल निकासी करवाया तो लोगों ने राहत की सांस ली।

### तेज बारिश होने के चलते दुकानों में घुसा पानी और बह गईं सड़कें

**कादीपुर :** बृहस्पतिवार की रात हुई तेज बरसात से साधू सिंह के गैरेज रंगीला आर्ट एवं अनीस कंप्यूटर तथा सौभाग्य मोबाइल केयर सहित अनेक दुकानों में पानी घुस जाने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं पर कादीपुर धोपाप राजमार्ग राई बीगो गांव पास नीचे से बह गया है। जिससे सड़क की गिट्टियां बह कर खेतों में चली गई है। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने पेड़ रखवा कर आवा गमन अवरुद्ध करा दिया है। वहीं पर बरवारीपुर में जय हिंद सिंह, सुरेंद्र बहादुर सिंह सहित कई घरों में पानी घुस जाने से काफी नुकसान हुआ है। रानीपुर कायस्थ में श्याम चंद श्रीवास्तव का कच्चा मकान अत्यधिक बरसात होने के कारण भरभरा कर गिर गया। बरसात एवं हवा के झोंकों के चलते रात से ही विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। कस्बे के चांदा मार्ग पर ग्यारह हजार वोल्टेज का तार गिर गया। चीनी मिल तिराहे एवं गोपालपुर नमाजगढ़ में भी तार गिर जाने से बिजली व्यवस्था गड़बड़ा गई है। उधर खेतों में जल भराव एवं तेज हवाओं के चलते अगैती प्रजाति के धान गिर गए है। तेज बरसात से काफी नुकसान हुआ है। वहीं पर दूसरी तरफ देर प्रजाति के धानों के लिए यह बरसात लाभदायक सिद्ध हुई है।

## बारिश से बह गया लंभुआ जाने वाला संपर्क मार्ग


मोतिगरपुर में बह गया दियरा-लंभुआ संपर्क मार्ग। अमृत विचार

संवाददाता, मोतिगरपुर

**अमृत विचारः** तेज बरसात से दियरा बाजार से लंभुआ जाने वाली संपर्क मार्ग बीच से टूट गया है जिससे आवागमन बाधित हो गया है। वही काछा भिटौरा गांव से नानेमऊ जाने वाला मार्ग, खैरहा गांव के तीन संपर्क मार्ग भी बीच से टूट या बैठ जाने से आवागमन प्रभावित हो गया है। डिंगुरपुर बनके गांव जल निकासी के अभाव पूरा जलमग्न हो गया है। सूचना पर पुलिस पहुंच जेसीबी से जल निकासी की व्यवस्था करा रही है।

**मधैया में डूब गई कई एकड़ धान की फसल, चांदाः** क्षेत्र के मधैया गांव सहित आसपास के इलाके में खड़ी धान की फसल को बीती रात हुई वर्षा ने भारी नुकसान पहुंचाया है। धान की फसल में बालियां निकाल रही थीं, लेकिन जल भराव से फसल सड़ने की आशंका है। किसानों की उम्मीदें बर्बाद हो गई हैं। कई जगह फसल गिर गई है, जिससे उत्पादन में विपरीत प्रभाव पड़ेगा। किसानों का कहना है कि इस समय फसल को इस कदर पानी की जरूरत नहीं थी, लेकिन बारिश ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। फसल के सड़ने से किसानों को भारी नुकसान होगा। विकास खंड में करीब 500 एकड़ फसल प्रभावित हुई है। करीब 50 लाख से अधिक का नुसान हुआ है। वहीं, बीती रात से विद्युत आपूर्ति भी ठप होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। एसडीओ चांदा अमित दुबे ने बताया कि विद्युत आपूर्ति के लिए प्रयास किया जा रहा है और जल्दी ही आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है।

## एक नजर

### अशोक व विवेक बने बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी

**सुलतानपुर :** बार एसोसिएशन ने अशोक कुमार शुक्ल और विवेक श्रीवास्तव को बार का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार दोनों अधिवक्ता अब आम जनमानस और अधिवक्ताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों से अवगत कराते रहेंगे। साथ ही बार एसोसिएशन से जुड़ी कोई भी जानकारी उनके माध्यम से ही जारी की जाएगी। अन्य कोई सूचना निर्गत करने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अधिवक्ताओं ने दोनों को मीडिया प्रभारी बनाने पर खुशी जाहिर की है।

### महिलाओं के विरोध पर एसडीएम ने बंद कराया काम

**कादीपुर, सुलतानपुर :** चकबंदी अधिकारी न्यायालय से 40 साल बाद हुए फैसले के बावजूद नगर पंचायत कादीपुर के द्वारा कराई जा रहे काम को को शांति व्यवस्था के मद्देनजर एसडीएम ने रुकवा दिया। मुकदमा को हार जाने के बावजूद मुस्लिम पक्ष के लोगों ने अपने घर की महिलाओं को मौके पर भेजकर विवाद शुरू करा दिया। इस स्थिति को देखकर स्थानीय प्रशासन के हाथ पांव फूलने लगे। एसडीएम ने नगर पंचायत से काम रोक देने के लिए कहा। जिससे नगर पंचायत ने साफ सफाई और पेड़ों की डाल को काटने का काम रोक दिया। विदित हो कि जिस जमीन पर काम हो रहा था उसके बाबत सीओ चकबंदी ने मुस्लिम पक्ष का बाग और कब्रिस्तान संबंधी दावा खारिज कर दिया। आगे किसी कोर्ट ने स्थगन भी नहीं दिया है। फिर भी महिलाएं काम कराने में बाधा पैदा कर रही है।

### राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के मामले में सुनवाई 7 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विशेष समुदाय पर 11 साल पूर्व अभद्र टिप्पणी के मामले में आरोपी विपक्ष के नेता और सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में शुक्रवार को परिवादी के गवाह के न आने के कारण सुनवाई टल गई। परिवादी मोहम्मद अनवर का बयान दर्ज किया जा चुका है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख सात अक्टूबर की नियत की है। परिवादी मोहम्मद अनवर ने राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दाखिल कर आरोप लगाया है कि इन्दौर जिले में 24 अक्टूबर 2013 को एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए राहुल गांधी ने समुदाय विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की। आरोप है कि साल 2013 में मुजफ्फरनगर के दंगा पीड़ित युवकों का पाकिस्तानी खूफिया एजेंसी आईएसआई से सम्पर्क होने का बयान राहुल ने दिया था।

## हादसे में महिला की मौत, युवक घायल

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लखनऊ-बलिया मार्ग पर पांडेयबाबा बाजार के पास सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। डीसीएम ने पीछे से बाइक पर सवार दो लोगों को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल महिला को सीएचसी मोतिगरपुर ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। वहीं बाइक सवार युवक को सीएचसी कादीपुर ले जाया गया। जहां से परिवारजन युवक को फ्रैक्चर के चलते निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए।

शुक्रवार को सुबह हीरावती (60) पत्नी स्व. शिवमूरत यादव, निवासी बढ़ौनाडीह थाना मोतिगरपुर पांडेयबाबा में स्थित अपने बेटे दिनेश के बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान से पोती लक्ष्मी (10) के साथ बढ़ौनाडीह गांव स्थित घर पर कादीपुर कोतवाली के शेषपुर निवासी धर्मेंद्र यादव (35) पुत्र


हीरावती। (फाइल फोटो)

रामनारायण के बाइक से जा रही थी। बताया जाता है कि लखनऊ बलिया मार्ग पर ही पांडेयबाबा के समीप सुलतानपुर की तरफ जा रही डीसीएम ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। तीनों दूर जा गिरे। स्थानीय लोग जब तक समझ पाते वाहन चालक भाग निकला। घायल हीरावती को परिवारजन सीएचसी मोतिगरपुर ले गए जहां उनकी मौत हो गई। वहीं धर्मेंद्र का इलाज जौनपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं मृतक की पोती को मामूली चोट आई जिसका इलाज सीएचसी पर हुआ। मृतक महिला के तीन बेटे सुरेश यादव, राजेश यादव व दिनेश हैं। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है, विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल, चांदा, सुलतानपुरः** अमेठी जनपद के जायस निवासी शिवम पुत्र बलिकरन अपने चचेरे भाई राघवेन्द्र पुत्र रंजीत के साथ पिकअप लेकर जौनपुर जा रहे थे। चांदा के सोनावां गांव के समीप लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी अज्ञात वाहन ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप में सवार शिवम और राघवेंद्र घायल हो गए। एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने की हालत में चिकित्सकों ने राघवेंद्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## बच्चियों की हत्या की दोषी महिला को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ न्यायालय ने लगाया 50 हजार रुपये का अर्थदंड

**अमृत विचारः** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र मुसाफिरखाना के पूरे मेहरबान तेजगढ़ में छह साल पूर्व आपसी विवाद में दो बच्चियों को कुएं में धकेलकर हत्या करने की दोषी महिला बिट्टन को जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने शुक्रवार को जेल से तलब कर आजीवन कारावास की सजा सुनाकर कारागार भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। जिसमें से 70 प्रतिशत धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति बच्चियों के पिता को देने का आदेश भी दिया गया है।

एडीजीसी मनोज दूबे के मुताबिक घटना अमेठी के मुसाफिरखाना क्षेत्र में छह साल पहले हुई थी। पूरे मेहरबान तेजगढ़ के चंद्रशेखर यादव ने दो अप्रैल 2018 को मुकदमा दर्ज कराया था। चन्द्रशेखर यादव की भतीजी बिट्टन मायके में ही रहती थी। इसको लेकर घरवाले आपत्ति करते थे कि उसे ससुराल में रहना चाहिए। आरोप था कि बिट्टन वादी की दो बेटियों साक्षी व लकी को बहला-फुसलाकर ले जाकर गांव के बाहर स्थित कुएं में धकेल दिया और खुद भी कूदकर चिल्लाने लगी। शोर पर गांव वालों ने आकर उसे निकाला तो उसके पिता राम लगन गौरीगंज अस्पताल ले गए। बच्चियों के न मिलने पर परिवारजन दोबारा कुएं पर गए। वहां बेटी का चप्पल पड़ी थी। संदेह होने पर कुएं में लोहे का कांटा डालकर खोज की गई तो दोनों बच्चियों का शव मिला। पुलिस ने बिट्टन के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय भेजा था। चाचा-चाची व गांव वालों ने बिट्टन को हत्या का दोषी बताते हुए गवाही दी थी। वहीं शुक्रवार को दोषसिद्ध महिला आरोपी बिट्टन को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर कोर्ट ने उसकी करनी की सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया।

### जेल में निरुद्ध आरोपी को कोर्ट से मिली राहत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र के दसऊपुर में तीन माह पूर्व जनलेवा हमले में दर्ज मामले में आरोपी संतोष कुमार गुप्ता की जमानत एडीजे एकता वर्मा ने मंजूर कर ली है। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया 19 जून की रात को पड़ोसी बाबूराम गुप्ता पर हमला करने के मामले में आरोपी संतोष को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने जमानत पर निर्णय लेते हुए मेडिकल रिपोर्ट में चोटों को साधारण पाया और मामले के तथ्यों के आधार पर आरोपी की जमानत मंजूर कर ली है।

## सार-संक्षेप

### जानलेवा हमले के आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार अदालत ने जानलेवा हमले के आरोप में दर्ज केस में थाना क्षेत्र अमेठी के सिलोखर निवासी आरोपी अरुण कुमार सिंह की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन के मुताबिक मामला 18 मई 2019 का है, जब अरुण सिंह और एक अन्य आरोपी पर पुत्ती लाल गुप्ता पर जानलेवा हमले का आरोप लगा था। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दी। अर्जी पर सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कहा कि अपराध गंभीर प्रकृति का है और आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। दूसरी ओर, अरुण कुमार सिंह के वकील ने तर्क दिया कि प्राथमिकी में कोई ठोस प्रमाण नहीं है और आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा है। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने आरोपी की अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज कर दिया।

### सोशल मीडिया पर की आपत्तिजनक टिप्पणी, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार थाना क्षेत्र के धरावां गांव निवासी नदीम द्वारा सोशल मीडिया की साइट इंस्टाग्राम पर हिंदू धर्म के आराध्य प्रभु श्रीराम व माता सीता के खिलाफ अभद्र व आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। मामले की जानकारी होते ही उपनिरीक्षक रामबाबू की तहरीर पर पुलिस सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश में जुटी है। वहीं मुकदमा दर्ज होने की जानकारी होते ही आरोपी युवक ने अपनी आईडी से पोस्ट किया है कि मेरी आईडी कोई हैक कर लिया था, उसमें गलत कमेंट कर दिया जब मुझे पता चला तो मैंने डिलीट कर दिया उसमें मेरी कोई गलती नहीं है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश जारी है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### राज्यमंत्री ने किया सीएचसी लंभुआ का निरीक्षण

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अरविंद सिंह पटेल अपने एकदिवसीय दौरे के दौरान लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। राज्य मंत्री श्री पटेल ने अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं से फोन पर वार्ता की और अस्पताल की व्यवस्था का फोनिक वार्ता कर जायजा लिया। मंत्री ने पूछा कि प्रसव के लिए अस्पताल में आने पर कोई पैसा तो नहीं मांगता। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर अस्पताल की व्यवस्था का हाल-चाल जाना। फिर अस्पताल में मौजूद दवाओं के स्टॉक का निरीक्षण किया और देखा कि कोई दवा एक्सपायर तो नहीं है। उन्होंने डॉक्टरों को सख्त हिदायत दी की अस्पताल के बाहर की दवाएं नहीं लिखी जाएगी और न ही बाहर की जांच कोई डॉक्टर लिखेगा। अगर ऐसा होता पाया गया तो उसे डॉक्टर के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद राज्य मंत्री कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नरेंद्रपुर गए और वहां पर बच्चों से बातचीत कर वहां का हाल-चाल जाना। बच्चों से कहा कि आप लोग जब छुट्टी पर जाते हैं तो समय से विद्यालय वापस आ जाया करें नहीं तो पढ़ाई का नुकसान होता है। इसके बाद लंभुआ क्षेत्र में स्थित परसीपुर पशु आश्रय स्थल पर पहुंचे, वहां पर व्यवस्थाएं देख कर्मचारी को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि शासन से पशु आश्रय स्थल के लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं उसमें कोई कमी नहीं आनी चाहिए।

### जीजीआईसी के चार अध्यापकों ने मारी बाजी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राज्य परियोजना निदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर आयोजित किए गए मंडल स्तरीय टीएलएम (टीचर लर्निंग मटेरियल) प्रतियोगिता में जनपद सुलतानपुर के शिक्षकों ने अपना दबदबा कायम रखा। जनपद स्तर पर जिन 10 शिक्षकों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने मंडल स्तर पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इनमें पीएम श्री केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की हिंदी प्रवक्ता डॉ. दीपा द्विवेदी ने हिंदी विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तो भौतिक विज्ञान में प्रवक्ता शैलेंद्र चतुर्वेदी, जीव विज्ञान में प्रवक्ता ज्योति मिश्रा तथा भूगोल में प्रवक्ता पुष्पलता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्घाटन योगेंद्र कुमार सिंह संयुक्त शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल की ओर से किया गया। समापन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अयोध्या की प्रधानाचार्य कुसुमलता, उप प्रधानाचार्य तथा कार्यक्रम के नोडल डॉ. बसंत कुमार एवं जिला समन्वयक समग्र शिक्षा (माध्यमिक) की ओर से प्रथम स्थान प्राप्त शिक्षकों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के नोडल की ओर से बताया गया कि मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त शिक्षकों को अब राज्य स्तर पर टीएलएम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना है। जीजीआईसी की प्रधानाचार्य पल्लवी सिंह ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।

### डीह प्रधान को हाईकोर्ट से राहत नहीं, जांच रहेगी जारी

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के डीह ग्राम प्रधान के खिलाफ शिकायत हुई थी। जांच में दोषी पाए जाने पर डीएम ने उनके प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियों पर रोक लगा दी थी। जिसके विरुद्ध प्रधान ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी। प्रधान को वहां से कोई राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया है कि उनके खिलाफ चल रही जांच जारी रहेगी। मामला डीह प्रधान के खिलाफ विकास कार्यों में गड़बड़ी कर भ्रष्टाचार से जुड़ा है।

**कार्यक्रम** सेवा भारती सुलतानपुर विभाग इकाई का हुआ गठन, डॉ. सलिल श्रीवास्तव अध्यक्ष तो डॉ. सुनील त्रिपाठी बने महामंत्री

# अभावग्रस्त समाज के सर्वोत्थान का माध्यम बनेगा सेवा भारती : युद्धवीर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सेवा भारती का गठन सुलतानपुर विभाग के अभावग्रस्त क्षेत्रों में सेवा कार्यों के द्वारा एक नए परिवर्तन का आगाज करेगा। सेवा भारती देशभर में लाखों की संख्या में सेवा कार्यों का संचालन करती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में 1991 से सेवा कार्यों के लिए अलग से सेवा विभाग बना। संघ अपने सेवा कार्यों को सेवा भारती के द्वारा करती है। सेवा भारती का विश्वास है कि सर्वसामान्य व्यक्ति वंचितों के प्रति भावनात्मक लगाव रखे, तभी समाज में समरसता का वातावरण बन सकता है। वहीं अभावग्रस्त समाज के सर्वोत्थान का सेवा भारती माध्यम बनेगा। यह


सेवा भारती के कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. एके सिंह। अमृत विचार

बातें पयागीपुर के एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के वरिष्ठ प्रचारक एवं क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर ने सेवा भारती के गठन के अवसर पर व्यक्त किया।

सेवा प्रमुख युद्धवीर ने कहा कि सेवा भारती ने महिलाओं में सामाजिक-आर्थिक कार्यक्रमों और स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से कई पहल की हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से छोटी-मोटी बीमारियों, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण, पर्यावरण, गर्भावस्था और महिलाओं के अधिकारों के अलावा नशे की रोकथाम के बारे में जागरूकता पैदा की जाती है। जिले के वरिष्ठ चिकित्सक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक डॉ. एके सिंह ने सेवा भारती की विभाग इकाई के गठन की घोषणा किया। जिसमें वरिष्ठ समाज सेवी सरदार बलदेव सिंह एवं डॉ. रमेश ओझा को संरक्षक बनाया गया। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव अध्यक्ष, अरुण कुमार सिंह उपाध्यक्ष, दलजीत सिंह उपाध्यक्ष, डॉ सुनील त्रिपाठी महामंत्री, सौरभ कांत कोषाध्यक्ष, जयप्रकाश मिश्रा मंत्री, डॉ पवन त्रिपाठी मंत्री, प्रीति मिश्रा महिला अभियान प्रमुख, डॉ. बबिता जैन सह महिला अभियान प्रमुख, ज्योति तिवारी किशोरी विकास प्रमुख, अंकित कोरी सह किशोरी विकास प्रमुख, संदीप सिंह शिक्षा आयाम के प्रमुख, राजकुमार कोरी सह शिक्षा आयाम प्रमुख, रत्नेश पांडे प्रचार प्रमुख, आदित्य अग्रहरि सह प्रचार प्रमुख नियुक्त किया गया।

वहीं डॉ. राजीव त्रिपाठी स्वास्थ्य आयाम प्रमुख, डॉ. निशांत आंजनेय श्रीवास्तव सह स्वास्थ्य आयाम प्रमुख, रामराज स्वावलंबन प्रमुख, ज्ञानचंद तिवारी सह स्वावलंबन प्रमुख, अजय ओझा सामाजिक अभियान प्रमुख, दल बहादुर सिंह सह सामाजिक अभियान प्रमुख, अजय तिवारी संपर्क प्रमुख, परितोष कसौधन सह संपर्क प्रमुख, अजीत श्रीवास्तव आपदा प्रबंधन संयोजक, अखिलेश शुक्ला सह आपदा प्रबंधन संयोजक, डॉ. स्वाति सिंह सुपोषण प्रमुख, डॉ. आशीष श्रीवास्तव सह सुपोषण प्रमुख, सौरभ सिंह प्रशिक्षण प्रमुख एवं जिले के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. चंद्रशेखर पांडेय को सदस्य के नाते सेवा भारती में दायित्व की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश, सह प्रांत सेवा प्रमुख पवन, सह विभाग संचालक डॉ. हृदय राम, विभाग सेवा प्रमुख दयाराम आदि लोग रहे।

# डीएम ने ड्रेनों की सिल्ट सफाई की ली जानकारी

## 126 ड्रेन की सिल्ट सफाई की स्वीकृति, सफाई का कार्य 15 अक्टूबर से शुरू कराने के दिए निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



बैठक करते जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर.। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरयू ड्रेज खण्ड-2 द्वारा ड्रेनों की सिल्ट सफाई के संबंध में जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. ने अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड-2 से जमुआर नाला की सफाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि तहसील नौगढ़ के अन्तर्गत सम्बधित लेखपालों से सहयोग नही प्राप्त हो पा रहा है। जिलाधिकारी ने लेखपालों से सहयोग प्राप्त करने के लिए उपजिलाधिकारी नौगढ़ को पत्र लिखने का निर्देश दिया। इसके अलावा जितने भी नौगढ़ एवं शोहरतगढ़ के राजस्व ग्रामों में सिल्ट सफाई का कार्य होना है। उसकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड 2 ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कुल 154 ड्रेन सरयू ड्रेनेज खण्ड के अन्तर्गत है। इसके सापेक्ष 126 ड्रेन की सिल्ट सफाई की स्वीकृति प्राप्त हुई है। तहसील शोहरतगढ़ के अन्तर्गत 70.3 किमी., इटवा 89.55 किमी., बांसी 178.9 किमी., कपिलवस्तु 123.1 किमी., डुमरियागंज 95.45 किमी. सफाई का कार्य किया जाना है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड 2 को निर्देश दिया कि सफाई का कार्य 15 अक्टूबर 2024 से शुरू किया जाये और सफाई का कार्य पूरे जनपद में एक दिन में शुरू किया जाये। सभी सम्बधित विधानसभा क्षेत्र के विधायक, सांसद को आमंत्रित कर ड्रेन की सफाई का कार्य शुरू करने का भूमि पूजन का कार्य कराने का निर्देश दिया। पूरे जनपद में कुल 557 किमी. ड्रेन की सफाई की जायेगी।

अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड 2 ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्य मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त ड्रेन की सफाई का कार्य स्टीमेट के सापेक्ष गुणवत्तापूर्ण किये जायेगे। इसमें किसी भी प्रकार की कमी/शिकायत प्राप्त होने पर कड़ी कार्यवाई सुनिश्चित की जायेगी। सफाई का कार्य शुरू होने के बाद जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी सम्बधित तहसील के उपजिलाधिकारी एवं जनपद के अन्य अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड 2, व अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

# त्योहारों में चलेंगी विशेष ट्रेनें

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 04062/04061 आनन्द विहार टर्मिनस-बरौनी-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी का संचालन आनन्द विहार टर्मिनस से 06, 13, 20, 27 अक्टूबर तथा 03, 10 एवं 17 नवम्बर, 2024 दिन रविवार को तथा बरौनी से 07, 14, 21, 28 अक्टूबर, 04, 11 एवं 18 नवम्बर, 2024 दिन सोमवार को 07 फेरों के लिये किया जायेगा।

04062 आनन्द विहार टर्मिनस-बरौनी साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 06, 13, 20, 27 अक्टूबर तथा 03, 10 एवं 17 नवम्बर, 2024 प्रत्येक रविवार को आनन्द विहार टर्मिनस से 09.00 बजे प्रस्थान कर अलीगढ़ से 10.48 बजे, टुण्डला से 12.15 बजे, इटावा से 13.22 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 15.25 बजे, लखनऊ से 17.50 बजे, सुल्तानपुर से 20.23 बजे, जौनपुर से 22.15 बजे, दूसरे दिन गाजीपुर सिटी से 00.03 बजे, बलिया से 01.05 बजे, सुरेमनपुर से 01.40 बजे, छपरा से 02.40 बजे तथा हाजीपुर से 04.15 बजे छूटकर बरौनी 06.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04061 बरौनी-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक त्यौहार विशेष गाड़ी 07, 14, 21, 28 अक्टूबर, 04, 11 एवं 18 नवम्बर, 2024 प्रत्येक सोमवार को बरौनी से 08.00 बजे प्रस्थान कर हाजीपुर से 10.15 बजे, छपरा से 12.30 बजे, सुरेमनपुर से 13.02 बजे, बलिया से 13.50 बजे, गाजीपुर सिटी से 15.05 बजे, जौनपुर से 17.15 बजे, सुल्तानपुर से 19.20 बजे, लखनऊ से 22.20 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेण्ट्रल से 02.35 बजे, इटावा से 04.15 बजे, टुण्डला से 05.22 बजे तथा अलीगढ़ से 07.00 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 10.10 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 16 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 2 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# इंजीनियरिंग कार्य के चलते परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ट्रेनें

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु गोरखपुर-गोंडा खंड के मगहर स्टेशन पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का नियंत्रण एवं मार्ग परिवर्तन किया जायेगा।

कटिहार से 01 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस वाराणसी मंडल पर 60 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। गोरखपुर से 02 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 09044 गोरखपुर-दहानू रोड विशेष गाड़ी मार्ग में 35 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 01 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 20103 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव मसकनवा, बभनान, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशनों पर नही रहेगा। अमृतसर से 01 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव मनकापुर, बभनान, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशनों पर नही रहेगा। काठगोदाम से 01 अक्टूबर, 2024 को चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंडा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव मनकापुर, बभनान, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशनों पर नही रहेगा। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# पीड़ित महिला की सपा ने की आर्थिक मदद

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



पीड़िता को चेक देते अध्यक्ष लालजी यादव व विधायक सैयदा खातून।

**अमृत विचार:** एंबुलेंस में दरिंदगी की शिकार बांसी तहसील क्षेत्र की पीड़ित महिला को समाजवादी पार्टी द्वारा एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता कलाम सिद्दीकी ने बताया कि पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव व विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून के द्वारा पीड़िता को बुधवार शाम एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। ये चेक पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिया। चेक प्रदान करते हुए अध्यक्ष लालजी यादव व विधायक सैयदा खातून ने कहा कि पीड़िता के साथ घटित घटना बहुत भयावह है। भाजपा सरकार में दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं पर दरिंदगी एवं अत्याचार की घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। इतनी गंभीर घटित घटना होने के बाद भी अपराधी कोर्ट में सरेंडर कर देता है। प्रदेश की पुलिस उसे पकड़ पाने में विफल रहती है। दोनों नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार से जनता का भरोसा उठ चुका है,यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है। समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करेगी और दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष विनोद यादव डा. राहुल आर्या तिलक राम यादव राजेश पासवान जवाहर यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### खाद्य पदार्थों एवं औषधियों में मिलावट की करें जांच

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर। अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. को अवगत कराया गया कि जनसामान्य को सुरक्षित एवं मानक के अनुरूप खाद्य पदार्थों तथा गुणवत्तापरक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत असुरक्षित एवं अधोमानक खाद्य पदार्थों तथा नकली व अधोमानक दवाओं की रोकथाम सम्बंधी समस्त आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। खाद्य पदार्थो एवं औषधियों में मिलावट और अधोमानक के प्रति जन सामान्य में जागरूकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी दिये जाने हेतु महत्वपूर्ण सूचना एवं तथ्यों को प्रचारित कराया गया है। शासन स्तर से चलाये जाने वाले विशेष अभियानों के अन्तर्गत किये गये कार्यों की समीक्षा की जाती है। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि त्यौहारों के मद्देनजर मिष्ठान की बड़ी दुकानों पर छापेमारी करे। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेन्द्र प्रताप सिंह,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर विन्ध्याचल व अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

### डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट डा. राजा गणपति आर. द्वारा प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह में ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम मशीन/वीवीपैट के रख-रखाव की व्यवस्था ठीक पायी गयी। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त प्र. सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अब्दुल जब्बार, व निर्वाचन कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### बारिश से किसानों के चेहरे खिले

**संवाददाता, ककरहवा, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** झमाझम बारिश से क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। अच्छी बारिश हुई देख किसान धान की खेती के लिए खेतों को तैयार करने में जुट गए हैं। मानसून की अच्छी बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है। किसान लंबे समय से मानसून की बारिश का इंतजार कर रहे थे। क्षेत्र के अधिकांश किसान धान की खेती पर ही निर्भर हैं। हालांकि पूरी दिन की बारिश ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान जरूर बिखेरी है। बारिश नहीं होने से फसल सुख रही थी वहीं पानी पम्प से चलाने मे किसान के जेब पर अतिरिक्त खर्च पड़ रहा था लेकिन अच्छी बारिश होने से फसल अच्छी होगी जिससे किसानों के हौसले बुलंद हैं।

### स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम घर-घर पहुंचाने का आह्वान

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। अमृत विचार :** शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संचालित स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय की साफ-सफाई में महाविद्यालय के शुक्रवार को शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर ने प्रतिभाग किया। स्वयंसेवकों, शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर बन्धुओं को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविन्द कुमार सिंह ने स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम घर-घर एवं मोहल्ले तक पहुंचाने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि सभी लोग यह संकल्प लें कि इस महाविद्यालय को प्लास्टिक मुक्त रखना है। उक्त कार्यक्रम में छात्र कुसहर, सचिन, राहुल एवं शिक्षक कार्यक्रम अधिकारी डा. राम किशोर सिंह, डा. एके सिंह, डा. अजय कुमार सिंह, डा. प्रवीण कुमार, डा. विनोद कुमार डा. मुकेश कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।

### 2 अक्टूबर को मांगों को लेकर करेंगे सत्याग्रह

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर। अमृत विचार :** इंडियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाइज फेडरेशन( इप्सेफ) के आह्वान पर 2 अक्टूबर को देशभर के कर्मचारियों एवं शिक्षकों द्वारा सभी जनपद मुख्यालयों पर महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सत्याग्रह के माध्यम से मांगों पर संवाद के माध्यम से निर्णय करने की अपील की है। इसी क्रम में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष वाईके द्विवेदी व जिलामंत्री शिवाकांत पाण्डेय ने बताया कि सत्याग्रह आगामी 2 अक्टूबर को अपरान्ह 3 से 4 बजे के मध्य सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की सूचना जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को दी। प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन की बहाली, राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन, आउट सोर्सिंग, संविदा, वर्कचार्ज केन्द्र व राज्य द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं में कार्यरत का भविष्य सुरक्षित करने की नीति बनाने, पब्लिक सर्विस के क्षेत्र में स्थायी प्रकृति के कार्यों मसलन ठेकीदारी, अस्थायीकरण, आउटसोर्सिंग आदि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने आदि शामिल है। परिषद के जिलाध्यक्ष वाईके द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकरन गुप्ता, जिलामंत्री शिवाकांत पाण्डेय ने जनपद के सभी कर्मचारियों एवं शिक्षकों से 2 अक्टूबर को अपराह्न 3 से 4 बजे के मध्य माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष उपस्थित होने की अपील की है। सत्याग्रह के बाद प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से सौपा जाएगा।

### यात्रियों की सुरक्षा ही रेलवे की प्राथमिकता

**संवाददाता, गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। 26 सितम्बर, 2024 को रेलवे सुरक्षा बल, भटनी को प्लेटफार्म संख्या-02 पर 11 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन भटनी को सुपुर्द किया गया। 26 सितम्बर, 2024 को रेलवे सुरक्षा बल, लखनऊ जं. को प्लेटफार्म संख्या-01 पर 12 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरांत लड़के को चाइल्ड लाइन, लखनऊ जं. को सुपुर्द किया गया। 26 सितम्बर, 2024 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर गाड़ी संख्या-15653 से एक बीमार यात्री को रेलवे सुरक्षा बल, कप्तानगंज एवं रेलवे चिकित्सक द्वारा अटेण्ड कर प्राथमिक उपचार किया गया। यात्री के परिजनों के उपस्थित होने पर उक्त व्यक्ति को उन्हे सुपुर्द किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### शिक्षकों ने बच्चों के साथ ली स्वच्छता की शपथ

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़.के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में शुक्रवार को सुबह प्रार्थना सभा में शिक्षकों ने बच्चों के साथ स्वच्छता शपथ लिया। सभी ने स्वयं स्वच्छता को अपनाने, जागरूक रहने और दूसरे नागरिकों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की बात कही। शिक्षकों ने बच्चों से कहा कि वे गावं के लोगों को सफाई कार्य में श्रमदान करने, गन्दगी न फैलाने और सफ़ाई कार्य हेतु कदम बढ़ाने के लिए जागरूक करेंगें। क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय टड़िया में शिक्षक हरेन्द्र मिश्रा, लेदवा में अमरेश कुमार, नीबी में रविन्द्र सिंह, शोहरतगढ़ में अमित कुमार, प्राथमिक विद्यालय पिपरी में सत्येन्द्र कुमार, जगरगठिया में यशवन्त चौहान, लक्ष्मीनगर ने संजय कुमार, महथा में मोहन, परसोहीया में अन्जली वर्मा, सिसई महेन्द्र, सेहरिया में आनन्द आदि ने विद्यालय में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को शपथ दिलाकर स्वच्छता की सीख दी। घर-घर तक स्वच्छता का सन्देश पहुंचाने का बच्चों ने संकल्प लिया।

# स्वच्छता शपथ के साथ निकाली जागरूकता रैली

गोरखपुर



**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे पर 'स्वच्छ भारत मिशन' की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' थीम पर चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत 27 सितम्बर, 2024 को मुख्यालय एवं मंडलों पर स्वच्छता जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबन्धक/लखनऊ आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में लखनऊ मंडल के गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, ऐशबाग, लखनऊ जं. सहित अन्य स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं कॉलोनियों की गहन साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छता शपथ के साथ जन जागरूकता स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय में 'क्लॉथ डोनेशन बॉक्स' में वस्त्र दान करने के लिये रेल कर्मचारियों को प्रेरित किया गया। इस अभियान के तहत स्पोर्ट्स लीग एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत विभिन्न स्थलों पर पौधारोपण किया गया तथा मानव श्रृंखला के माध्यम से यात्रियों को पौधारोपण करने के लिये प्रेरित किया गया। इसी प्रकार, मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छ संवाद के तहत यात्रियों को डस्टबिन के उपयोग एवं 'रिड्यूस, रियूज, रीसाइकिल' की उपयोगिता के बारे में बताया गया और विभिन्न स्टेशनों पर रेलपथ की गहन साफ-सफाई की गई तथा बड़े पैमाने पर श्रमदान किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबन्धक वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार वाराणसी मंडल में 'स्वच्छ भारत सांस्कृतिक फेस्ट्स' के माध्यम से बनारस स्टेशन पर स्थानीय सांस्कृतिक फेस्ट्स के तहत 'पपेट्स शो' का आयोजन किया गया, जिससे यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके। स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबन्धक/इज्जतनगर रेखा यादव के मार्गदर्शन में इज्जतनगर मंडल के विभिन्न स्टेशनों, कार्यालयों, कॉलोनियों में बड़े पैमाने पर श्रमदान, मानव श्रृंखला, सेल्फी प्वाइंट एवं गहन साफ-सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# यात्रियों की सुविधा के लिए चलेगी पूजा विशेष ट्रेन

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे यात्री प्रधान रेलवे है तथा इस क्षेत्र में यात्रियों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। इस रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये यात्रा करने वाले आरम्भिक यात्रियों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है तथा त्योहारों पर यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये, रिकॉर्ड संख्या में पूजा विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के महानगरों एवं अन्य प्रमुख नगरों के लिये 89 पूजा विशेष ट्रेनें 728 फेरों में चलाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त 67 पूजा विशेष ट्रेनें पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमख नगरों के लिये 443 फेरों में चलाई जा रही हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से/होकर कुल 156 पूजा विशेष ट्रेनें 1,171 फेरों में चलाई जा रही हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। यात्रीगण ट्रेनों की टाइमिंग, डायवर्जन इत्यादि की जानकारी एनटीईएस मोबाइल ऐप अथवा वेब पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# जेम पोर्टल को लेकर सेमिनार का आयोजन

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे डीके सिंह के मुख्य अतिथि तथा वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीलमणि की अध्यक्षता में महाप्रबन्धक सभाकक्ष, गोरखपुर में शुक्रवार को 'जेम पोर्टल' पर खरीददारी की प्रक्रियाओं एवं नियमों के सम्बन्ध में सतर्कता विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि एवं अपर महाप्रबन्धक डीके सिंह ने भण्डार विभाग में सामग्रियों की खरीददारी करने में जेम पोर्टल की उपयोगिता के सम्बन्ध में बताया। वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीलमणि ने जेम पोर्टल पर उच्च मानकों का पालन करते हुये खरीददारी में और अधिक पारदर्शिता बरतने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। नई दिल्ली से आये निदेशक/जेम पोर्टल अनुज कुमार ने सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत जेम पोर्टल पर खरीददारी से सम्बन्धित विभिन्न नियमों एवं पारदर्शिता के सम्बन्ध में सभी को जागरूक किया। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# सिद्धार्थ विवि में एक को होगा दीक्षांत समारोह

संवाददाता, सिद्धार्थनगर




**अमृत विचार:** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु होने वाले दीक्षांत समारोह के संदर्भ में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने कहा कि आगामी एक अक्टूबर को प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आठवां दीक्षांत समारोह उत्सव पूर्वक संपन्न होगा।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान सारनाथ वाराणसी के प्रोफेसर वांद छुग नेगी होंगे। इस अवसर पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री योगेश उपाध्याय एवं शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी की उपस्थित भी रहेगी। कुलपति ने बताया कि आठवें दीक्षांत के अवसर पर कुल 45 गोल्ड मेडल विभिन्न कक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्राओं को राज्यपाल के कर कमरों द्वारा प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने इस बार एक नई पहल करते हुए समाज से आह्वान किया था कि विद्यार्थियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर गोल्ड मेडल हेतु एडॉमेन्ट फंड में धनराशि जमा की जा सकती है। इस बार 9 गोल्ड मेडल और सम्मिलित हुआ है। पहले 36 कुलाधिपति गोल्ड मेडल प्रदान किया जाता था। दीक्षांत के अवसर पर 30 पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षा उतीर्ण करने वाले 58161 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की जान की जाएगी। जिसमें 22574 छात्र एवं 35587 छात्राएं हैं। कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने प्रेस वार्ता में बताया कि विश्वविद्यालय नित्य नए आयाम के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों के 83 प्रोजेक्ट संचालित रहे है। विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण विषय यहां के प्राध्यापक को 6 पेटेंट मिलना है। वर्तमान समय में 76 शोधार्थी विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न विषयों में शोध कर रहे हैं। विश्वविद्यालय में बुधस्य नैवेद्धयम केंद्र की स्थापना करके एक जिला एक उत्पाद के अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए किसानों को इस केंद्र के माध्यम से काला नमक धान और चावल उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो और सीधा उनका लाभ हो इसका प्रयास प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा कि समारोह की सफलता के लिए तैयारियां शुरू कर दी गईं हैं।

**अनदेखी** अच्छी सुविधाओं की कमी की वजह से बड़े पैमाने पर आकर्षण का केंद्र नहीं बन पाई बुद्ध की क्रीड़ास्थली

# पर्यटन के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है कपिलवस्तु

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



कपिलवस्तु स्थित मुख्य स्तूप जहां देश विदेश से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या मे गौतम बुद्ध को मानने वाले पूजा अर्चना करने आते है। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बुद्ध की क्रीड़ास्थली कपिलवस्तु में विकास का खूब कवायद किया गया लेकिन अभी तक इस कवायद को अभी तक अमलीजामा नहीं पहनाया गया। कपिलवस्तु जो कि प्राचीन भारत में शाक्य साम्राज्य की राजधानी और भगवान बुद्ध के प्रारंभिक जीवन से जुड़ा एक महत्वपूर्ण स्थल है। कपिलवस्तु पर्यटन के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है।

कपिलवस्तु में बुनियादी पर्यटन ढांचे जैसे सड़क, होटल, और सुविधाओं का अभाव है। पर्यटकों के लिए अच्छी सुविधाओं की कमी होने के कारण यह जगह बड़े पैमाने पर आकर्षण का केंद्र नहीं बन पाई है। कपिलवस्तु के पुरातात्विक और ऐतिहासिक स्थलों का उचित संरक्षण और रखरखाव नहीं हो पाया है जिसके कारण बुद्ध के मानने वाले विदेशी पर्यटकों श्रीलंका, कंबोडिया, म्यांमार, चीन, तिब्बत, आदि देशों से अधिक आते है लेकिन बुनियादी सुविधा नहीं होने से कुछ ही वक्त मे दूसरी जगह के लिए रवाना हो जाते है। तथागत की क्रीड़ास्थली कपिलवस्तु मे पर्यटन की संभावनाओं को लेकर कई परियोजना स्वीकृत हुई है। देश विदेश के पर्यटकों को लुभाने के लिए पर्यटन के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे।

### चटोरी गली की तर्ज पर होंगी दुकानें

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर की पहल पर कपिलवस्तु के पिपरहवा मुख्य स्तूप पर साउंड एंव शो लाइट सिस्टम को जल्द ही अमलीजामा पहनाया जायेगा। प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित चटोरी गली के तर्ज पर कपिलवस्तु मे स्थाई दुकाने एंव सुविधाओं का पहल होने जा रही है।

### बोटिंग कर उठाएंगे सागरों का लुत्फ

नेपाल सीमा से सटे छह सागरों पर इको इको टूरिज्म विकसित करने की रूप रेखा बना ली है। जिलाधिकारी की पहल पर विभाग ने 49 .54 करोड़ की प्राथमिक कार्य योजना तैयार की है। जिसमे बजहा सागर,मझौली सागर, मोती, मसइ, सेमरा, जगह को चयनित किया गया है। इन सभी योजनाओ को समय से गति दिया गया तो पर्यटन के क्षेत्र मे कपिलवस्तु के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

### खजुरिया रोड पर गड्ढों को भरवाने के निर्देश

**संवाददाता, सिद्धार्थनगर। अमृत विचार :** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. द्वारा नगर पालिका परिषद, सिद्धार्थनगर के वार्ड नं-14 वीर सावरकर नगर तथा खजुरिया रोड निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. द्वारा वार्ड नं-14 वीर सावरकर नगर तथा खजुरिया रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. ने जल निकासी के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खजुरिया रोड पर गड्ढों में ईट के टुकड़ों को डलवाने का निर्देश दिया, जिससे जल निकासी हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया जिन वार्डों में जलभराव है। वहां पर नालियों की सफाई कराना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर विन्ध्याचल आदि उपस्थित थे।

# मूसलाधार बारिश से जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

## किसानों की मुरादें हुईं पूरी, उमस से मिली निजात, शहर से लेकर गांवों तक में हुआ जलभराव

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** गुरुवार की दोपहर से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शुक्रवार को पूरे दिन जारी रहा। जिसके चलते ताल तलैया और पोखरे लबालब भर गए और लोगों को उमस से पूरी तरह निजात मिल गई। बारिश ने किसानों के मन की मुरादें पूरी कर दी। बताते चलें कि पिछले एक पखवारे से ज्यादा समय से जिले में बारिश की एक बूंद भी नहीं गिरी। जिसके चलते लोगों को भीषण उमस का सामना करना पड़ रहा था। खेतों में खड़ी धान की फसलें मुरझाने लगी थीं। किसानों की तरफ से प्रशासन से जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग उठने लगी थी। मौसम विभाग ने भी बारिश नहीं होने की भविष्यवाणी करके किसानों को मायूस कर दिया था।

इसी बीच बृहस्पतिवार की सुबह से आसमान में घने बादलों की आवाजाही शुरू हो गई और पुरवा हवाओं ने मौसम को सुहाना बना दिया। दोपहर होते-होते रिमझिम बारिश की फुहारें पड़ने लगीं और पूरी रात बरसात होती रही। शुक्रवार की सुबह से बारिश की तीव्रता लगातार बढ़ती गई और पूरे दिन झमाझम बारिश के चलते लोग घरों में कैद होकर रह गए। भारी बरसात के चलते जिले के ताल तलैया भर गए और खेतों में पानी लग गया। धान की मुरझा रही फसलों की रौनक दुबारा लौट आई है। किसानों के मन की मुरादें पूरी हो गई हैं। समाचार लिखे जाने तक बारिश जारी थी और मौसम विभाग द्वारा शनिवार के लिए भी भारी से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।


खलीलाबाद के मेंहदावल चौक पर सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार


डाक बंगले के सामने की सड़क पर हुआ जल भराव। अमृत विचार


जूनियर हाईस्कूल परिसर में भरा पानी। अमृत विचार

### खलीलाबाद की सड़कों और मोहल्लों में हुआ जल भराव

**संतकबीरनगर।** भारी बरसात के चलते शुक्रवार को जनपद मुख्यालय की सड़कों और मोहल्लों में जल भराव हो गया। जल निकासी के नाले ओवरफ्लो हो गए जिसके चलते नालों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। नगरपालिका चेयरमैन जगत जायसवाल ने सफाई कर्मियों की टीम और जेसीबी मशीन लेकर विभिन्न मोहल्लों में हुए जल भराव को दूर कराने में जुटे रहे खलीलाबाद स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर, पुरानी पुलिस लाइन, ट्यूबवेल कालोनी और मोती नगर में पानी भर गया।

### नहीं खुलीं पटरी दुकानदारों की दुकानें

**संवाददाता, संतकबीरनगर।** भारी बरसात के चलते तमाम पटरी दुकानदारों का रोजगार प्रभावित हुआ तो वहीं दिहाड़ी मजदूरों की भी रोजी-रोटी प्रभावित हुई। बरसात के चलते सड़क की पटरियों पर लगने वाली सब्जियों की दुकानें, फास्ट-फूड के ठेले और फलों की दुकानें नहीं लग सकीं। जिसके चलते सैकड़ों लोगों की रोजी-रोटी पर ग्रहण लग गया तो वहीं फास्ट-फूड के शौकीनों को मन मसोसकर रहना पड़ा।

## एक नजर

### स्वास्थ्यकर्मियों को दिये गये प्रशस्ति पत्र

**कुशीनगर, अमृत विचार :** दो दिवसीय नवीन गर्भनिरोधक संसाधन प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में हुआ। इसमें एएनएम और प्रशिक्षु समेत सीएचओ से जुड़े स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या पर रोक के लिए परिवार नियोजन को बढ़ावा देना उद्देश्य है। इस दौरान सहायक शोध अधिकारी विनोद कुमार, शाह,अजय कुमार गुप्ता, सीएचओ आकाश गंगवार आदि मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी लेते हुए परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने और आम जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। इस दौरान शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस कर्मियों की सामूहिक दौड़ और योगाभ्यास कराया गया। अनुशासन और एकरुपता के लिए टोली वार ड्रिल भी कराई गई। बाद में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# सपा नेता कर रहे जाली नोट बेचने का कृत्य : शलभ

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार :** देवरिया के विधायक शलभमणि त्रिपाठी ने कहा कि कुशीनगर के तमकुहीराज में जाली नोट बांटने व बेचने जैसा देशद्रोही कृत्य सपा के राष्ट्रीय स्तर के नेता कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद सपा के लोग गांव गांव में अराजकता फैला रहे हैं। जब-जब सपा को ताकत या ऊर्जा मिली है तब- तब उसने प्रदेश को अराजकता की आग में झोंकने का प्रयास किया है।


शलभमणि त्रिपाठी, विधायक

वह शुक्रवार की सायं अपने पैतृक गांव दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौटते समय बरवाराजापाकड़ के सीताराम चौराहा पर मीडिया से रुबरू थे। उन्होंने कहा कि कन्नौज में नाबालिग से दुष्कर्म में सपा नेता नवाब सिंह यादव का नाम सामने आया। अयोध्या में दुष्कर्म मामले में सपा नेता मोइन खान का नाम सामने आया। अब तमकुहीराज जाली नोट कांड में सपा के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की संलिप्तता पार्टी की पोल खोल रही है। इस दौरान कुंदन मिश्र, आशीष मिश्र, मंटू राय, सौरभ मिश्र, रंजीत मौर्य, विकास कुशवाहा, जगदीश, भुआल गोंड आदि मौजूद रहे।


स्वच्छता अभियान चलाते प्रकृति इन्टरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राएं।

### प्रकृति इन्टरनेशनल स्कूल में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**कुशीनगर, अमृत विचार :** प्रकृति इन्टरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वच्छता तथा अपने आस-पास के स्थान को स्वच्छ रखने के फायदों के बारे में बताया गया। विद्यालय द्वारा गठित 10 टीमों ने विद्यालय परिसर, पंचायत भवन, हनुमान मन्दिर लोहझार तथा खोड्डा बाजार में सफाई अभियान चलाया। थानाध्यक्ष अहिरौली स्वच्छता अभियान के लिए विद्यालय प्रशासन को साधुवाद देते हुए कहा कि यदि अभी से बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा तो आने वाले समय में ये निश्चय ही अच्छे नागरिक बनेंगे। उन्होंने नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित भी किया।

## विधायक मोहन वर्मा बने विशेषाधिकार समिति के सदस्य

**कुशीनगर, अमृत विचार :** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विशेषाधिकार समिति का गठन किया है। इसमें कुशीनगर की हाटा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन वर्मा को विशेषाधिकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। हाटा विधायक मोहन वर्मा के विशेषाधिकार समिति में सदस्य नामित होने पर मुंशी सिंह,अर्जुन गुप्ता,निलेश मिश्रा,संतोष श्रीवास्तव, आनंद वर्मा, राजन गोंड, अनुराग, जय प्रकाश जायसवाल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जतायी है।



# प्रभारी मंत्री ने रोगियों का जाना हाल

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार:** कुशीनगर के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह शुक्रवार को दोपहर बाद दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे।

प्रभारी मंत्री ने जनपद मुख्यालय स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक की। इसके बाद मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध जिला चिकित्सालय के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री ने भर्ती रोगियों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने प्राचार्य आरके शाही एवं कार्यकारी संस्था पीएसपी प्रोजेक्ट लिमिटेड से मेडिकल कॉलेज के निर्माण शुरू करने की तिथि तथा समय-समय पर मिले एक्सटेंशन की विस्तृत जानकारी ली।


जिला चिकित्सालय में एक रोगी से बात करते प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह।

तत्पश्चात प्रभारी मंत्री ने टीएनटी कक्ष, एसएनसीयू कक्ष आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद विजय कुमार दुबे, विधायक पडरौना, खड्डा, हाटा, रामकोला, तमकुहीराज, फाजिलनगर, कसया सहित मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी,अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी सुरेश पटारिया, नगर निकायों के चेयरमैन, लोक निर्माण विभाग के ए ई, पीएसपी प्रोजेक्ट लिमिटेड के कर्मचारी आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### वित्तविहीन शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार


जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने स्ववित्तपोषित विद्यालयों के शिक्षकों और शिक्षणेतर कर्मचारियों की सूची जारी करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक हरीशचंद्र नाथ को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि सरकार वित्तविहीन शिक्षकों की सेवा और सुरक्षा सुनिश्चित करे। विद्यालय संचालक जब चाह रहे हैं शिक्षकों को बिना कारण बताए सेवा से निकाल दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष महेश राम ने कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण करना जिला विद्यालय निरीक्षक का अधिकार है लेकिन निरीक्षण को कमाई का साधन न बनाया जाय। उन्होंने आरोप लगाया कि पदोन्नति, चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान और एरियर के प्रकरण को जानबूझ कर लंबित रखा जा रहा है। ठठरा विद्यालय के शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है। जिला मंत्री गिरिजानंद यादव ने कहा कि जीपीएफ फंड का हिसाब सार्वजनिक किया जाय और बस्ती कोषागार से ब्याज का 69 करोड़ रुपये वापस लाया जाय। एनपीएस कटौती धनराशि की भी समीक्षा की जाय और दो माह की मिसिंग धनराशि को वापस लाया जाय। कोषाध्यक्ष पुनीत कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों के पेंशन जीपीएफ की पत्रावली विद्यालयों से मांग ली जाय। विवाद से बचने के लिए सभी 34 माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की वरिष्ठता सूची हर हाल में जारी की जाय। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी, प्रांतीय उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह, विंध्याचल सिंह, मोहम्मद परवेज अख्तर खान, मोहम्मद आफताब आलम, जुनैद अहमद, नसीम अहमद, विजय यादव, जय हिंद, जय प्रकाश गौतम आदि मौजूद थे।

### बारिश में स्कूल पहुंचे नौनिहाल, बाद में की गई छुट्टी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिले में बृहस्पतिवार की सुबह से ही बरसात का दौर शुरू हो गया है। शाम होते-होते बारिश ने रफ्तार पकड़ लिया और पूरी रात रिमझिम बरसात होती रही। शुक्रवार की सुबह से ही मूसलाधार बारिश शुरू हो गई जो पूरे दिन जारी रही। इस बीच विभिन्न गांवों और कस्बों में स्कूली बसें बच्चों को लेने पहुंच गईं। बारिश में भीगते हुए मासूम बच्चे जैसे तैसे बसों पर सवार होकर स्कूल पहुंचे और एक घंटे की पढ़ाई पूरी होने के बाद जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कक्षा 8वीं तक के सभी स्कूलों में शुक्रवार और शनिवार के लिए अवकाश घोषित कर दिया। सोशल मीडिया पर सूचना वायरल होते ही स्कूलों में छुट्टियां करके बच्चों को बसों में बैठाकर उनके घरों के लिए रवाना कर दिया गया। स्कूल प्रबंधकों, अध्यापकों और अभिभावकों में देरी से छुट्टी की सूचना को लेकर नाराजगी भी देखी गई। अभिभावक दीपक, हरिश्चंद्र, गौतम, अरविंद कुमार, शीतल आदि का कहना था कि जब रात से ही बारिश हो रही है तो प्रशासन को सुबह होते ही छुट्टी की सूचना जारी कर देना चाहिए था।

### डीएम ने आम जनता के लिए जारी की चेतावनी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मौसम विभाग द्वारा 27 और 28 सितम्बर को जनपद संतकबीरनगर समेत आसपास के तमाम जिलों में भारी बरसात और आकाशीय बिजली गिरने की सम्भावना के जताई गई है। इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने आम जनता से जागरूक और सतर्क रहने की अपील किया है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी की गई सूचना के आधार पर अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की सम्भावना है। कहीं-कहीं पर भारी से बहुत भारी बारिश के साथ मेघ गर्जन और बिजली गिरने की सम्भावना है और एक या दो स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की सम्भावना है। मौसम विभाग द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि 27 और 28 सितम्बर के दौरान राज्य में कहीं-कहीं अचानक तेज झोकेंदार हवा चलने की सम्भावना है। ऐसे में मौसम विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में 27 और 28 सितम्बर को भारी बरसात और बिजली चमकने की सम्भावना को देखते हुए आम जनमानस को सर्तक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लोग अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। दामिनी मोबाइल एप का प्रयोग करें और साथ ही विद्युत उपकरणों के प्रयोग में भी सावधानी बरतें।

### थानाध्यक्ष ने ग्रहण किया कार्यभार

**धनघटा, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** बृहस्पतिवार को अचानक महुली थाने पर तैनात रहे लोकप्रिय प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर रामकृष्ण मिश्र का पुलिस अधीक्षक द्वारा तबादला कर दिया गया। उनकी जगह पर उप निरीक्षक हरेश तिवारी को महुली थाने का थानाध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। उप निरीक्षक हरेश तिवारी ने शुक्रवार की दोपहर लगभग 1 बजे थाने पर पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनका कार्यभार ग्रहण करना भी अजीब रहा है। फिल्मी अंदाज में कार्यभार ग्रहण करने पहुंचे नए थानाध्यक्ष को अचानक थाना परिसर में देखकर पुलिस कर्मी हतप्रभ रह गए। हुआ यह कि नवागत थानाध्यक्ष के पास अपना वाहन नहीं होने के कारण निवर्तमान प्रभारी निरीक्षक ने उनको रिसीव करने के लिए सरकारी गाड़ी भेजी थी। टेलीफोन वार्ता में पता चला कि थानाध्यक्ष हरेश तिवारी प्राइवेट टैक्सी गाड़ी से आ रहे हैं। ऐसे में सरकारी गाड़ी मैनसिर चौराहे से वापस बुला ली गई। उसके बाद नवागत थानाध्यक्ष कंधे पर बैग लटकाए पैदल ही थाने पर पहुंच गए। नवागत थानाध्यक्ष हरेश तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और आम जनता को त्वरित न्याय दिलाते हुए कानून का राज स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी।


हरेश तिवारी, नवागत थानाध्यक्ष।

### चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण सम्पन्न

**सेमरियावां, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** बीआरसी सेमरियावां में आयोजित चार दिवसीय शिक्षकों का प्राथमिक स्तर के सभी बच्चों में पढ़ने लिखने और संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता हासिल करने संबंधी प्रशिक्षण के पांचवें फेरे का समापन शुक्रवार को हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष कुमार सिंह ने बताया की ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाने वाले 428 शिक्षकों और शिक्षामित्रों को पांच फेरे में प्रशिक्षण दिलाया गया है। आशीष कुमार सिंह ने कहा कि आगामी दिसंबर महीने में सभी स्कूलों का निपुण लक्ष्य ऐप से आंकलन थर्ड पार्टी के द्वारा कराया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक विनोद चंद, लक्ष्मी नारायण, मोहम्मद इरफान, रवि चंद और संतोष त्रिपाठी ने प्रशिक्षण की बारीकियों को गहनता से बताया और विद्यालयों को निपुण बनाने के गुण सिखाए।

### विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर जिले में धारा 163 लागू

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** आगामी त्योहारों को देखते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने जिले में बीएनएस की धारा 163 लागू कर दिया है। दो अक्टूबर को गांधी जयंती, दशहरा, दीपावली, छठ पूजा और विभिन्न महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर जन समूह को इकट्ठा करने पर रोक रहेगी। बिना अनुमति के जुलूस निकालने और असलहों आदि के प्रदर्शन पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी।

# डीएम ने सुंदरीकरण कार्यों का लिया जायजा

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के विशेष प्रयासों से जनपद मुख्यालय पर कराए जा रहे सुंदरीकरण कार्यों की सुस्त रफ्तार को लेकर आपके अपने अखबार अमृत विचार ने अपने बृहस्पतिवार के अंक में "फाइलों में धूल फांक रही जनपद मुख्यालय के अयोध्या से जुड़ने की आस" शीर्षक से खबर प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को जनपद मुख्यालय स्थित मेंहदावल बाईपास पर चल रहे सुंदरीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। निर्माण की सुस्त रफ्तार देख उन्होंने जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाते हुए सभी निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा कराने का निर्देश दिया। इस दौरान बारिश में भीगकर रोडवेज बसों की प्रतीक्षा में खड़े यात्रियों को देख जिलाधिकारी ने सभी को ओवरब्रिज के नीचे बुला लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र ही यात्रियों को बैठने के लिए बेंच और छाजन का प्रबंध किया जाएगा। उसके लिए उन्होने एसडीएम खलीलाबाद और हल्का लेखपाल को बुलाकर जगह भी चिन्हित करा दिया। इसके अलावा चौराहे की सड़कों पर बेतरतीब खड़ी टैक्सियों को देख जिलाधिकारी ने यातायात पुलिस कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सभी टैक्सियों को उनके निर्धारित टैक्सी स्टैंडों पर ही खड़ी कराई जाएं।


मेंहदावल बाईपास चौराहे पर सुंदरीकरण कार्यों का निरीक्षण करते डीएम और एसपी।

### प्रबंधकीय विवाद व 20 प्रतिशत अनुपस्थिति छात्र वाले स्कूल नही बनेंगे केंद्र

**बस्ती,अमृत विचार।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया 25 सितंबर से शुरू हो गई है। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए केंद्र निर्धारण में काफी सतर्कता बरती जा रही है। इस बार केंद्र निर्धारण की नियमावली में प्रबंधकीय विवाद वाले और पंजीकृत छात्रों की संख्या के सापेक्ष 20 प्रतिशत अनुपस्थित रहने पर परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा।जिले 401 विद्यालय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संचालित होते है।इनमें 23 राजकीय, 70 वित्त पोषित व 308 वित्तविहीन स्कूल हैं। इनमें लगभग 70 हजार छात्र-छात्राएं यूपी बोर्ड परीक्षा में पंजीकृत है। केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया ऑनलाइन करनी होगी। इसके लिए कमेटी बना दी गई है। प्रत्येक केंद्र पर कम से 250 और अधिकतम 2000 परीक्षार्थी आवंटित किए जाएंगे। केंद्र बनाते समय यह देखा जाएगा कि एक परीक्षार्थी के लिए 20 वर्गफीट क्षेत्रफल होना चाहिए। इसी मानक के अनुसार परीक्षार्थियों का आवंटन किया जाएगा। पिछले वर्ष 122 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

## प्राथमिकता से करें पूर्व सैनिकों की शिकायतों का निदान

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु कल्याण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी समेत सभी अधिकारियों और पूर्व सैनिकों का स्वागत और अभिनन्दन किया। भूतपूर्व सैनिक कल्याण संयोजक रमाकांत ने पिछली सैनिक बन्धु की बैठक की समीक्षा किया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित जिले के शहीद सैनिक सत्यवान सिंह की मूर्ति स्थापना, शहीद द्वार, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय और विश्राम गृह निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी लिया। शहीद स्थल के फेस-2, एनसीसी बटालियन की स्थापना, ईसीएचएस/इम्पैनल्ड अस्पताल, स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए पूर्व सैनिकों के बजट पर चर्चा की गई।

# अस्पताल संचालक दंपति समेत 4 पर केस

**नवजात की मौत के बाद शव देने के मांगे थे 20 हजार रुपये**

मेंहदावल, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** मेंहदावल नगर पंचायत के बीएमसीटी मार्ग पर एक निजी अस्पताल में पैसे के एवज में बच्चे का शव अपने पास रखने के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और डीएम के निर्देश पर मेंहदावल पुलिस ने चिकित्सक दम्पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अस्पताल संचालक दंपति डॉक्टर लोकेश त्रिपाठी और अर्चना त्रिपाठी समेत अस्पताल के दो कर्मचारियों समेत चार के विरुद्ध दो विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

मेंहदावल नगर पंचायत के टेंडुआ गांव निवासी आशीष मिश्र ने बीते 23 सितंबर को प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल को सौंपी गई तहरीर में लिखा था कि उनकी पत्नी की तबीयत खराब होने के बाद बीएमसीटी मार्ग पर स्थित दिव्या हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर में भी ले जाकर एडमिट कराया था। हॉस्पिटल के कर्मचारियों की लापरवाही से नवजात बच्चे की मौत हो गई। उसके बाद वह मृत नवजात बच्चें को डिस्चार्ज कराकर घर ले जाना चाह रहे थे, लेकिन कर्मचारियों ने शव देने की एवज में 20 हजार रुपए मांगे। पैसे नहीं देने पर वे मृत नवजात बच्चे का शव देने से मना कर दिए। जिस पर उन्होंने कार्रवाई की मांग की थी। खबर मीडिया की सुर्खियों बनने के बाद जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने मामले का संज्ञान लिया था। उसके बाद डीएम ने सीएमओ को पूरे मामले में निर्देशित करते हुए रिपोर्ट मांगी थी। जिस पर गुरुवार को तहसीलदार मेंहदावल आनंद ओझा की निगरानी में नवजात शिशु के शव पंडितपुरवा घाट से निकाला गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। मेंहदावल पुलिस ने दिव्या देव नर्सिंग होम के संचालक दंपति डॉक्टर लोकेश त्रिपाठी और उनकी पत्नी डॉक्टर अर्चना त्रिपाठी समेत अस्पताल के दो कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**कार्यक्रम** आरक्षण से महिलाओं का होगा सामाजिक उत्थान, पंचायती राज विभाग जल्द देगा 70 हजार नौकरी, शोषित वंचित समाज जोड़ो रैली में गरजे राजभर

# योगी सरकार में दंगा-फसाद संभव नहीं : ओम प्रकाश राजभर

संवाददाता, बस्ती

**अमृत विचार:** महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण देकर मोदी सरकार ने उनका सामाजिक उत्थान किया है।प्रदेश कि योगी सरकार के राज में दंगा फसाद संभव नही है। आज पूरे प्रदेशवासी भय मुक्त वातावरण में अपना जीवन जी रहे।पुरवर्ती सरकारों में प्रदेश का आम जन भय भूख व भ्रष्टाचार से परेशान था।

उक्त बाते गुरुवार को सलतौआ ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित शोषित वंचित समाज जोड़ो महारैली में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कही। राजभर ने कहा कि जल्द ही एक नया कानून जीरो पावर टिलर लागू होगा जिसमे प्रदेश के 58 हजार गांवों में सर्वे के माध्यम से गरीब परिवार चिन्हित किए जायेंगे। प्रत्येक गांव से 15 से 20 गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार को सरकार कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें समृद्धशाली बनाया जायेगा। उन्होंने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष कहता है कि प्रदेश का ला एंड आर्डर खराब है। मगर विपक्षी दलों को मालूम है कि सपा के शासनकाल में अपराधी माफिया खुले आम घूम कर बेखौफ अपराध को अंजाम दे रहे थे । मौजूदा समय कि योगी सरकार में अपराधी जेल में बंद है या जमीन के नीचे दफन हो चुके है। कहा कि पंचायती राज विभाग में जल्द ही 70 हजार पदों पर नियुक्तियां कि जाएंगी।पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर ने कहा कि सावित्री बाई फुले के परिश्रम का ही परिणाम है कि आज देश कि सर्वोच्य पद पर दलित परिवार कि द्रोपदी मुर्म विराजमान है। संविधान की दुहाई देने वाले ही संविधान कि धज्जियां उड़ा रहे है। जातीय जनगणना कि मांग करने वाले लोग ही गांव गरीब का शोषण वर्षो से करते चले आ रहे है। महारैली को जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, पूर्व विधायक राम ललित चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा,विधायक दुधराम,प्रमुख संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यशकांत सिंह,भासपा के राष्ट्रीय सचिव विनोद राजभर, जिलाध्यक्ष मनोज राजभर, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष डा0 संजय चौहान, पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार धर्म प्रकाश चौधरी, प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह,पूर्व प्रधानाचार्य शोभा प्रसाद चौहान, अमन राजभर, राधिका पटेल, प्रमोद चौधरी,बृजभूषण मिश्रा ,रजनीश चौधरी,लक्ष्मी राजभर ने भी संबोधित किया।


कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### पंचायत सहायकों ने सौंपा ज्ञापन

क्षेत्र के पंचायत सहायको ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन केबिनेट मंत्री को दिया। मंत्री ने विभिन्न मांगो पर शीघ्र अतिशीघ्र विचार कर पूरा कराए जाने का आश्वासन दिया।इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष संतोष चौधरी,साधना चंद्रा, विजय कुमार सहित तमाम पंचायत सहायक मौजूद रहे।



| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 85,571.85 | 26,178 .95 |
| गिरावट | 264 .27 | 37 .10 |
| प्रतिशत में | 0 .31 | 0 .14 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शनिवार, 28 सितंबर 2024

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ ( आरआर 21) 2360–2800 गेहूँ ( के 65 ) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूँग खड़ा 10000–10500 मूँग दाल 10500–11000 मूँग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूँगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों ( प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी ( एम 30 ) 4250 चीनी ( एस 30 ) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900

## सर्राफा

लखनऊ


| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 77,650 |
| सोना रवा | 77,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी ( 999 ) | 92,000 |
| चांदी सिक्के ( 100 नग ) | 80,000 |

# भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर आधार पर 7% की दर से बढ़ेगी : सीईए

## मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए मौजूदा कीमतों पर वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी

कोलकाता, एजेंसी

केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था के स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए यह वृद्धि दर सराहनीय है। बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने कहा कि वास्तविक रूप से अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जबकि मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए



- वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद ही अच्छी उपलब्धि : नागेश्वरन

मौजूदा कीमतों पर (नॉमिनल) वृद्धि दर 11 प्रतिशत होगी।


नागेश्वरन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में स्थिर आधार पर 6.5 से सात प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। वर्तमान वैश्विक संदर्भ में यह बेहद अच्छी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जबकि विश्व मध्यम अवधि की अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है और वैश्विक व्यापार धीमा पड़ रहा है, भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रभावों से उबरना सरकार द्वारा अपनाई संतुलित राजकोषीय तथा मौद्रिक नीतियों के दम पर मजबूत हो गया है।

### चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं

नागेश्वरन ने कहा कि घरेलू बाजारों और बैंकिंग प्रणाली की अच्छी स्थिति से देश के चालू खाता शेष में कोई कमजोरी नहीं है। वृहद संकेतक स्थिरता का संकेत देते हैं। पूंजीगत व्यय में भारी बदलाव आया है, जीडीपी के मुकाबले बाह्य ऋण का अनुपात कम हुआ है और खुदरा मुद्रास्फीति कम हुई है। उन्होंने कहा कि इन सभी कारणों से देश की ऋण प्रणाली को उन्नत करने की आवश्यकता है।

# डेरिवेटिव्स : शेयर के दर में बदलाव पर लाभ का अवसर

इक्विटी डेरिवेटिव्स वित्तीय बाजारों में मुख्य भूमिका निभाते हैं, जो निवेशकों को शेयरों के मूल्य में बदलाव के आधार पर लाभ उठाने का अवसर देते हैं। ये ऑप्शंस और फ्यूचर्स, निवेशकों को अपनी जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को लागू करने में मदद करते हैं। हालांकि, इनके साथ उच्च जोखिम भी जुड़ा होता है, जिसमें मार्केट उतार-चढ़ाव और समय सीमाएं शामिल हैं। सही जानकारी और रणनीति के साथ, डेरिवेटिव्स निवेशकों के लिए प्रभावशाली साधन बन सकते हैं, लेकिन सावधानी और ज्ञान जरूरी है। आइए इस पर नजर डालें...



**मार्केट वॉच :** इक्विटी डेरिवेटिव्स का मतलब शेयर बाजार में उपयोग होने वाले डेरिवेटिव्स की निगरानी करना। डेरिवेटिव्स ऐसे वित्तीय अनुबंध हैं जिनकी कीमत किसी अन्य संपत्ति, जैसे कि शेयरों, पर निर्भर करती है।

### निवेश के लाभ

**हेजिंग :** डेरिवेटिव्स का उपयोग निवेशक पोर्टफोलियो को बाजार के उतार–चढ़ाव से बचाने के लिए कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, पुट ऑप्शंस का उपयोग करके वे संभावित नुकसान से बच सकते हैं।

**लिवरेज :** डेरिवेटिव्स से निवेशक छोटी पूंजी के साथ बड़ी मात्रा में शेयरों का नियंत्रण पा सकते हैं। इससे संभावित लाभ बढ़ता है, लेकिन जोखिम भी बढ़ाता है।

**रिटर्न का विविधीकरण :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न रणनीतियों के माध्यम से रिटर्न उत्पन्न करने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि स्ट्रैडल या स्ट्रैंगल ऑप्शंस।

### ऑप्शंस और फ्यूचर्स

**फ्यूचर्स :** ये अनुबंध हैं जिनमें दो पक्ष एक निश्चित तिथि पर एक निश्चित मूल्य पर शेयरों का आदान–प्रदान करने के लिए सहमत होते हैं।

**ऑप्शंस :** ये अनुबंध किसी को एक तय कीमत पर तय समय में शेयरों को खरीदने (कॉल) या बेचने (पुट) का अधिकार देते हैं, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।

**उच्च जोखिम :** डेरिवेटिव्स का उपयोग लिवरेज के माध्यम से होता है, जिससे लाभ के साथ नुकसान भी बढ़ सकता है। एक छोटे मूल्य परिवर्तन से बड़े नुकसान हो सकते हैं।

**जटिलता :** डेरिवेटिव्स के कई प्रकार और रणनीतियां होती हैं, जिनका समझना और सही से उपयोग करना चुनौतीपूर्ण होता है। गलत निर्णय लेने पर नुकसान हो सकता है।

**मार्जिन कॉल :** यदि बाजार आपके खिलाफ है, तो आपको मार्जिन खाते में अतिरिक्त पूंजी जमा करने के लिए कहा जा सकता है, जिससे वित्तीय दबाव बढ़ सकता है।

**कम लागत :** शेयरों की सीधी खरीदारी की तुलना में, डेरिवेटिव्स खरीदने की लागत आमतौर पर कम होती है, जिससे छोटे निवेशक भी भाग ले सकते हैं।

**सामरिक निवेश :** डेरिवेटिव्स का उपयोग विभिन्न सामरिक निवेश दृष्टिकोणों के लिए किया जा सकता है, जैसे कि कवरिंग शॉर्ट पोजीशंस या रिवर्स स्ट्रैटेजीज।

**लचीलापन :** डेरिवेटिव्स में कई प्रकार के अनुबंध होते हैं, जिससे निवेशकों को जोखिम सहिष्णुता और निवेश लक्ष्यों के अनुसार रणनीति बनाने की सुविधा मिलती है।

**ऑनलाइन रिसर्च :** विभिन्न वित्तीय वेबसाइटों जैसे कि याहू फाइनेंस, ब्लूमबर्ग और मनी कंट्रोल पर डेरिवेटिव्स से संबंधित जानकारी और अपडेट्स मिल सकते हैं।

**पुस्तकें :** वित्तीय बाजारों और डेरिवेटिव्स पर पुस्तकें पढ़ना अच्छा तरीका है। इनमें सिद्धांत, रणनीतियां और वास्तविक जीवन के उदाहरण शामिल होते हैं।

**कोर्स और वेबिनार :** कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे कोरसेरा, यूडेमी और ईडीएक्स डेरिवेटिव्स पर पाठ्यक्रम देते हैं।

**ब्रोकर और वित्तीय सलाहकार :** ब्रोकर या वित्तीय सलाहकार से सलाह लेना भी अच्छा विकल्प है। वे व्यक्तिगत सलाह और मार्गदर्शन कर सकते हैं।

**मार्केट रिपोर्ट्स :** विभिन्न वित्तीय संस्थान और शोध संस्थान नियमित रूप से मार्केट वॉच रिपोर्ट्स जारी करते हैं। इनका अध्ययन करना भी सहायक होता है।

**ग्रुप्स :** निवेशक फोरम और सोशल मीडिया समूहों में अनुभव साझा कर सकते हैं और सवाल पूछ सकते हैं।

## स्पेक्ट्रम आवंटन पर ट्राई ने जारी किया परामर्श पत्र

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सेटेलाइट आधारित वाणिज्यिक संचार सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम के आवंटन वास्ते अनुबंधों और शर्तें पर परामर्श पत्र जारी किया है। ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि हितधारकों से 18 अक्टूबर 2024 तक लिखित टिप्पणियां एवं 25 अक्टूबर तक प्रति-टिप्पणियां आमंत्रित हैं। एनजीएसओ आधारित स्थाई उपग्रह सेवाएं जो कि डेटा संचार और इंटरनेट सेवाएं देती हैं और जीएसओ/ एनजीएसओ आधारित मोबाइल उपग्रह सेवाएं जो वॉयस, पाठ्य, डेटा और इंटरनेट सेवाएं प्रदान करती हैं पर ट्राई अपनी अनुशंसाएं दे सकता है।

# नवाचार में भारत ऊंचाइयों पर वैश्विक सूची में 39वां स्थान

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 133 देश शामिल, 2015 में 81वें व गत वर्ष 40 में स्थान पर था भारत

देश में नई प्रौद्योगिकी और प्रक्रियाओं के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास के बढ़ते प्रयास के साथ भारत लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2024 में 133 देशों की सूची में भारत 39वें स्थान पर है। भारत 2015 में इस सूची में 81वें स्थान और पिछले साल 40 में स्थान पर था।

सूचकांक में भारत मध्य और दक्षिणी एशिया की 10 अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है। 2024 की सूची में स्वीटजरलैंड, स्वीडन और अमेरिका क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सूची में नवाचार की दृष्टि से शीर्ष 10 देश में क्रमशः सिंगापुर, ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, फिनलैंड, नीदरलैंड ,जर्मनी और डेनमार्क है। 10 देश में सभी उच्च आय वर्ग के देश हैं। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व से प्रेरित होकर, भारत ने ये उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं।

## विशेष इस्पात को एक और पीएलआई योजना होगी शुरू : सचिव

**नई दिल्ली।** इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि सरकार विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के एक और दौर पर काम कर रही है, क्योंकि पहले दौर की प्रतिक्रिया अनुरूप नहीं रही। शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के इस्पात शिखर सम्मेलन 2024 में पौंड्रिक ने कहा कि विशेष इस्पात ऐसा क्षेत्र है जहां काम की जरूरत है। सरकार इसे प्रोत्साहित करने को पीएलआई योजना लाई, लेकिन इसका उठाव उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा।

# विदेशी मुद्रा भंडार 692.30 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर पहुंचा था।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर हो गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा



- 2.84 अरब डॉलर की बढ़ोतरी गत सप्ताह 22.3 करोड़ डॉलर की हुई थी वृद्धि

आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव होता है। स्वर्ण भंडार का मूल्य 72.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 63.61 अरब डॉलर रहा।

## क्षतिपूर्ति उपकर पर मंत्री समूह का गठन

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय मंत्री समूह का गठन किया है। यह मार्च 2026 में क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद विलासिता तथा अहितकर वस्तुओं पर कर पर निर्णय करेगा। मंत्री समूह (जीओएम) में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और बंगाल के सदस्य हैं। यह 31 दिसंबर तक परिषद को रिपोर्ट सौंपेगा।जीएसटी में विलासिता व अहितकर वस्तुओं पर 28% कर के अलावा कई दरों पर क्षतिपूर्ति उपकर है।



# आतंकियों को न कफन मिलेगा, न दो गज जमीन

## जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में बोले मुख्यमंत्री योगी, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को दी चेतावनी

जम्मू, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में हिंसा भड़काने के किसी भी प्रयास से आतंकवादियों खात्मा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जो आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा बल्कि उसे कुचल देगा, दफना देगा।

योगी ने उधमपुर जिले के रामनगर की रैली में कहा कि भारत आतंकवाद को कतई सहन नहीं करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति पर है। यदि पाकिस्तान के समर्थन से कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने की कोशिश करेगा तो उसके पास न



जम्मू कश्मीर के उधमपुर के रामनगर में रैली में मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

तो ओढ़ने को कफन होगा और न ही दफनाने के लिए दो गज जमीन होगी।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को डबल इंजन सरकार मॉडल की सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यदि आप डबल इंजन सरकार का उदाहरण देखना चाहते हैं तो उत्तर प्रदेश में राम मंदिर है, जो 500 साल बाद बनाया गया। जब हमने राम मंदिर की प्रक्रिया शुरू की तो कुछ लोगों ने कहा कि यदि राम मंदिर का फैसला आया और निर्माण शुरू हुआ तो खून की नदियां बहेंगी। हमने कहा कि यह नया भारत है, जहां सुरक्षा सर्वोच्च है। योगी ने दावा किया कि साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश में दंगे की एक भी घटना नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जम्मू-कश्मीर को भी ऐसे विकास का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर आतंकवाद को बढ़ावा देकर राजनीतिक लाभ के लिए जम्मू-कश्मीर का शोषण करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, आतंकवाद, अलगाववाद और वंशवाद के पुराने दिन वापस नहीं लौटेंगे। जनता ने इन तीनों परिवारों को विदाई देने का फैसला कर लिया है और चुनाव के बाद उनकी विदाई तय हो जायेगी।

### कश्मीर ने गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना



**जम्मू।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जम्मू कश्मीर में बिना किसी हिंसा के चुनाव हो रहे हैं क्योंकि लोगों ने शांति एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए गोलियों को खारिज कर मतपत्रों को चुना है। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवा मुख्यधारा में शामिल हो गये हैं। जम्मू पहुंचे नड्डा ने कहा कि दो चरणों में मतदान शांतपूर्ण रहा। पिछले चुनावों के विपरीत इस बार कोई हिंसा, गोलीबारी या आतंकवादी हमला नहीं हुआ। नड्डा ने कहा कि कश्मीर के युवाओं ने आतंकवाद को खारिज कर दिया है। 370 के निरसन से पहले, हर साल 300–400 युवा आतंकी संगठनों में शामिल होते थे और आतंकवादी घोषित किए जाते थे।

### रेवाड़ी में चुनावी रैली के दौरान शाह ने राहुल गांधी से पूछा

# क्या एमएसपी का मतलब जानते हैं

रेवाड़ी, एजेंसी

किसानों के हितों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह एमएसपी का मतलब भी जानते हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 24 फसलें खरीद रही है।

अमित शाह ने रेवाड़ी में चुनावी रैली में भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधा। अमित शाह ने किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि कुछ एनजीओ ने राहुल बाबा से कहा है कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के नाम पर उन्हें वोट मिलेंगे। उन्होंने पूछा कि राहुल बाबा आप एमएसपी



- गृहमंत्री ने भ्रष्टाचार और आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा
- बोले- हरियाणा सरकार एमएसपी पर खरीद रही है 24 फसलें

का पूरा नाम जानते हैं? क्या आप ये भी जानते हैं कि कौन-सी रबी की फसल है और कौन-सी खरीफ की फसल है? शाह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार एमएसपी पर 24 फसलें खरीद रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के कांग्रेस नेता बताएं कि कौन सा कांग्रेस शासित राज्य इतनी फसलें खरीद रहा है। शाह ने पूछा कि कर्नाटक और तेलंगाना में एमएसपी पर कितनी फसलें खरीदी जा रही हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान धान की खरीद 1300 रुपये प्रति क्विंटल थी लेकिन अब 2300 रुपये प्रति क्विंटल पर है और अगर आप हरियाणा में भाजपा की सरकार चुनते हैं तो हम 3,100 रुपये (प्रति क्विंटल) पर धान खरीदेंगे। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह मोदी सरकार है जिसने वन रैंक वन पेंशन की लंबित मांग को पूरा किया है। भाजपा ने हरियाणा में एक समान विकास किया है और 10 साल में भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस की सरकारें कट, कमीशन और भ्रष्टाचार के आधार पर चलती थीं जबकि डीलर, दलाल और दामाद राज करते थे।

## एक नजर

### सिक्किम में भारी बारिश से भूस्खलन, पुल क्षतिग्रस्त

**गंगटोक।** सिक्किम में तीन दिन से जारी भारी बारिश से कई इलाकों में भूस्खलन हुआ है और राज्य के उत्तरी हिस्से का प्रवेशद्वार माने जाने वाले पुराने रंग–रंग पुल को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से मंगन जिला मुख्यालय राज्य के बाकी हिस्सों से कट गया है। संकलांग पुल के पिछले साल क्षतिग्रस्त होने से जोंगू से होकर जाने वाला वैकल्पिक मार्ग भी अवरुद्ध हो गया था। जिला प्रशासन सड़क संपर्क जल्द से जल्द बहाल करने के लिए काम कर रहा है और बारिश के कारण हुए नुकसान का आकलन कर रहा है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सिक्किम में अगले दो दिन के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करके भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### भागलपुर में एक और छोटा पुल ढहा

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को छोटे पुल का खंभा ढह गया। भागलपुर के जिलाधिकारी (डीएम) नवल किशोर चौधरी ने कहा कि पीरपैंती–बाबूपुर इलाके को बाखरपुर रोड से जोड़ने वाली सड़क पर छोटे पुल का खंभा शुक्रवार सुबह छह बजे थोड़ा नीचे गिर गया। पूरा पुल नहीं गिरा है... पुल पर यातायात बंद है और तकनीकी विशेषज्ञ मरम्मत में लगे हुए हैं। ऐसा संभवत: गंगा नदी से बाढ़ का पानी सड़क पर आ जाने से हुआ होगा । डीएम ने कहा कि घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।

## बदलापुर आरोपी के शव को दफनाने के लिए स्थान की पहचान करे पुलिस

मुंबई, एजेंसी

- पिता की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट का निर्जन स्थान की तलाश का निर्देश
- शिंदे के समुदाय में शवों को दफनाने की प्रथा नहीं की दलील को ठुकराया

बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पुलिस को बदलापुर मामले के आरोपी अक्षय शिंदे के शव को दफनाने को निर्जन स्थान की पहचान का निर्देश दिया। आरोपी पुलिस की जवाबी गोलीबारी में मारा गया था। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति एमएम सथाये की पीठ ने कहा कि स्थान की पहचान होने पर पुलिस शिंदे के परिजनों को सूचना देगी।

कोर्ट ने अभियोजन पक्ष की इस दलील को रद कर दिया कि शिंदे के समुदाय में शवों को दफनाने की कोई प्रथा नहीं है तथा इसे उनके माता-पिता की इच्छा बताया। शिंदे के पिता ने बेटे के शव को दफनाने के लिए जगह की व्यवस्था का अनुरोध करते हुए कोर्ट का रुख किया। सरकारी वकील हितेन वेनेगांवकर ने बताया कि बदलापुर और पड़ोसी इलाकों के सभी कब्रिस्तानों ने शिंदे के शव को दफनाने से इनकार कर दिया है और इसका विरोध किया है।

### शीना बोरा हत्याकांड

## इंद्राणी की विदेश यात्रा की अनुमति रद

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या की आरोपी पूर्व मीडिया एक्जीक्यूटिव इंद्राणी मुखर्जी को विदेश यात्रा की सीबीआई की विशेष अदालत की ओर से दी अनुमति शुक्रवार को रद कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति श्याम सी चांडक की एकल पीठ ने सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। सीबीआई ने इस आधार पर याचिका दायर की है कि इंद्राणी एक गंभीर अपराध के लिए मुकदमे का सामना कर रही हैं और उनके देश से भागने की संभावना है।

# प्रधानमंत्री के एकाधिकार मॉडल ने एमएसएमई को किया तबाह : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन लीं तथा सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) को तबाह कर दिया है। राहुल ने पिछले दिनों जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात की थी और आज इसका वीडियो एक्स पर साझा किया।

राहुल गांधी ने पोस्ट किया कि जम्मू - कश्मीर के एक युवा स्टार्टअप मालिक की आंखों में निराशा भारत के अधिकांश उद्यमियों और छोटे - व्यवसाय मालिकों के संघर्ष को दर्शाती है।



- लोस में नेता प्रतिपक्ष ने जम्मू- कश्मीर में स्टार्टअप उद्यमियों से मुलाकात का वीडियो एक्स पर किया साझा

मोदी के एकाधिकार मॉडल ने नौकरियां छीन ली हैं, एमएसएमई को तबाह कर दिया है और लोगों को अवसरों से वंचित कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि खराब जीएसटी और नोटबंदी जैसी नीतियों से छोटे और मध्यम उद्योगों पर व्यवस्थित हमले ने उत्पादक से उपभोक्ता अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। इस दर पर हम न तो चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं और न लोगों के लिए समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसलों के सारांश के साथ वेब पेज किया शुरू

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अपने महत्वपूर्ण निर्णयों का सारांश उपलब्ध कराने को नया वेब पेज शुरू किया है। इस संबंध में कहा गया कि वेब पेज लैंडमार्क जजमेंट समरीज नागरिकों के लिए सुविज्ञ सूचना देने, कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने और कानून के साथ सार्वजनिक जुड़ाव को बढ़ाने के अदालत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों को समझना आसान बनाता है।

इसमें कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के फैसले देश भर में सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करते हैं। इसलिए न्यायालय अपने निर्णयों को सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनाने के महत्व को पहचानता है। हालांकि, जटिल कानूनी भाषा और लंबे फैसले नागरिकों को न्यायालय के काम और निर्णयों को समझने में बाधा बन सकते हैं, और यहां तक कि महत्वपूर्ण निर्णयों के बारे में गलत धारणाएं भी पैदा हो सकती हैं। वेब पेज पर सार्वजनिक हित के महत्वपूर्ण फैसलों की वर्ष-वार सूची शामिल है।

## बिहार में स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के पास स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर अज्ञात बदमाशों ने पथराव किया, जिससे पेंट्री कार सहित तीन कोच की खिड़कियों के शीशे टूट गए। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सरस्वती चंद्रा ने बताया कि बीती रात नौ बजकर 50 मिनट पर जब स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर से नई दिल्ली-ट्रेन संख्या 12561) समस्तीपुर रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास पहुंची तभी कुछ बदमाशों ने ट्रेन पर पथराव किया।

# आतिशी, केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को शीर्ष सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

### मानहानि मामला

सुप्रीम कोर्ट मानहानि के मामले में हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आप नेता अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। दोनों नेताओं ने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मतदाता सूची से कुछ समुदायों के 30 लाख मतदाताओं के नाम कथित तौर पर हटाने के बारे में उनकी टिप्पणियों पर मानहानि का मामला रद करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस. वीएन भट्टी की पीठ ने शुक्रवार को भाजपा नेता राजीव बब्बर की ओर से पेश अधिवक्ता सोनिया माथुर की दलीलों पर गौर किया कि रिपोर्ट में उनके कैविएट का उल्लेख नहीं किया है और वे जवाब दाखिल नहीं कर सकीं, क्योंकि याचिका गुरुवार देर शाम सौंपी गई। पीठ ने सुनवाई के लिए सोमवार का दिन तय किया।

## एमसीडी की रिक्त सीट भाजपा ने जीती

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली नगर निगम की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर शुक्रवार को निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। भाजपा उम्मीदवार सुंदर सिंह को पार्टी के सभी 115 पार्षदों के वोट मिले, जबकि आप की निर्मला कुमारी को कोई वोट नहीं मिला। स्थायी समिति दिल्ली नगर निगम के संबंध में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है। इस चुनाव परिणाम के साथ भाजपा के पास अब समिति में 10 सदस्य हैं।

# भारत माता की जय का नारा नफरती नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच शत्रुता को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधानों का दुरुपयोग करने की निंदा करते हुए ''भारत माता की जय'' नारा लगाने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को भी रद कर दिया है।

कर्नाटक के उल्लाल तालुक के निवासियों पर भारत माता की जय के नारे लगाने के आरोप में भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए के तहत

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने कहा- यह राष्ट्रीय एकता को देता है बढ़ावा



मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने इस नारे को घृणा भाषण या धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त नहीं माना। यह फैसला धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले भाषण की परिभाषा को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने अपने फैसले में कहा कि यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए का अभूतपूर्व दुरुपयोग है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि धारा 153ए के तहत आरोप साबित करने के लिए आवश्यक कोई भी तत्व इस मामले में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह मामला धारा 153ए का क्लासिक दुरुपयोग है और यह केवल एक प्रतिकार के रूप में दर्ज किया गया था। भारत माता की जय का नारा लगाना किसी भी तरह से धार्मिक वैमनस्य को बढ़ावा नहीं देता है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है।

## खेल डायरी

### चोटिल जॉश हल पाकिस्तान दौरे से हुए बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जॉश हल क्वाड चोट के कारण अक्टूबर में वाले पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए हैं। 20 वर्षीय हल ने इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने ओवल में तीसरे टेस्ट में तीन विकेट लिए थे। इसी टेस्ट मैच के दौरान उन्हें चोट लगी थी। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया के साथ इंग्लैंड की सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओ ने हल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में नहीं जोड़ा है। पाकिस्तान दौरे के लिए क्रिस वोक्स, मैथ्यू पॉट्स, ओली स्टोन, गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स पाकिस्तान दौरे के लिए इंग्लैंड की 16 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार हैमस्ट्रिंग चोट के कारण कप्तान बेन स्टोक्स के सा अक्टूबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी करने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट शृंखला सात अक्टूबर से मुल्तान में शुरू होगी और 15 अक्टूबर को दूसरे टेस्ट भी उसी मैदान पर खेला जायेगा। जबकि तीसरा टेस्ट 24 अक्टूबर को रावलपिंडी में होगा।

### त्रिसा-गायत्री की जोड़ी सेमीफाइनल में, श्रीकांत हारे

**मकाऊ।** भारत के किदांबी श्रीकांत शुक्रवार यहां मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए लेकिन त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची। मई में लगी चोट से वापसी कर रहे छठे वरीय श्रीकांत पुरुष एकल मुकाबले में हांगकांग के निग का लोंग एंगस के खिलाफ लय हासिल करने में संघर्ष करते दिखे और महज 31 मिनट में 16-21 12-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। त्रिसा और गायत्री की तीसरी वरीय जोड़ी ने महिला युगल क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे की छठी वरीय सु यिन हुई और लोन जिह युन की जोड़ी को 21-12 21-17 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में भारतीयों में अब बस त्रिसा और गायत्री की जोड़ी की ही चुनौती बची है। सेमीफाइनल में उनका सामना सिएह पेई शान और हुंग एन जु की चीनी ताइपे की जोड़ी से होगा। यह जोड़ी मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 में भी अंतिम चार में पहुंची थी।

### शुभंकर की स्पेन ओपन में निराशाजनक शुरुआत

**मैड्रिड।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां 2024 डीपी विश्व टूर पर स्पेन ओवन टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 74 के स्कोर से अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की। अपने खेल की शरुआत बैक नाइन से करते हुए शर्मा ने पहले दो होल में डबल बोगी और बोगी कर दिया। वह इसके बाद 15वें होल में भी बोगी कर बैठे। इससे उनका स्कोर चार ओवर हो गया। शुभंकर को अब कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

### प्राणवी और त्वेसा की फ्रांस में औसत शुरुआत

**ड्यूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने लैकोस्टे ओपन डी फ्रांस शुरुआती दौर में एक ओवर 72 के समान कार्ड के साथ औसत प्रदर्शन किए। बारिश के कारण ये दोनों भारतीय खिलाड़ी संयुक्त रूप से 35वें स्थान पर है। प्राणवी चार बर्डी के मुकाबले पांच बोगी कर बैठी जबकि ने त्वेसा ने चार बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाए। इंग्लैंड की बेल वार्डले, स्थानीय खिलाड़ी एम्मा ग्रेची और फॉर्म में चल रही कर्स्टन रुडगेली तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर है।

### युवराज संधू ताइपे में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**ताइपे।** भारत के युवराज संधू ताइवान में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार आगाज किया। उन्होंने आखिरी सात होल में पांच बर्डी और एक बोगी लगाकर 65 का कार्ड खेला। वह तालिका में शीर्ष पर काबिज थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई (आठ अंडर 64) से एक शॉट पीछे है। चीनी-ताइपे के वांग वेई-ह्वान सात अंडर 65 का कार्ड खेल संधू के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। युवराज के अलावा टूर्नामेंट में भाग ले रहे अन्य खिलाड़ियों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। अजितेश संधू (67) और करणदीप कोचर (67) संयुक्त छठे स्थान पर हैं जबकि शिव कपूर (68) संयुक्त 14वें स्थान पर हैं। राशिद खान (70) संयुक्त 46वें, गगनजीत भुल्लर (71) संयुक्त 67वें कट में जगह बनाने की दौड़ में है। एसएसपी चौरसिया (75) संयुक्त 128वें, एस चिक्कारंगप्पा (76) संयुक्त 137वें और वरुण चोपड़ा (82) संयुक्त 150वें के लिए कट में प्रवेश करना मुश्किल होगा।

# बारिश बनी बाधा, धुला डेढ़ सत्र

## दूसरे टेस्ट के पहले दिन बांग्लादेश ने 166 मिनट में तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 107 रन

- शुरूआती दो विकेट की सफलता आकाशदीप ने दिलाई, अश्विन को मिला एक विकेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय टीम के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**स्कोर बोर्ड**

| बांग्लादेश (पहली पारी) | 107/3 35 ओवर | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| जाकिर का जायसवाल बो आकाश दीप | 0 | 24 | 0/0 |
| शदमन इस्लाम पगबाधा आकाश दीप | 24 | 36 | 4/0 |
| मोमिनुल हक नाबाद | 40 | 81 | 7/0 |
| नजमुल हसन शंटो पगबाधा अश्विन | 31 | 57 | 6/0 |
| मुशफिकुर रहीम नाबाद | 6 | 13 | 1/0 |

अतिरिक्त : 6, विकेट पतन : 1-26, 2-29, 3-80

गेंदबाजी : बुमराह 9-4-19-0, सिराज 7-0-27-0, अश्विन 9-0-22-1, आकाश दीप 10-4-34-2

**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में पहले दिन शुक्रवार को बारिश बड़ी बाधा बनी रही। पहले दिन का डेढ़ सत्र का खेल बारिश में धुल गया। सुबह पहले सत्र में तो बारिश नहीं हुई, लेकिन सत्र समाप्त होते ही बारिश शुरु हो गई।

भारत को दोनों सफलता आकाशदीप ने दिलाई। भोजन के बाद के दूसरे सत्र में बांग्लादेश ने अपना तीसरा विकेट खोया। इस सत्र में अभी कुल 9 ओवर का ही खेल हो सका था कि तेज बारिश फिर बाधा बनी। तेज बारिश देखकर अंपायर्स ने खेल खत्म करने की घोषणा कर दी। पहले दिन 166 मिनट का ही खेल हो सका। बांग्लादेश ने पहली पारी में 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बनाए।

पहले दिन का मैच बारिश के कारण डेढ़ घंटे देरी से शुरु हुआ। टॉस जीतकर टीम इंडिया ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जसप्रीत बुमराह व मो. सिराज की गेंदों का सामना करने में बांग्लादेश की ओपनर जोड़ी जाकिर व शादमान परेशान नजर आए। इसके बाद एक छोर पर अश्विन और दूसरे छोर पर आकाशदीप को लाते ही सफलता मिली। पारी के नौवें ओवर में आकाश दीप ने अपने पहले ओवर की तीसरी ही गेंद पर जाकिर हसन को (0) पर चलता किया। इसके बाद 29 रन के स्कोर पर आकाशदीप ने शादमान को बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद मोमिन उल हक के साथ कप्तान नाजमुल शांतो सधे अंदाज में रन जुटाते रहे और खेल को पहले सत्र के अंत तक ले गए। पहले सत्र में कुल 26 ओवर डाले गए। बांग्लादेश ने लंच तक 2 विकेट खोकर 74 रन बना लिए थे। तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई। लंच के बाद 29वें ओवर में अश्विन ने मेहमान कप्तान नाजमुल शांतों को 31 रन पर एलबीडब्ल्यू करके तीसरी सफलता दिलाई।



ग्रीनपार्क स्टेडियम में दूसरे सत्र के दौरान हुई बारिश के बाद मैदान को किया कवर। ● एजेंसी

## नतीजा निर्भर होगा अश्विन और जडेजा से कैसे निपटते हैं हमारे बल्लेबाज : मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लगता है कि आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि मेजबान टीम के बल्लेबाज भारत की शीर्ष स्पिन जोड़ी रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा से किस तरह निपटते हैं।



- ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन बोले- लगातार तीसरी श्रृंखला जीतना चाहेगी भारतीय टीम

भारत ने 2018-19 और 2020-21 के दौरे पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और अब टीम की निगाहें लगातार तीसरी श्रृंखला कब्जाने पर लगी हैं। बल्कि भारत एशिया का एकमात्र देश है जिसने टेस्ट श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त दी है। मैक्सवेल ने कहा कि अकसर अश्विन और जडेजा की जोड़ी खेल का नतीजा तय करती है। मैक्सवेल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा मेरा मानना है कि लंबे समय तक अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाजों के खिलाफ खेलने के बाद ऐसा लगता है कि हमने लगातार इन दोनों का सामना किया है और अकसर उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का नतीजा तय करता है। मैक्सवेल हालांकि अब ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट की योजना का हिस्सा नहीं हैं और 2017 में अपना अंतिम टेस्ट खेलने के बाद उन्होंने कहा कि उनके देश के बल्लेबाजों को भारत के सीनियर स्पिनरों के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करनी होगी। अश्विन और जडेजा ने मिलकर 330 पारियों में 821 विकेट झटके हैं जिसमें से 50 दफा वे पांच विकेट झटक चुके हैं।

## मेदवेदेव ने बीजिंग में मोनफिल्स को हराया, अल्काराज एकतरफा जीते

बीजिंग, एजेंसी

डेनियल मेदवेदेव चीन ओपन के शुरुआती दौर में शुक्रवार को यहां फ्रांस के अनुभवी गेल मोनफिल्स की मुश्किल चुनौती से पार पाने में सफल रहे। रूस के इस तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 92 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं, कार्लोस अल्काराज ने पहले दौर में जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड के खिलाफ सीधे सेट में 6-4, 6-4 से एकतरफा जीत हासिल की।

लकी लूजर के तौर पर मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले रोमन सफीउलिन ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम विजेता स्टेन वावरिंका को हराकर बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने 6-3 6-4 से जीत दर्ज की। वह अगले दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से भिड़ेंगे। महिला वर्ग में छठी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को चीन की वाइल्ड कार्ड धारक झांग शुआई ने 75 मिनट में 6-4, 6-2 से हराया। हुबर्ट हुर्काज तोक्यो में दूसरे दौर में अमेरिकी ओपन सेमीफाइनलिस्ट जैक ड्रेपर से हार गए। टेलर फ्रिट्ज और कैस्पर रूड पहले ही बाहर हो गए है। बेन शेल्टन भी मारियानो नवोन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।



## श्रीलंका ने बनाया 602 का बड़ा स्कोर

गाले, एजेंसी

- कामिंडू मेंडिस ने खेली नाबाद 182 रनों की पारी चांदीमल और कुसल ने भी जड़े शतक



शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन करते कुसल ● एजेंसी

कामिंडू मेंडिस (नाबाद 182), दिनेश चांदीमल (116), कुसल मेंडिस (नाबाद 106) की शतकीय पारियों के दम पर श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच विकेट पर 602 रन बनाने के बाद पारी घोषित करने के बाद न्यूजीलैंड के 22 रन पर दो विकेट चटकाते हुए मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

श्रीलंका ने कल के तीन विकेट पर 306 रन से आगे खेलते हुए अभी 22 रन ही जोड़े थे कि ग्लेन फिलिप्स ने एंजलो मैथ्यूज (88)को आउट कर पवेलियन भेज दिया। श्रीलंका का पांचवां विकेट 402 रन पर धनंजय डीसिल्वा (44) के रूप में गिरा। कप्तान धनजय डी सिल्वा के आउट होने के बाद मैदान पर आए कुसल ने 148 गेंद का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया। कुसल ने टेस्ट करियर का 10वां शतक जड़ा। शतक पूरा करने के लिए मेंडिस ने छह चौके और तीन छक्के लगाए। कुसल ने कामिंदु मेंडिस के साथ छठे विकेट के लिए 200 रन की साझेदारी की। कामिंडू मेंडिस ने 250 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 182) रनों की पारी खेली। श्रीलंका ने दूसरे दिन 602 रन पर पारी घोषित की। कामिंदु मेंडिस (नाबाद 182) और कुसल मेंडिस (106) रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स ने तीन विकेट लिये। वहीं टीम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में टॉम लेथम (2) का विकेट गवां दिया।

## ड्वेन ब्रावो ने सभी प्रारूपों से संन्यास लिया, मेंटोर बनकर केकेआर से जुड़े

नई दिल्ली, एजेंसी



- वेस्टइंडीज के हरफनमौला ने छोड़ दिया चेन्नई का साथ

वेस्टइंडीज के दिग्गज हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से मेंटोर (मार्गदर्शक) के तौर पर जुड़ेंगे जिससे चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ उनका लंबे समय तक चला जुड़ाव खत्म हो गया।

विश्व कप विजेता 40 साल के ब्रावो केकेआर में गौतम गंभीर की जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरुआत में भारत के मुख्य कोच का पद संभालने के लिए यह भूमिका छोड़ दी थी। ब्रावो को चोट के कारण कैरेबियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बीच में ही हटना पड़ा था। उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर लिखा आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है। एक पेशेवर क्रिकेटर के रूप में 21 साल यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपना सपना इसलिए जी सका क्योंकि मैंने इस खेल को हर कदम पर शत प्रतिशत दिया। उन्होंने कहा मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहूंगा, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है।

## चोट ठीक है, अगला बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप

सोनीपत, एजेंसी



भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने आगामी सत्र के लिए शत प्रतिशत फिट होने का वादा करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 तोक्यो विश्व चैम्पियनशिप में पोडियम पर जगह हासिल करना है। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता नीरज ब्रुसेल्स में डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। वह मौजूदा सत्र को समाप्त कर स्वदेश वापस आ गये हैं।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक अपने नाम किया। वह लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले भारत के पहले ट्रैक एवं फील्ड एथलीट हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय की मिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन के मौके पर कहा मेरा सत्र अब खत्म हो गया है। अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप है और हम इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर देंगे। ओलंपिक हमेशा हमारे दिमाग में रहता है, उसके लिए हमारे पास चार साल हैं। विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक आयोजित होने वाली है। चोपड़ा पूरे साल मांसपेशियों की चोट से जूझते रहे और इससे ओलंपिक और डायमंड फाइनल दोनों में उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। डायमंड लीग फाइनल में उन्होंने टूटे हुए बाएं हाथ के साथ भी प्रतिस्पर्धा की थी।

### यह साल चोटों से भरा रहा है, नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा

सत्र के अंत में डॉक्टरों से सलाह लेने की बात कही थी ताकि यह तय किया जा सके कि चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी या नहीं। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर चोट की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए कहा कि अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है लेकिन अब चोट अब ठीक है। मैं नए सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा। तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं लेकिन जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है। भारतीय खिलाड़ियों के ओलंपिक में छह पदक जीते लेकिन इसमें कोई स्वर्ण पदक नहीं था। इसके बारे में पूछे जाने पर चोपड़ा ने कहा हमारे कई खिलाड़ी चौथे स्थान पर थे, लेकिन इस बार हमने पैरालंपिक में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और कई पदक जीते। आने वाले समय में हमें ओलंपिक और पैरालंपिक दोनों में मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है।

# बॉलीवुड हलचल



## फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आएगी। वेट्टैयन द हंटर का हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में अमिताभ बच्चन और रजनीकांत टॉप लेवल के एक अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। रजनीकांत जहां एनकाउंटर स्पेशलिस्ट हैं। वहीं अमिताभ भी अहम भूमिका में नजर आ रहे हैं। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है। वेट्टैयन 10 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## पुष्पा 2: द रूल के सेट पर पहुंचे एसएस राजामौली

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली पुष्पा 2 द रूल के सेट पर पहुंचे और निर्देशक सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाईं। इस साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 द रूल के धमाकेदार टीजर और गानों के रिलीज के साथ, यह फिल्म वास्तव में सबसे बड़ा फिनोमेना बन चुकी है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सबके बीच, निर्देशक एसएस राजामौली ने पुष्पा 2 द रूल के सेट पर दौरा किया और सुकुमार के साथ तस्वीर खिंचवाई। इन दोनों निर्देशकों के बीच इस आइकोनिक मुलाकात का पल कैद करते हुए, टीम ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की और लिखा सेट्स से एक आइकोनिक तस्वीर #पुष्पा, भारतीय सिनेमा का गर्व <bha>@</bha>एसएस राजामौली ने सबसे बड़े मास फिल्म- #पुष्पा2 द रूल के सेट पर दौरा किया। पुष्पा 2 द रूल का प्रदर्शन 6 दिसंबर 2024 को विश्वभर के सिनेमाघरों में होने वाला है। इस फिल्म को सुकुमार ने निर्देशित किया है और इसे माइट्री मूवी मेकर्स द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फ़हद फासिल शामिल हैं। संगीत टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

## एक्टर नहीं बनना चाहती हैं नव्या नवेली नंदा

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नातिन और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। नव्या नवेली नंदा शोबिज़ का हिस्सा नहीं हैं। इसके बावजूद, नव्या का बहुत बड़ा फैनबेस है। उनका पॉडकास्ट, व्हाट द हेल नव्या? अपने दो सफल सीज़न के साथ हिट रहा है। नव्या अपने पिता निखिल नंदा के नक्शेकदम पर चल रही हैं और अपने फैमिली बिजनेस में शामिल हो गई हैं। नव्या नवेली नंदा हाल ही में इंडिया टुडे मुंबई कॉन्क्लेव 2024 में शामिल हुई थीं। इस दौरान उन्होंने बताया है कि वह एक्टर नहीं बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से उनकी पसंद का है। चाहे मैं किसी भी बैकग्राउंड से आती हूं, मैं हमेशा से यही करना चाहती थी। मैं उन सभी अवसरों के लिए आभारी हूं जो आज मेरी रियलिटी हैं। भारत में कई लोगों के लिए ये रियलिटी नहीं है. मैं कभी भी एक्टिंग नहीं करना चाहती थी। नव्या नवेली नंदा ने ये भी बताया कि आईआईएम अहमदाबाद में दाखिला लेने के बाद उन्होंने ट्रोलिंग से कैसे डील किया था।

## अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगा भारत

**थिम्पू।** आत्मविश्वास से भरी भारत की अंडर-17 फुटबॉल टीम शनिवार को यहां सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में नेपाल से भिड़ेगी। भारतीय टीम को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में अपनी शानदार फॉर्म बरकरार रखने की उम्मीद है जिसने बांग्लादेश को 1-0 और मालदीव को 3-0 से शिकस्त दी तथा ग्रुप ए तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।

नेपाल ने भूटान के खिलाफ अपने अंतिम मैच में आखिर में किए गोल की बदौलत जीत हासिल कर ग्रुप बी तालिका में पाकिस्तान के बाद दूसरा स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं पाकिस्तान का सामना शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश से होगा। भारत को अपने मुकाबलों के बीच काफी आराम मिला जिसमें सेमीफाइनल की तैयारी के लिए उन्हें पूरे तीन दिन मिले।

## डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में भारत ने छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते

नई दिल्ली, एजेंसी

- लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान किए हासिल

भारत ने युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के बूते सऊदी अरब के दम्मम में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर प्रतियोगिता में छह स्वर्ण सहित 27 पदक जीते। लड़कियों ने अंडर-19 और अंडर-15 वर्गों में सभी पोडियम स्थान हासिल किये। इससे भारत ने सात रजत और 14 कांस्य पदक भी अपने नाम किए।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा कि प्रतियोगिता में टेबल टेनिस की दिग्गज टीमों के प्रमुख खिलाड़ी शामिल नहीं थे लेकिन देश के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। लड़कियों के अंडर-19 वर्ग में भारत की सुहाना सैनी, तनीषा कोत्चा, सयाली वानी और प्रीथा वर्तिका ने क्लीन स्वीप किया। लड़कों की अंडर-19 स्पर्धा में अंकुर भट्टाचार्जी ने रजत जीता जबकि पीबी अभिनंद और जोश मोदी ने कांस्य पदक अपनी झोली में डाले। वहीं लड़कों की अंडर-17 श्रेणी में प्रियानुज भट्टाचार्य को चीनी ताइपे के लियू शिह-मिंग से करीबी अंतर से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि अभिनंद ने एक और कांस्य पदक हासिल किया। एम हंसिनी ने सिंड्रेला दास को हराकर लड़कियों का अंडर-17 फाइनल जीता तो दिव्यांशी बोमिक और जेनिफर वर्गीज ने क्रमशः कांस्य पदक जीते। लड़कों की अंडर-15 श्रेणी में भारत के सार्थक आर्य ने कांस्य पदक हासिल किया और वहीं लड़कियों की इसी श्रेणी में काव्या भट्ट, हंसिनी, सिंड्रेला और दिव्यांशी ने क्लीन स्वीप किया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## रोमांचकारी लहरें



समुद्री हलचल के बीच ऊंची लहरे अकसर रोमांचित करती हैं। इंग्लैंड के काउंटी डरहम के सीहैम हार्बर में शुक्रवार को लाइटहाउस से लहरें टकराईं जिन्हें कैमरे में कैद किया गया। एजेंसी

## अमेरिका में भारतीय मूल के न्यायाधीश के खिलाफ मामला दर्ज

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में अपने चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के उद्देश्य से खुद के बारे में गलत जानकारी देने के लिए फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायाधीश केपी जॉर्ज को गुरुवार शाम को जेल भेज दिया गया। फोर्ट बेंड काउंटी के न्यायिक रिकॉर्ड के अनुसार, न्यायाधीश के तौर पर अपने चुनाव के दौरान मतदाताओं को रिझाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर फैलाई गई गलत जानकारी से जुड़े कदाचार के लिए शाम 7:17 बजे जॉर्ज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एक बयान में कहा गया है कि उन्हें निजी मुचलके पर जेल से रिहा किया गया, साल 2022 में अपने चुनाव अभियान के दौरान, जॉर्ज ने दावा किया था कि वह नस्लवादी और जेनोफोबिक हमलों के शिकार हुए थे।

# मेरा भारत को बाहर करने का एजेंडा कभी नहीं रहा

## मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू ने कहा- राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति थी गंभीर समस्या

**माले, एजेंसी**

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत को बाहर करने (इंडिया आउट) के किसी भी एजेंडे से इनकार करते हुए कहा कि उनके राष्ट्र में विदेशी सेना की उपस्थिति द्वीपीय देश के लिए एक गंभीर समस्या थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने गुरुवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम डीन्स लीडरशिप सीरीज में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

मालदीव के समाचार पोर्टल अधाधू डॉट कॉम ने उनके हवाले से कहा हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे।



यह भारत को बाहर करना (इंडिया आउट) नहीं है। मालदीव के लोगों को अपने देश में विदेशी सेना की उपस्थिति से एक गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। मुइज्जू ने कहा, मालदीव के लोग नहीं चाहते कि एक भी विदेशी सैनिक देश में रहे।

### पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे दोनों देशों के संबंध

भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पदभार संभाला था। मुइज्जू ने भारत से कहा था कि वह देश द्वारा उपहार में दिए गए तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन कर रहे लगभग 90 भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस बुला ले। भारत ने 10 मई तक अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुला लिया और उनकी जगह डोर्नियर विमान और दो हेलीकॉप्टरों के संचालन के लिए असैन्य कर्मियों को तैनात कर दिया।

### नेता हो या आम व्यक्ति किसी का भी अपमान बर्दाश्त नहीं

मालदीव के राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान करने के लिए मालदीव के उपमंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। माइज्जू ने कहा कि मैंने स्पष्ट संदेश दिया था कि वह किसी का भी इस तरह अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे वह नेता हो या कोई आम व्यक्ति। हर इंसान की अपनी प्रतिष्ठा होती है। इस साल की शुरुआत में मालदीव के युवा मंत्रालय के उप मंत्रियों को सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट करने की वजह से निलंबित कर दिया गया था।

## एक नजर

### प्रख्यात लेखक व कवि केकी एन दारूवाला का निधन

**नई दिल्ली।** अंग्रेजी के मशहूर कवि और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी केकी एन दारूवाला का लंबी बीमारी और निमोनिया के बाद 87 वर्ष की आयु में दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनकी बेटी अनाहिता कपाड़िया ने बताया कि उन्हें एक साल पहले स्ट्रोक हुआ था और तब से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। स्ट्रोक से जुड़ी समस्याएं थीं, लेकिन इस बार स्ट्रोक नहीं पड़ा था, बल्कि निमोनिया से उनकी मृत्यु हुई। लघु कथाओं के लिए भी प्रसिद्ध दारूवाला के परिवार में दो बेटियां अनाहिता और रूकवेन, दामाद और चार नाती-नातिन हैं। अंतिम संस्कार शुक्रवार को शाम 4:30 बजे खान मार्केट के निकट पारसी आरामगाह में किया जाएगा।

### हैरी पॉटर में काम कर चुकीं अभिनेत्री मैगी का निधन

**लंदन।** हैरी पॉटर और डाउनटन एबे में अपने किरदार से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री मैगी स्मिथ का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मैगी स्मिथ ने 1969 में 'द प्राइम ऑफ मिस जीन ब्रॉडी' के लिए ऑस्कर जीता और 'डाउनटन एबे' में विधवा 'काउंटेस ऑफ ग्रांथम' के रूप में 21वीं सदी में एक बार फिर प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई। उन्हें अक्सर उस पीढ़ी की सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश अभिनेत्री माना जाता था, जिसमें वैनेसा रेडग्रेव और जूडी डेन्च भी शामिल थीं। 'जीन ब्रॉडी' के लिए उन्हें 1969 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अकादमी अवॉर्ड और ब्रिटिश अकादमी (बाफ्टा) पुरस्कार भी मिला।

### यूक्रेन को आठ अरब डॉलर की सैन्य सहायता की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने गुरुवार को यूक्रेन के लिए लंबी दूरी के हथियारों और एक अतिरिक्त पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली सहित लगभग आठ अरब डॉलर मूल्य की सैन्य सहायता की घोषणा की। व्हाइट हाउस से जारी बयान में यह जानकारी दी गयी।

### चीन की परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी डूबी

**वॉशिंगटन।** उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से पता चला है कि परमाणु ऊर्जा से संचालित चीन की निर्माणाधीन हमलावर पनडुब्बी घाट के पास डूब गई। अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी।


# जयशंकर ने प. एशिया, यूक्रेन का उठाया मुद्दा

## विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस, महासभा अध्यक्ष यांग से की मुलाकात

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से अलग-अलग मुलाकात की तथा विविधता में एकता, शांति एवं मानव कल्याण के यांग के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्ष जैसे वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं और उन्होंने गुरुवार को महासभा के सत्र से इतर गुतारेस और यांग से मुलाकात की।

जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ बात करना हमेशा खुशी की बात होती है। विश्व के नेताओं ने रविवार को सर्वसम्मति से भविष्य का समझौता को अंगीकार किया, जिसमें 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार करने का वादा किया गया तथा इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक एवं जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया। वे सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाने के लिए इसे ''विस्तारित'' करने पर भी सहमत हुए। जयशंकर ने एक अलग पोस्ट में कहा आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के नए अध्यक्ष फिलेमोन यांग से मिलकर खुशी हुई। विविधता में एकता, शांति, मानव कल्याण और हर जगह सभी के लिए गरिमा के उनके दृष्टिकोण को भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।



विदेश मंत्री एस जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग के साथ।

### संयुक्त राष्ट्र में नेतन्याहू ने कहा- उन्हें अन्य नेताओं के झूठ का खंडन करने के लिए यहां आना पड़ा

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि इस सप्ताह की शुरूआत में इसी मंच से किये गए झूठे दावों का खंडन करने के लिए वह यहां आए हैं। नेतन्याहू ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल की धरती पर हुए हमास के हमले के प्रति अपने देश की जवाबी कार्रवाई का बचाव किया। हमास के हमले की प्रतिक्रिया में चलाये गए इजराइली सैन्य अभियान ने गाजा पट्टी को तहस-नहस कर दिया। इस साल मैं यहां नहीं आना चाहता था। मेरा देश अपना अस्तित्व बचाने के लिए युद्ध लड़ रहा है। लेकिन जब मैंने, कई वक्ताओं द्वारा इस मंच से मेरे देश पर लगाए गए झूठे आरोप और (उसकी) बदनामी को सुना, तो मैंने यहां आना पड़ा।

### पाकिस्तान ने यूएनजीए में फिर उठाया कश्मीर का मुद्दा

**संयुक्त राष्ट्र।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया और कहा कि भारत को अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने के फैसले को वापस लेना चाहिए और मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए उसके (पाकिस्तान) साथ बातचीत करनी चाहिए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में 20 मिनट से अधिक के अपने संबोधन में जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाया साथ ही अनुच्छेद 370 और आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के आतंकवादी बुरहान वानी का संदर्भ दिया। शरीफ ने अपने संबोधन में कश्मीर के बारे में विस्तार से बात करते हुए कहा कि फिलिस्तीन के लोगों की ही तरह जम्मू कश्मीर के लोगों ने भी अपनी आजादी और आत्मनिर्णय के अधिकार के लिए एक सदी तक संघर्ष किया है। शरीफ ने आरोप लगाया कि शांति की दिशा में आगे बढ़ने के बजाय भारत जम्मू-कश्मीर पर सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने की अपनी प्रतिबद्धताओं से पीछे हट गया है। उन्होंने कहा इन प्रस्तावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों को आत्मनिर्णय के अपने मौलिक अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम बनाने के लिए जनमत संग्रह कराने की बात कहीं गई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि इस्लामोफोबिया का बढ़ना ऐसा वैश्विक घटनाक्रम है जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा भारत में हिंदू श्रेष्ठतावादी एजेंडा इस्लामोफोबिया की सबसे चिंताजनक अभिव्यक्ति है। उम्मीद की जा रही है कि भारत उत्तर देने के अपने अधिकार के तहत पाकिस्तान के आरोपों का करारा जवाब देगा।

### तुर्किये ने नहीं किया कश्मीर का जिक्र

**न्यूयॉर्क।** तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने साल 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद से पहली बार इस साल संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में अपने संबोधन में कश्मीर का जिक्र नहीं किया। इस साल मंगलवार को दिये गए लगभग 35 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने गाजा की मानवीय संकट पर ध्यान केंद्रित किया, जहां हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों में 40 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संविधान के तहत जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष दर्जा 2019 में वापस लिए जाने के बाद एर्दोआन ने हर साल यहां यूएनजीए सत्र में दुनियाभर के नेताओं के सामने कश्मीर का उल्लेख किया था।

# सुरक्षा बलों ने हिजबुल्ला के कई लड़ाके किए ढेर

**यरुशलम, एजेंसी**

- मारे गए आतंकियों में कबीसी के उप अब्बास इब्राहिम शराफ एड-दीन भी

इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बेरूत पर हमले के बाद हिजबुल्ला आंदोलन के मिसाइल और रॉकेट बल के उप प्रमुख सहित कुछ शीर्ष लड़ाकों को मार गिराया है। आईडीएफ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा मारे गए आतंकवादियों में कबीसी के उप अब्बास इब्राहिम शराफ एड-दीन शामिल हैं, साथ ही हिजबुल्ला की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल इकाई के एक शीर्ष ऑपरेटिव फुआद शफीक खजल खानफर को भी हमले में मार गिराया गया।

गौरतलब है कि अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजराइल के सैन्य अभियान की शुरुआत के बाद इजराइल-लेबनानी सीमा पर स्थिति और खराब हो गई। सीमा से लगे इलाकों में इजराइली सेना और हिजबुल्ला के लड़ाके लगभग रोजाना गोलीबारी करते हैं। इजराइल ने सोमवार को दक्षिणी और पूर्वी लेबनान पर बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए। आईडीएफ के जनरल स्टाफ के प्रमुख हर्जी हलेवी ने लेबनान में आक्रामक अभियान को नॉर्दर्न एरोज करार दिया। लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बमबारी से मरने वालों की संख्या 1,500 से अधिक हो गई है। हिजबुल्ला ने बदले में उत्तरी इजराइल की ओर 12 से अधिक रॉकेट दागे।

### लेबनान में सात दिन में 700 की गई जान

**यरूशलम।** लेबनान में इस सप्ताह इजराइल के हमलों में करीब 700 लोग मारे गये हैं। इजराइल ने लेबनान पर यह कहते हुए हमले तेज कर दिये हैं कि वह हिजबुल्ला की सैन्य क्षमताओं और उसके वरिष्ठ कमांडरों को निशाना बना रहा है। शीर्ष इजराइली अधिकारियों ने धमकी दी है कि यदि हिजबुल्ला की ओर से गोलीबारी जारी रही, तो वह लेबनान में भी गाजा जैसे विध्वंस को दोहराएगा।

### हजारों लोगों ने सीरिया लेबनान सीमा पार की

**दमिश्क।** लेबनान में इजराइल हमले से बचने के लिए मंगलवार से गुरुवार दोपहर के बीच लगभग 42 हजार लोग सीरिया में प्रवेश कर चुके हैं। सीरिया के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जदीदत याबूस सीमा को पार कर आने वालों में 31 हजार सीरियाई और 11 हजार लेबनानी नागरिक शामिल हैं।

# कई राज्यों के सर्वेक्षणों में ट्रंप से आगे हैरिस

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किया गया नया सर्वेक्षण

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस एरिजोना, मिशिगन और पेंसिल्वेनिया जैसे कई राज्यों में अपने प्रतिद्वंदी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से आगे हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों में यह जानकारी दी गई।

यूमास लोवेल की सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन और यूगोव द्वारा जारी किए गए नये सर्वेक्षण के अनुसार, अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस मिशिगन में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से बढ़त बनाए हुए हैं। यूमास लोवेल पॉलिटिकल साइंस के 'असिस्टेंट प्रोफेसर और सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के एसोसिएट डायरेक्टर रोड्रिगो केस्ट्रो कॉर्नेजो ने कहा इस राज्य के सर्वेक्षण में उपराष्ट्रपति का बढ़त बनाना उनके लिए अच्छी खबर है। कॉर्नेजो ने कहा अगर ट्रंप इस अंतर को कम करना चाहते हैं तो उन्हें ग्रेट लेक्स स्टेट में मजबूती से लड़ना होगा। अमेरिका में एरिजोना, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, इलिनोइस, इंडियाना, मिनिसोटा, न्यूयॉर्क, ओहायो और विस्कॉन्सिन को ग्रेट लेक्स स्टेट कहते हैं।

### पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों समर्थन

यूमास लोवेल सेंटर फॉर पब्लिक ओपिनियन के सर्वेक्षण के अनुसार, पेंसिल्वेनिया में हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का जबकि ट्रंप को 46 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है। फॉक्स न्यूज के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस अपने प्रतिद्वंदी ट्रंप से मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, लेकिन एरिजोना में वह पीछे हैं। इसके अनुसार, जॉर्जिया में हैरिस को 51 प्रतिशत जबकि ट्रंप को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार, एरिजोना में ट्रंप हैरिस से लगभग इतने ही अंतर से आगे हैं। उन्हें 51 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है, जबकि हैरिस को 48 प्रतिशत लोगों का समर्थन प्राप्त है।

## इमरान बोले- सरकार और उसकी एजेंसियों से दूर रहें पीटीआई नेता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान ने पार्टी नेताओं को सरकार और सेना के साथ बातचीत के प्रयासों से बचने का निर्देश देते हुए कहा है कि इस तरह की किसी भी चर्चा से केवल उनके दुश्मन मजबूत होंगे। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। अदियला जेल में लगभग एक वर्ष से बंद खान ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बातचीत के दौरान कहा कि सरकार और सैन्य एजेंसियों के साथ बातचीत करने से कोई लाभ नहीं होगा।उन्होंने कहा जितना हम पीछे हटेंगे, उतना ही वे हमें कुचलेंगे।उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान की सरकारी संस्थाओं, सैन्य एजेंसियों और प्रशासनिक अधिकारियों की आधिकारिक नीति नहीं है।

# चर्च में यौन शोषण के मामलों को लेकर पोप की आलोचना

**ब्रसेल्स, एजेंसी**

- बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने पीड़ितों के हितों को संस्था के हितों से ऊपर रखने की मांग की

बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने कैथोलिक चर्च में यौन शोषण की घटनाओं को छिपाने की भयावह परिपाटी को लेकर पोप फ्रांसिस पर निशाना साधते हुए इस सिलसिले में ठोस कदम उठाने तथा पीड़िताओं के हितों को प्राथमिकता देने की मांग की है। प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने शुक्रवार को फ्रांसिस की यात्रा की शुरुआत के मौके पर यह बात कही।

क्रू का भाषण, पोप की किसी विदेश यात्रा के दौरान उनपर अब तक दिए गए सबसे तीखे भाषणों में से एक था, जबकि राजनयिक प्रोटोकॉल के अनुसार सार्वजनिक भाषणों से आक्रोश को आमतौर पर दूर रखा जाता है। राजा फिलिप ने भी फ्रांसिस के लिए कड़े शब्दों का इस्तमाल किया था और उन्होंने चर्च से प्रायश्चित करने और पीड़ितों को उबारने में मदद करने के लिए अनवरत काम करने की मांग की थी। फ्रांसिस ने क्रू के भाषण के अंत में तालियां बजाईं और शुक्रवार को ही पीड़ितों से उनके अकेले में मिलने की उम्मीद है।

### कहा- पीड़ितों की आवाज सुनने की जरूरत

क्रू ने राजपरिवार के सदस्यों, चर्च के पदाधिकारियों, राजनयिकों और राजनेताओं समेत अन्य श्रोताओं के समक्ष कहा पीड़ितों की आवाज सुनने की जरूरत है। दुराचार का पता लगाने की जरूरत है। जब कुछ गलत होता है तो हम उसे छिपाने की कोशिश नहीं कर सकते। चर्च का अपने अतीत से पाक-साफ होकर बाहर निकलना होगा।

## पूर्व रक्षा मंत्री इशिबा अगले सप्ताह बनेंगे जापान के प्रधानमंत्री

**तोक्यो।** जापान की सत्तारूढ़ पार्टी ने पूर्व रक्षा मंत्री शिगेरु इशिबा को शुक्रवार को अपना नेता चुन लिया जो प्रधानमंत्री के रूप में अगले सप्ताह कार्यभार संभालेंगे। सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में मतदान के जरिए इशिबा को तकनीकी रूप से पार्टी का नया नेता चुना गया। अगले सप्ताह संसद में प्रस्तावित मतदान में उनका प्रधानमंत्री के रूप में चुना जाना तय है क्योंकि पार्टी का सत्तारूढ़ गठबंधन दोनों सदनों में बहुमत में है। पार्टी के इस चुनाव में दो महिलाओं सहित नौ उम्मीदवार मैदान में थे। इशिबा को पार्टी के सांसदों और जमीनी स्तर के सदस्यों ने मतदान के जरिए चुना। वर्तमान प्रधानमंत्री किशिदा भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे हुए हैं और उनकी पार्टी अगले चुनाव से पहले जनता का विश्वास हासिल करना चाहती है।

# अमेरिका निष्पक्ष चुनाव कराने में बांग्लादेश का करेगा समर्थन

**ढाका, एजेंसी**

- अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा- अंतरिम प्रशासन के लिए अमेरिकी सहायता पर भी जोर दिया

अमेरिका ने बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराने की प्रक्रिया को पूरा समर्थन देने का बात कही है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के अनुसार, बांग्लादेश को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए अमेरिकी सहायता मिलेगी, जो देश के समावेशी, लोकतांत्रिक और सभी के लिए न्यायसंगत भविष्य का निर्धारण करेगा। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बताया कि उन्होंने बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन के लिए अमेरिकी समर्थन और सहायता पर भी जोर दिया क्योंकि इसने देश को आर्थिक स्थिरता की ओर अग्रसर किया और चल रहे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की गारंटी के लिए सुधारों के महत्व पर जोर दिया। द डेली स्टार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से निपटने, मीडिया की स्वतंत्रता को बनाए रखने, विश्व स्तर पर स्वीकृत श्रम अधिकारों का सम्मान करने और सभी बांग्लादेशियों के मानवाधिकारों की रक्षा करने के लिए मजबूत संस्थानों की स्थापना के महत्व पर गुरुवार को मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस और ब्लिंकन ने विचार-विमर्श किया।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन की चपेट में आने से 15 की मौत

**इंडोनेशिया।** सुमात्रा द्वीप में अनधिकृत रूप से सोने का खनन कर रहे लोगों के मूसलाधार बारिश के चलते हुए भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दर्जनों की संख्या में लोग लापता बताए जा रहे हैं। स्थानीय आपदा शमन एजेंसी कार्यालय के प्रमुख इरवान एफेंदोई ने कहा कि पश्चिम सुमात्रा प्रांत के सूदूर सोलोक जिले में स्वर्ण निकालने के लिए खुदाई कर रहे लोग भूस्खलन के कारण आस-पास के पहाड़ी इलाके से बहकर आए कीचड़ और अन्य तरह के मलबे में दब गए। कम से कम 25 लोग अब भी दबे हुए हैं और बचावकर्मियों ने तीन लोगों को जीवित बाहर निकाला है।


**खगोल विज्ञान** | जेम्स वेब स्पेस टेक्सकोप की बड़ी खोज

# ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास का रहस्य खोल सकती है आकाशगंगा

**संवाददाता, नैनीताल**

ब्रह्मांड के अभिन्न अंग आकाशगंगा है। इनके निर्माण को लेकर कई प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं। जिसे समझने के लिए अंतरिक्ष दूरबीन वेब ने एक ऐसी प्राचीन आकाशगंगा खोज निकाली है, जो आकाशगंगाओं की उत्पत्ति, विकास अथवा निर्माण में प्रकाश डाल सकती है। नई खोज के अनुसार खोजी गई आकाशगंगा बेहद अजीब है। जिसका नाम जीएसएनडीजी-9422 है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने इसकी धुंधली तस्वीर खोजी है।

यह तस्वीर खगोलविदों को प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगा के विकास को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकती है। यह ऐसी आकाशगंगा है, जिसकी गैस अपने तारों से भी अधिक चमकीली नजर आती है। इस आकाशगंगा को लेकर माना जा रहा है कि यह ब्रह्मांड के पहले तारों और आकाशगंगाओं के बीच विकास की एक खोई हुई कड़ी हो सकती है। रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी में 25 सितंबर को यह खोज प्रकाशित हुई है। आकाशगंगा जीएस-एनडीजी-9422 बिग बैंग के लगभग 1 अरब वर्ष अस्तित्व में आई। इस तरह की आकाशगंगा पहले कभी नही देखी गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह खोज यह नई तरह की घटना है। जिस कारण यह महत्वपूर्ण खोज मानी जा सकती है।ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। प्रारंभिक ब्रह्मांड की घटनाओं में इसके सबूत मिल सकते हैं। यह खोज ब्रह्मांडीय विस्तार का श्रृंखलाबद्ध विवरण प्रस्तुत कर सकती है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों प्रारंभिक ब्रह्मांड बहुत ही अलग वातावरण था। तुलनात्मक दृष्टि से वर्तमान स्थानीय ब्रह्मांड में विशाल तारों का तापमान 40,000 से 50,000 डिग्री सेल्सियस पाया जाता है, जबकि आकाशगंगा 9422 के तारों का तापमान 80,000 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। इससे पता चलता है कि ब्रह्मांड का तब का वातावरण आजकी तुलना में भिन्न हुआ करता था।



### आसान नही ब्रह्मांड का मायाजाल समझना

नैनीताल : अनंत में फैला ब्रह्मांड के मायाजाल को समझना आसान नही है। वैज्ञानिकों ने जितने शोध पृथ्वी को समझने के लिए नही किए हैं, उससे कई गुना अधिक ब्रह्मांड को समझने के लिए किए है। मगर इसकी बारीकियां आजभी नही समझ पाए हैं। बहरहाल अंतरिक्ष के रहस्यों का राज भविष्य में ही खुलेगा। वर्तमान तकनीक भी ब्रह्मांड को समझने के लिए नाकाफी हैं।